वर्ष-31, अंक- 261, पृष्ठ-12 | असाढ़ शुक्ल पक्ष 13, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
08 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 12

एक नजर

फल दुकानदार की बकुलिया नदी में डूबने से हुई मौत

चतरा। जिले के चौक स्थित फल के दुकानदार की बकुलिया नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। इस घटना से पत्थलगडा में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलने ही काफी संख्या में लोग प्रखंड कार्यालय के आगे दिवंगत के घर पहुंचे व शोक जताया। थाना प्रभारी राकेश कुमार शव को कब्जे को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रकाश अग्रवाल उर्फ बौल दा पिछले चार दशक से पत्थलगडा चौक में गुमटी लगाकर फल बेचते थे। सोमवार को वे दानापुर स्थित घर से पैदल चलकर चौक पहुंचे। बाजार के समीप बकुलिया नदी में स्नान कर रहे थे। इसी बीच पैर फिसलने से वे गहरे पानी में डूब गये। नदी में मछली पकड़ रहे लोगों को नजर पड़ी तो आसपास के लोगों को जानकारी दी। वे यहां रोज स्नान करने के बाद गांधी चौक में अपनी दूकान खोलते थे। आसपास के लोगों ने शव को घर भिजवाया। वे पत्थलगडा चौक के सबसे पुराने दूकानदारों में से एक थे। पिछले साल जवान बेटे की आकस्मिक मौत हो गई थी। वहीं दो-तीन वर्ष पूर्व पत्नी की मौत भी जलने से हो गई थी। उनकी दो बेटियां हैं। जिनका विवाह नहीं हुआ है। लोगों ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिजनों को आपदा मद से राहत देने की मांग की है।

पलामू, गढ़वा और लातेहार में बारिश से किसान बेहाल

- खेतों में भरा बारिश का पानी मौसमी फसल खराब
- मक्का-बाजरा की फसल खेतों में बिछी, पानी निकालने में जुटे किसान
- किसानों को बिचड़ा लगाने और जुताई करने में हो रही मुश्किल

चंद्रशेखर सिंह

मेदिनीनगर। झारखंड में भारी बारिश से 13 जिलों में लोग बेहाल हैं। पिछले 20 दिनों से इन जिलों में अच्छी तरह धूप नहीं निकली है। इससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पलामू, गढ़वा और लातेहार के किसान भारी बारिश के कारण मक्का-बाजरा समेत दलहन की खेती भी नहीं कर पा रहे हैं। पलामू में भारी बारिश के कारण कृषि कार्य, खासकर धान की रोपाई, बाधित हो रही है। खेतों में पानी जमा होने से किसानों को बिचड़ा लगाने और जुताई करने में मुश्किल हो रही है। कुछ मामलों में, सब्जियों की खेती भी नष्ट हो गई है।

लगातार बारिश के कारण खेतों में पानी जमा हो गया है, जिससे किसानों को धान के बिचड़े लगाने में देरी हो रही है। कुछ किसानों का कहना है कि उन्हें लेवा पद्धति (पानी भरे खेत में बीज डालना) का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे बीज खराब होने या सड़ने का खतरा बढ़ जाता है। सबसे खराब स्थिति मेदिनीनगर की है, जहां भारी बारिश से केई इलाकों में पानी जमा होने से यातायात सहित आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों के घर में पानी घुस गया है। इससे उनको रात काटना मुश्किल हो गया है। पलामू के नदी -नाले और डैम सहित सभी जल स्त्रोत लबालब हैं।

इधर, सोमवार को पलामू और आसपास के इलकों में सुबह से झमाझम बारिश हुई। बारिश से लोगों को रोजमर्रा के कामों में परेशानी हुई। बच्चों को भी स्कूल जाने में दिक्कत हुई। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश लातेहार जिले के चंदवा में 90.2, मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.2, जमशेदपुर में 30, डालटेनगंज में 31.8, बोकारो में 31.1 और चाईबासा में तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इन जिलों में भारी बारिश से जन जीवन प्रभावित

राज्य के जिन 14 जिलों में भारी बारिश से जन- जीवन प्रभावित हुआ है उनमें रांची में सबसे अधिक 253.2 के मुकाबले 648.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। वहीं अन्य 12 जिलों में पूर्वी सिंहभूम 296.7 की तुलना में 694.6, पश्चिमी सिंहभूम 252.2 के तुलना में 463.9, सिमडेगा में 300.3 की तुलना में 567.9, सरायकेला-खरसावां में 260 के मुकाबले 582.1, रामगढ में 247.3 के मुकाबले 566.1, पलामू में 165.3 के मुकाबले 345.4, लोहरदगा में 244.4 के मुकाबले 431.1, लातेहार में 230.7 592.6, खूंटी में 261.1 की तुलना में 464.7, गुमला में 257.9 की तुलना में 399.5, धनबाद में 269.8 की तुलना में 421.4, चतरा में 216 के मुकाबले 413.7 और बोकारो जिले में 217.2 के मुकाबले 342.9 मिमी बारिश दर्ज की गई।

खूंटी पुलिस को उग्रवादियों के खिलाफ मिली बड़ी कामयाबी

पीएलएफआई के 4 उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार

- बिरहू उरांव टोली स्थित सरकारी स्कूल के पास एक मकान से पकड़े गए

नवीन मेल डेस्क

खूंटी। खूंटी पुलिस को नक्सलियों एवं उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। खूंटी के एसपी मनीष टोप्पो ने सोमवार को बताया कि सदर थाने की पुलिस ने ग्राम बिरहू उरांव टोली स्थित सरकारी स्कूल के पास एक मकान में छापेमारी कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के चार उग्रवादियों को अवैध हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में खूंटी के मान्हू गांव निवासी पवन लोहरा (22), जमुआदाग कॉलोनी निवासी विक्की लोहरा (19) एवं अर्जुन लोहरा उर्फ ईश्वर उर्फ पेंचा (18) तथा बिरहू उरांव टोली निवासी अर्पित केरकेट्टा (19) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने मौके पर एक लोडेड देसी पिस्टल (मैगजीन सहित), आठ कारतूस, दो लोडेड मैगजीन, एक चाकू, एक मोबाइल, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद किए हैं। यह जानकारी एसपी टोप्पो ने प्रेस वार्ता में दी। एसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि बिरहू उरांव टोली स्थित सरकारी स्कूल के पास कुछ लोग अवैध हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं।

विक्की और पवन का है आपराधिक इतिहास

खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि गिरफ्तार विक्की लोहरा और पवन लोहरा का आपराधिक इतिहास रहा है। विक्की लोहरा के विरुद्ध खूंटी थाना में दो वर्ष पूर्व वर्ष 2023 में लूट का एक मामला कांड संख्या 12/23 दर्ज है। वहीं, पवन लोहरा के विरुद्ध छत्तीसगढ़ के बगीचा थाना में संगीन धाराओं में एक मामला कांड संख्या 16/25 दर्ज है। इसके अलावा इन दोनों आरोपियों ने रांची के नामकुम (खरसीदाग) थानांतर्गत रांची खूंटी रोड में स्थित मेसर्स हिंदुस्तान टाइल्स नामक प्रतिष्ठान के बाहर गत 12 जून को रंगदारी के उद्देश्य से धमकी भरा पत्र फेंका था। साथ ही, गोली चलाने की घटना में दर्ज नामकुम (खरसीदाग) थाना कांड संख्या 183/25 और तुपुदाना थानांतर्गत जमीन कारोबारी मंटू महतो के घर में रंगदारी के उद्देश्य से फायरिंग करने के मामले में धुर्वा (तुपुदाना) थाना में दर्ज कांड संख्या 159/25 में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इसके साथ ही विक्की लोहरा ने रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र की स जी मंडी से गत मार्च महीने में एक टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल चोरी के मामले में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

हेमंत सरकार नक्सलवाद और उग्रवाद पर नियंत्रण के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नीतियों से राज्य में नक्सलियों और उग्रवादियों के विरुद्ध बड़ी सफलताएं मिल रही हैं। हेमंत सोरेन सरकार नक्सलवाद और उग्रवाद पर नियंत्रण के लिए प्रतिबद्ध है। बेहतर पुनर्वास नीति तैयार की गई है। राज्य सराकर ने नक्सलियों को आत्मसमर्पण का भी विकल्प दिया है और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का भी प्रयास कर रही है। साथ ही, नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान भी चलाए जा रहे हैं और इसमें सफलताएं भी मिल रही हैं।

सांसद और विधायक को प्रशासन ने बेलतू गांव जाने से रोका

- मुहर्रम में झंडा विवाद को लेकर धारा 144 लागू

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी को सीकरी थाने की पुलिस ने सोमवार को बेलतू गांव जाने से पहले ही रोक लिया। प्रशासन ने इसके पीछे धारा 144 का हवाला देते हुए क्षेत्र में प्रवेश पर रोक लगाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें थाने में रोक कर रखा गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बेलतू गांव में दो समुदायों के बीच धार्मिक झंडा लगाने को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। बीते कुछ दिनों से विवाद गहराता जा रहा है, जिसे सुलझाने के लिए प्रशासन सक्रिय है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। वहीं, जनप्रतिनिधियों को रोके जाने को लेकर स्थानीय लोगों में हैरानी है। सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशन लाल चौधरी दोनों ही संबंधित क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। इसके बावजूद उन्हें बेलतू गांव में जाने की अनुमति नहीं दी गई। जानकारी के अनुसार, सांसद मनीष जायसवाल ने प्रशासनिक कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि हम क्षेत्र में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से जा रहे थे। हमारा प्रयास था कि हम लोगों से संवाद स्थापित कर समाधान निकालें, लेकिन प्रशासन ने हमें रोककर लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचाई है। जानकारी के अनुसार, हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र के बेलतु गांव में एक पक्ष के लोगों ने हंगामा किया। पुराना पंचायत भवन के सामने धार्मिक जुलूस को रोक दिया। जुलूस शाम पांच बजे रानी तालाब कर्बला के लिए निकला था, जहां मेले का आयोजन होता है। लेकिन, जुलूस बेलतु गांव में रुका हुआ है। इसे लेकर बताया गया कि एक दिन पहले बेलतु बाजारटांड़ में झंडा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। अब एक पक्ष का कहना है कि जब तक झंडा नहीं हटेगा, तब तक जुलूस को नहीं जाने दिया जाएगा। घटना की सूचना पर सदर एसडीओ बैद्यनाथ कामती, बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, केरेडारी सीओ और बीडीओ वहां पहुंचे। इस दौरान लोगों को समझाने का प्रयास भी किया गया।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

आज / कल

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने महेंद्र सिंह धोनी को दी जन्मदिन की बधाई

नवीन मेल डेस्क

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। ज्ञात हो कि धोनी ने 7 जुलाई को अपना 44वां जन्मदिन मनाया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया पोस्ट 'एक्स' पर सोमवार को लिखा कि झारखंड के सपूत एवं देश के गौरव भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे आपको उत्तम स्वास्थ्य, असीम ऊर्जा और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें।

वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि झारखंड के लाल कैप्टन कूल माही को जन्मदिन की ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से कामना की कि वे महेंद्र सिंह धोनी को सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें।

पेसा नियमावली जल्द जारी करने पर सहमति

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो के निर्देश पर झारखंड सरकार में शामिल कांग्रेस के चार मंत्रियों की समन्वय बैठक सोमवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश के समग्र विकास, कांग्रेस के घोषणापत्र के वादों की प्रगति और जनसरोकार के मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में तय हुआ कि पेसा नियमावली की अधिसूचना को शीघ्र जारी करने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। मनरेगा में केंद्र द्वारा फंड की आपूर्ति में आ रही अड़चनों पर चिंता जताते हुए इसे लेकर जल्द उच्च स्तर पर हस्तक्षेप की बात कही गई। किसानों की ऋणमाफी योजना को गति देने, सहकारिता को प्रोत्साहित करने, और स्वास्थ्य बीमा योजना को प्रभावी बनाने पर मंत्रियों ने एकमत से सहमति जताई। साथ ही रिम्स विस्तार, विधानसभा चुनावी वादों की प्रगति, नगर निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण और बीस सूत्री समितियों की सक्रियता जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इन सभी मुद्दों पर क्रमबद्ध कार्रवाई के लिए साझा रणनीति तैयार की जाएगी।

- मनरेगा फंड में देरी पर चिंता जताई गई
- किसानों की ऋण माफी योजना में तेजी लाने का निर्णय
- रिम्स विस्तार और स्वास्थ्य बीमा योजना की समीक्षा
- पिछड़ा वर्ग आरक्षण व बीस सूत्री समितियों पर चर्चा
- कांग्रेस मंत्रियों की समन्वय बैठक में जनहित के मुद्दों पर बनी रणनीति
- पेसा, मनरेगा, ऋणमाफी, सहकारिता व रिम्स विस्तार पर चर्चा

मुहर्रम मेले में शामिल हुए वित्त मंत्री, कहा–

इंसानियत व एकता ही इस्लाम का पैगाम

- चान्हो व काठीटांड में सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के आयोजन में शामिल हुए राधा कृष्ण किशोर

रांची/चान्हो। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर रविवार को चान्हो और काठीटांड में सेंट्रल मुहर्रम कमिटी द्वारा आयोजित मुहर्रम मेले में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुहर्रम का दिन त्याग, बलिदान और संघर्ष की अमर गाथा को स्मरण करने का दिन है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि सच्चाई और न्याय के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार रहना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि इस्लाम का मूल संदेश प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता है। मुहर्रम केवल एक धर्म का पर्व नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल है। यह दिन हर धर्म, जाति और वर्ग के बीच मेल-जोल, सहिष्णुता और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने पारंपरिक अंदाज़ में गोल में लाठी का प्रदर्शन भी किया, जिसे देखकर दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। स्थानीय लोगों ने मेले में उमड़े जनसमूह और शांतिपूर्ण वातावरण को देखते हुए आयोजन समिति की सराहना की। मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, प्रशासनिक अधिकारी और आमजन भी उपस्थित थे।

इंडिया

दिन में शादी या कानून बनाकर कैसे रोकी जाएगी शादी की फिजूलखर्ची ?

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हिंदी पट्टी में एक कहावत प्रचलित है कि एक आम भारतीय जीवन में दो ही काम करता है एक घर बनाता है और दूसरा बच्चों की शादियां करवाता है उसके बाद कुछ करने की हिम्मत नहीं बचती ! विवाह किसी भी परिवार का हो जीवन का बहुत ही अविस्मरणीय और महत्वपूर्ण आयोजन होता है जिस कारण हर माता-पिता उसमें अपने सामर्थ्य से बढ़कर खर्च करते हैं और कई बार खेत,घर तक गिरवी रखकर बेटी की शादी करने के मामले सामने आए हैं। ये खर्च बढ़ता हुआ तिलक-दहेज़ जैसी कुरीतियों से अब डरावना बनता जा रहा है जिसमें बेहिसाब खर्च कर वैभव प्रदर्शन करने वाले तो अपनी झूठी शान दिखाते हैं पर उनकी देखादेखी बहुत से लोग अपने जीवन भर की कमाई दांव पर लगा देते हैं या भ्रष्टाचार की सीमाएं तोड़ देते हैं । कन्या पक्ष से वसूली गई धनराशि व्यर्थ की आतिशबाजी,सजावट और खान-पान में खर्च होती है जिस कारण समाज में कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध भी किए जाते हैं और परिवारों की बर्बादी के अनेक जटिल मामले मीडिया में आते रहते हैं । हाल में झारखंड के माहेश्वरी समाज ने दिन में शादी करने की एक सराहनीय पहल की हैं जिसमें फिजूलखर्ची अपने आप कम हो जाएगी। इस तरह की पहल अन्य समुदायों ने भी की थी . भारत समेत दुनिया के कई देशों में रात की जगह दिन में शादी का ट्रेंड बढ़ रहा है. दक्षिण भारत में दिन में शादी का चलन पहले से ही है . भारत में शादियां जिस तरह से होती हैं, कई देशों में तो वैसे त्योहार भी नहीं मनाए जाते। 2023 लोकसभा में हाल में एक बिल पेश हुआ था जिसमें शादियों में होने वाले खर्चों पर लगाम लगाने की बात कही गई थी । प्राइवेट मेंबर बिल के अनुसार बारात में सिर्फ 50 लोग ही शामिल हो पाएंगे। साथ ही इसके तहत शादी में 10 से अधिक व्यंजनों को नहीं परोसा जा सकेगा। शगुन या उपहार के रूप में भी 2500 रुपये से अधिक नहीं दिए जा सकने का प्रावधान है। इससे पहले 'विशेष अवसरों पर फिजूलखर्ची रोकथाम विधेयक 2020' का उद्देश्य वंचितों और निराश्रितों के जीवन के लिए सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से शादियों और त्योहारों जैसे विशेष अवसरों पर व्यर्थ के व्यय को रोकना बताया गया था । सदन में शादी के फिजूल खर्ची को लेकर बिल पेश हुआ हो। इससे पहले भी 11 बार ऐसा हो चुका है। 1988 में सांसद सुरेश पचौरी ने राज्यसभा में विधेयक पेश किया था। 1996 में सरोज खपर्दे ने भी ऐसा ही एक बिल पेश किया। इस तरह से 2000 में गंगासनेद्रा सिडप्पा बसवराज ने लोकसभा में ये बिल पेश किया था। फिर 2005 संबासिव रायापति ने भी लोकसभा में ऐसा ही बिल पेश किया था। 2005 ही प्रेमा करियप्पा ने भी राज्यसभा में ऐसा ही एक बिल पेश किया था। वहीं 2011 में सांसद पीजे कुरियन और फिर सांसद अखिलेश दास गुप्ता ने भी राज्यसभा में ऐसा ही एक बिल पेश किया था। इस तरह के विधेयक का कानून बनना आसान नहीं इसलिए कि राजसी और करोड़ों खर्च कर ऐतिहासिक शादी करने वालों में नेताओं की भी बड़ी संख्या है जबकि गरीब या पिछड़े घरों के युवा भी यदि नेता या अधिकारी बन जाते हैं तो वैसा ही वैभव प्रदर्शित करते हैं . इसका एक समाधान बताया जाता है कि दिन में शादी के आयोजन हों . कई संस्कृतियों में यह शुभ माना जाता है। सूर्य को शक्ति और अग्नि का प्रतीक माना जाता है, इसलिए दिन के समय किए गए संस्कार ऊर्जा, प्रकाश और समृद्धि का प्रतीक माने जाते हैं।

पौराणिक कथाओं में भी दिन के समय विवाह का उल्लेख मिलता है, जैसे सीता और द्रौपदी का स्वयंवर। दिन के समय शादी करने से आप एक खुली हवा में उत्सव का आनंद ले सकते हैं। दिन में शादी करने से परिवार के सदस्यों को एक साथ अधिक समय बिताने और उत्सव का आनंद लेने का अवसर मिलता है जबकि रात की शादी में लोग जल्दी से लिफाफा देकर घर लौटने को उतावले रहते हैं । दिन में शादी करने से रात की शादियों की तुलना में सुरक्षा की भावना अधिक होती है जिसके बारे में कहा जता है कि विदेशी आक्रमणकारियों से बचने के लिए रात में चुपके से विवाह की परंपरा शुरू हुई थी। आजकल ज्यादातर शादियां होटल से होती है। वहीं से बेटी विदा होती है। जाते वक्त बेटी परिवार की समृद्धि के लिए चावल और खील-पताशे अपने सिर से वार कर पीछे बिखेरती है। लेकिन वो चावल होटल में बिखर जाते हैं। इसी कारण होटल चार गुना बढ़ रहे हैं और घरों में नुकसान हो रहा है। इस क्रिया में बेटी की मां को पीछे खड़ा करें। आंचल में चावल को झेल लें, फिर अपने घर पर जाकर बिखरें। आपके घर में लक्ष्मी रहेगी। बिहार के सासाराम में बिना मुहूर्त के भी कई लोगों ने विवाह कराना शुरू किया है जिस समय बैंड बाजा से लेकर मैरेज हॉल तक सस्ते में मिल जाते हैं। आजकल मंदिरों में भी विवाह प्रचलित है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए।

व्यापार मंडल कार्यालय परिसर में हुआ पोधरोपण

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के आदेशानुसार भारत देश के सभी राज्यों में 1 जुलाई से 06 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें लगातार 5 दिनों तक किसान हित में सभी पैक्स एवं व्यापार मंडल कार्यालय एवं विशेष प्रकार की समिति कार्यालय में कार्यक्रम चलाया गया। हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने बताया कि जहां अंतिम दिन प्राकृतिक के वातावरण को संतुलित बनाएं रखने के लिए व्यापार मंडल के प्रांगण में अध्यक्ष के नेतृत्व में महोगनी के पांच पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में सभी को कम से कम पांच पौधे लगाने चाहिए। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव,बलराम मेहता, सुजीत मेहता, सुदय सिंह, उपेंद्र कुमार मेहता, बिमलेश पासवान, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, बिपिन सिंह, कमला देवी, मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय प्रसाद यादव, धर्मेंद्र कुमार यादव, शशिरंजन, गुड्डू सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रविशंकर सिंह सत्यनारायण सिंह, विश्वनाथ सिंह,रणजीत गुप्ता, रामप्रवेश सिंह सहित सभी सम्मानित किसान मित्र व पैक्स अध्यक्ष मौजूद थे।

हुसैनाबाद में समाजवादी नेता दिनेश सिंह की मनाई गई 20वीं पुण्यतिथि

गरीबों की आवाज थे दिनेश सिंह: विधायक

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सोमवार को दिनेश सिंह की स्मृति समिति के सौजन्य से समाजवादी नेता स्व.दिनेश कुमार सिंह की 20वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैयद मशरूर अहमद ने किया। संचालन झामुमो के वरिष्ठ नेता जाकिर अली उर्फ राज अली ने की। कार्यक्रम की शुरूआत जपला-छतरपुर रोड स्थित दिनेश सिंह चौक स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि पलामू जिप उपाध्यक्ष सह जेएमएम के युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू

सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय भारती, निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, समाजसेवी मिथिलेश कुमार सिंह, दिनेश सिंह स्मृति समिति के सचिव दीपक कुमार, संयोजक कमलेश कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि स्वर्गीय दिनेश कुमार सिंह इस क्षेत्र के गरीबों की आवाज थे, उनका जीवन संघर्षों से भरा था, उनकी सोच थी कैसे हुसैनाबाद का विकास हो, आज हम सभी लोगों को इस महान विभूति के आदर्शो पर चलने की आवश्यकता है। तभी उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि दिनेश बाबू ने इस क्षेत्र में राजनीतिक करने वालों लोगों को एक नई दिशा दी, स्वर्गीय दिनेश सिंह एक व्यक्ति नहीं एक विचार थे। उन्होंने अपनी ज़िंदगी काफी सादगी के साथ व्यतीत किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय प्रसाद गुप्ता, राजद के कामाख्या सिंह, रामजनम सिंह, समाजसेवी रतन लाल, कांग्रेस नेता अवधेश सिंह, अमीन खान, अखिलेश सिंह, मुन्ना कुमार देव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

करंट की चपेट में आने से मवेशी की मौत

पांकी। प्रखंड के ताल उच्च विद्यालय के समीप सोमवार की सुबह खेत में बिजली का हाई वोल्टेज तार गिरने से खेत में कार्य कर रहे किसान समेत उनके दोनों बैल उसकी चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही दोनों बैलों की मौत हो गई एवं ताल गांव निवासी किसान बल्कु शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को इसकी सूचना देकर आपूर्ति बंद करवाया। वहीं गंभीर रूप से घायल बल्कि शर्मा को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटी लाया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

कैनरा बैंक हुसैनाबाद ने जेएनवी जपला 2 में किया पौधरोपण

● मनुष्य के लिए शिक्षा जितना जरूरी हैं, उतना ही जीवन के लिए वृक्षः प्रबंधक

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद कैनरा बैंक शाखा प्रबंधक योगेंद्र कुमार साहू ने जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू-2 में पंहुचकर पौधारोपण किया। इस दौरान मैनेजर साहू एवं उनके सहयोगी ऑफिसर हरेंद्र पासवान ने स्कूल परिसर पहुंचकर विद्यालय के छात्र छात्राओं को कई फलदार व फूलदार पौधा भेंट किया एवं सभी लोगों ने मिलकर पौधारोपण की इस दौरान मैनेजर ने छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए पर्यावरण संरक्षण जीवन के लिए कितना आवश्यक हैं उसे बताया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय मे ग्लोबलवॉर्मिंग जिस तरीके से दूषित हो रहा हैं। उससे मानव जीवन की काफी क्षति होने की आशंका हैं। लेकिन समय रहते हमलोग सावधानी नहीं बरते तो मानव जीवन खतरे में हैं। उन्होंने प्रेरणादायक बातों में कहा कि जैसे शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान होता हैं। उसी प्रकार बिना जल के जीवन सम्भव नही हैं। इसलिए शिक्षा के साथ साथ जल जंगल व पर्यावरण का संरक्षण जरूरी हैं। यह हर मनुष्य का कर्तव्य होना चाहिए। वहीं विद्यालय की सीनियर मोस्ट टीचर राणा तब्बसुम ने बैंक मैनेजर को जवाहर नवोदय विद्यालय में आने एवं पौधारोपण कराने के लिए धन्यवाद दी एवं इस तरह के रचनात्मक कार्यो की सराहना की और आगे भी करने एवं सहयोग करने की बात कही। मौके पर नामांकन प्रभारी अशामुनि प्रसाद, पीईटी शिक्षिका निकिता राही, स्टाफ नर्स मनीता देवी एवं विद्यालय के दर्जनों से ज्यादा विद्यार्थी शामिल थे।

शिविर में 13 दिव्यांग छात्रों के बीच सहायक यंत्रों का हुआ वितरण

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज (पलामू)। स्थानीय बीआरसी परिसर में सोमवार को दिव्यांगता जांच सह सहायक यंत्र वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बीच आवश्यकता अनुरूप सहायक यंत्रों का वितरण किया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि सरकार दिव्यांग बच्चों को भी बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पित है। समावेशी शिक्षा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के तहत कुल 13 विद्यार्थियों के बीच 1 मोटर चालित ट्राईसाईकिल, 4 व्हीलचेयर, 2 ब्रेल किट, 4 टीएलएन किट, 1 छोटा व्हील चेयर वितरित की गई। समावेशी शिक्षा प्रभारी राजीव चौबे ने बताया कि उक्त सभी छात्रों का गत वर्ष जांच कर रिपोर्ट किया गया था। इसके अलावे 7 नए विद्यार्थियों की दिव्यांगता जांच की गई। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष जनवरी 2026 में बीच जांच कराए गए छात्रों को सहायक यंत्र दिया जाएगा। इस अवसर पर एलिम्को विशेषज्ञ अमीत कुमार, लेखापाल रंजन कुमार, अमरजीत कुमार, संतोष कुमार, मृत्युंजय कुमार, निर्मल कुमार, कृष्णा साव सहित कई लोग उपस्थित थे।

किसानों के बीच किया गया बीज का वितरण

नावाबाजार (पलामू)। नावाबाजार प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को कृषि विभाग (आत्मा) की ओर से बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु बाला व संचालन प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने किया। किसानों के बीच अरहर व उरद का बीज वितरित किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु बाला ने कहा कि योजना के तहत किसानों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण व बीज उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। समय पर बीज मिलने से फसल अच्छी होगी व उसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। वहीं एटीएम अभिमन्यु कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद किसान तक समय पर उच्च गुणवत्ता का बीज पहुंचे ताकि उत्पादन में बढ़ोतरी हो व किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर हो सके। मौके पर किसान महिला पुरुष मौजूद थे।

न्यूज बॉक्स

मुहर्रम पर मिलन सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

मोहम्मदगंज। मुहर्रम पर्व के समापन के मौके पर सबनवां राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय मैदान में मिलन समारोह सह पारंपरिक खेलकूद का आयोजन किया गया। इसकी सदारत नौजवान इस्लामिया कमेटी के सदर सरफराज अहमद और संचालन कांग्रेस नेता नदीम खान ने किया। सेक्रेटरी सलाम खान सहित दुलारे खान, महताब खान, नेहाल खान, असलम खान, वसीम खान, शाहनवाज खान और असगर खान सहित कमेटी के सभी सदस्यों व ग्रामीणों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया। इस त्योहार पर स्थापित सिपड़ व ताजिया के सुंदर निर्माण को लेकर अलग-अलग पुरस्कार वितरण किया गया। सिपड़ का प्रथम पुरस्कार अरसुद्दीन अंसारी (सबनवां) को और ताजिया का रसूलपुर को दिया गया। इसी तरह पारंपरिक खेलकूद के बेहतर प्रदर्शन के लिए बरवाडीह को प्रथम, रसूलपूर को द्वितीय और सबनवां को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। मंच पर प्रखंड 20-सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, जिला परिषद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार, पुलिस निरीक्षक विनोद राम, थाना प्रभारी नारायण सोरेन, मुखिया उमेश राम सहित उदय सिंह, हाजी मुजीब शेख, हाजी मासूम शेख, शमशाद खान, इमरान खान, अमजद खान,अबरार खान, कैस सिद्दीकी, महताब सिद्दीकी,बबन भारती,पूर्व मुखिया उषा देवी और पंचायत समिति मालती देवी व अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। आयोजकों ने बताया कि सबनवां कर्बला पर 12 गांव के सिपड़, ताजिया और अलम के पहलाम की रस्म अदायगी होती है। इस समारोह के आयोजन का मकसद अखाड़ों और पारंपरिक खेलकूद को प्रोत्साहन देने के साथ ही सौहार्द व भाईचारे को एक सूत्र में पिरोये रखना है। 4-5 साल से इसकी परंपरा चली आ रही है।

अकीदत व भाईचारे के साथ मना मुहर्रम

मोहम्मदगंज। मुहर्रम का त्योहार अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। जुलूस में शामिल सिपड़, ताजिया और अलम का रविवारीय साप्ताहिक बाजार और सबनवां, कोसीआरा सहित अन्य जगहों के कर्बला पर पहलाम किया गया। अलग-अलग जुलूस में रामबांध, दूबा, कोसीआरा, सबनवां, बटौवा, करिरिया, गोड़ाडीह, रसूलपूर, कोल्हुआ, वीरधवर, बहेरवादोहर, बरवाडीह, भाली, डाली, भजनियां और मोहम्मदगंज में स्थापित अलम, ताजिये और सिपड़ के साथ भारी संख्या में अकीदतमंद शामिल थे। कर्बला पर हिंदू और मुसलमान दोनों धर्म के अकीदतमंदों ने शिरनी का फातेहा कराया। हर कर्बला पर इसे लेकर मेले सा दृश्य उपस्थित हो गया था। बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार, पुलिस निरीक्षक विनोद राम, थाना प्रभारी नारायण सोरेन सहित अन्य कई पुलिस पदाधिकारियों और प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेटों ने शांतिपूर्ण तरीके से पहलाम की रस्म अदायगी को लेकर दायित्व का पालन सुनिश्चित किया। जुलूस के दौरान या हुसैन या हसन या अली के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। अकीदतमंदों ने छाती पीट-पीटकर मर्शिया पाठ और मातमपुर्शी किया। इसका प्रसारण लाउडस्पीकर पर होता रहा। जुलूस निर्धारित मार्ग पर भ्रमण करते हुए निकतस्थ कर्बला पर पहुंचे। बारी-बारी से अलम, ताजिये और सिपड़ का पहलाम किए। जुलूस का दीदार महिलाओं ने भी किया। पूरे रास्ते लोग परंपरागत हर्वे-हथियार लाठी-डंडे व तलवार-गड़ासा के करतब का प्रदर्शन करते रहे। पहलाम के बाद सभी अपने घरों को लौट गए।

मोहर्रम पर सम्मान समारोह का आयोजन

नीलाम्बर-पीताम्बरपुर। मोहर्रम के मौके पर लेस्लीगंज स्थित अंजान शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह उर्फ बुढ्ढवा बाबा के मजार प्रांगण में मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी की ओर से एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के तमाम ताजिया कलाकारों, समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय खिलाड़ियों को भी उनकी सहभागिता और सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कर्बला की कुर्बानी को याद करते हुए इत्तेहाद और अमन का पैगाम दिया। सभी ने एक स्वर में मोहर्रम को शांति और भाईचारे के साथ संपन्न कराने में समिति व प्रशासन के सहयोग की सराहना की। समारोह में अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, थाना सदर फिरोज अंसारी, सेक्रेट्री मुन्ना खान, मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी के सदर इकबाल खलीफा, सेक्रेट्री तनवीर अंसारी, खजांची सदर खान, मिल्लते इस्लामिया कमिटी के सदर हाफिजूल रहमान, ताजिया कलाकार अशरफ खान सहयोगी अकाश, आशिक,शुहैल, शदाम, इद्रीश, उप मुखिया सह समाज सेवी हेमायू खान, राजद प्रखंड अध्यक्ष तनवीर आलम सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण, गणमान्य अतिथि और समाजसेवी शामिल हुए।

पहलाम में शामिल हुए समाजसेवी अश्विनी सिंह



मोहम्मदगंज। मुहर्रम पर्व पर युवा नेता सह मोहम्मदगंज जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह समर्थकों के साथ क्षेत्र के रामबांध, खरखोल, कोसीआरा, दुबा, बलडिहरी और अन्य कई गांव के जुलुस में शरीक हुए। कर्बला पर शहीदों का स्मरण कर शीष नवाया। सबनवां में नौजवान कमिटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद युवा नेता मोहम्मदगंज कर्बला पर पहलाम में शामिल हुए। जहां भजनियां, सोनबरसा, कोल्हुआ और वीरधवर सहित अन्य कई गांव से ताजिया, सिपड़ और अलम का पहलाम किया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी त्योहार अमन और भाईचारे का संदेश देता है।

निविदा के बाद भी चहारदीवारी का निर्माण नहीं

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। राजनडीह स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) की चहारदीवारी का निर्माण इसकी निविदा के बाद भी नहीं हुआ। ऐसे में इसकी अधिकांशत भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कर दिए गए हैं। जबकि इसकी भूमि का कुल रकबा 1.13 एकड़ बताया जाता है। इसमें भवन मात्र 2-3 डिसमिल में ही बना था। ग्रामीणों ने पूरी भूमि पर कब्जा के लिए यथाशीघ्र इसकी चहारदीवारी बनवाने की जरूरत बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके साथ ही परिसर में पाठशाला का निर्माण कर दिया जाता है, तो झरीवा ,राजनडीह और रामनगर के बच्चों को रेलवे लाइन पारकर स्थानीय दैनिक बाजार क्षेत्र के सरकारी अथवा निजी स्कूलों में आने-जाने में जान की जोखिम उठाने की नौबत नहीं रहेगी। चुनाव के समय बूथ के रूप में भी इसे उपयोग में लाया जा सकता है।

पूरी गर्मी लोगों ने देखी आस, फिर भी नहीं बना चापाकल

हैदरनगर। प्रखंड मुख्यालय सह हैदरनगर बाजार क्षेत्र अंतर्गत कोईरियाडीह टोला पर दो माह से चापाकल खराब पड़ा है। इस संबध में विभागीय अभियंता सहित हैदरनगर पूर्वी पंचायत के प्रतिनिधियों से संबंधित लाभुकों ने चापाकल की मरम्मती कराने की गुहार लगाते आए हैं। किन्तु पूरी गर्मी बीतने के बाद भी समस्या जस की तस है। दरअसल मरघाटिया होते हाईस्कूल रोड हैदरनगर पथ में पीसीसी कराने के दौरान किसी बड़े वाहन के धक्के से इस पेयजल श्रोत की दशा बिगड़ी है। इससे संबंधित लाभुक राजेश्वर मेहता, अनूप कुमार सिंह, रविन्द्र मेहता, शंभू सोनी, नागेंद्र सोनी आदि ने कहा कि चापाकल के मृत होने से उनके दैनिक घरों के लिए पानी की जरुरत आसपास के घरों के बोरिंग से पूरा करना होता है।

किसानों ने की जोहा धान की खेती

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार पंचायत अंतर्गत वीकेएस एग्रीफार्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड झारखंड के सदस्यों ने हाईटेक खेती-पिपरमेंट, पामारोजा, तुलसी, लेमनग्रास, शुगर फ्री काला धान, लाल धान, हरा धान, मैजिक धान, काला गेहू, ब्लू गेहूं, सोनामती गेहूं, शुगर फ्री आलू, चिप्सोना आलू, काला हल्दी, चिया सीड, बीज उत्पादन एवं वर्मी कंपोस्ट यूनिट के सफल नावाचार प्रयोग के बाद असम से 20 किलो जोहा धान का बीज मंगाया है। इस बीज को हुसैनाबाद अंतर्गत डुमरहाथा के तीन किसानों प्रियरंजन सिंह, अशोक मिस्त्री व तेजु कुमार सिंह प्रयोग के तौर पर एक एकड़ में लगाया है। इस धान को जैविक विधि से उपजाया जाएगा। कंपनी के डायरेक्टर प्रियरंजन सिंह ने बताया कि जोहा चावल मार्केट में 200 रुपए प्रति किलो ग्राम बाजार में मिलता है। जोहा चावल मे स्वाद और सुगंध बासमती चावल से भी ज्यादा होती है। इसमे ऐन्टी अक्सिडेन्ट, फ्लेवोनोइड्स और फेनोलीक्स जैसे पोशक तत्व पाए जाते है, जो स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। इसमे ओमेगा-6 और ओमेगा-3 भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

मुरमा मलय डैम का स्पेलवे देखने के लिए उमड़ी भीड़

▸ सैलानियों का आकर्षण का केंद्र बना मलय डैम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सतबरवा प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से सोमवार को मुरमा मलय डैम ओवरफ्लो हो गया। जिसका दृश्य देखने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग मलय डैम पहुंच रहे हैं। कोरोना काल के बाद से इस साल मलय डैम का स्पेलेवे ओवरफ्लो हो गया, जिसको देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचकर आनंद उठा रहे हैं। वहीं युवा और बच्चे जान जोखिम डालकर खिलवाड़ करते हुए डैम की धारा में फिसल कर मस्ती भी कर रहे थे। बरसात के समय मुरमा मलय डैम सैलानियों का आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। मलय डैम, प्राकृतिक छंटाओं से भरपुर इस डैम को देखने, आनंद लेने के लिए सालों भर सैलानियों का आना-जाना लगा रहता है। डैम में दोनों ओर छोटे-छोटे सुंदर हरा भरा पहाड़ी है, जिसकी सुंदरता देखते ही बनती है। इस डैम में दर्जनों मोटरबोट एवं पैडल बोट चलता है। जिसका आनंद आप उठा सकते हैं। बरसात के दिनों में मलय डैम की और भी सुंदरता बढ़ जाती है।

हुसैनाबाद शहर में निकला मुहर्रम का जुलूस

खेल का प्रदर्शन ,या अली या हुसैन के नारों से गूंजा शहर

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में दसवीं मुहर्रम का जुलूस रविवार की रात निकला गया। जुलूस में शहर के खलीफा मोहल्ला, संगत पर, जपला चौबे, इस्लामगंज, राज टोली, चीकटोली, पठान टोली, मोहल्ला समेत कई मुहर्रम अखाड़ा के लोग अपने अपने निर्धारती मार्ग होते हुए सभी अखाड़ों का मिल्ली गांधी चौक पर हुआ, वहां लोगों ने जमकर मातम किया। मातम के दौरान या अली, या हुसैन के नारों से पूरा शहर गुंजायमान रहा। वहां से सभी लोग एक साथ सदर इमामबाड़ा पहुंचे वहां पर इस्लामगंज, राज टोली, खलीफा मोहल्ला, चिक टोली के खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक खेल का प्रदर्शन किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बसपा के वरिष्ठ नेता शेर अली थे। बच्चा कमेटी इस्लामगंज के सौजन्य से मुख्य अतिथि शेर अली, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, एसआई, मुकेश सिंह, केके पांडेय, अभिषेक कुमार और सदर इमामबाड़ा के मुतवल्ली सैयद तक्की हुसैन रिजवी को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया।

आस्था

सावन की सोमवारी पर शिव मंदिरों में उमड़ेगी आस्था की भीड़

आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा मोहम्मदगंज का भीमचूल्हा

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। आषाढ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के पश्चात सावन की सोमवारी को देवो के देव जगत पिता महादेव के अभिषेक को लेकर सुरमयी पहाड़ी की गोद में पवित्र कोयल नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक भीमचूल्हा शिव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण का मुख्य केंद्र बनेगा। जबकि अन्य मंदिर हर-हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो उठेंगे। भीमचूल्हा मंदिर के पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी ने बताया कि सावन में भगवान शिव की आराधना को लेकर श्रद्धालुओं के आगमन के मद्देनजर उनकी सुविधा को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। यहां सावन माह में शिव की आराधना को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारे से वातावरण गूंजायमान हो उठता है। इस ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थल भीमचूल्हा के अलावा कादलकुर्मी, सिंचाई कॉलोनी, शिलापर, नहर चौक, देवीधाम, काली मंदिर, करडंडा, गोलापत्थर, भजनियां, पंसा, रानीदेवा सहित अन्य जगहों के शिव मंदिरों व चबूतरे पर स्थापित शिवलिंग का जल, दुग्ध, बेलपत्र, भांग, धतुरा, अकवन-कनैल के फुल व अक्षत इत्यादि के साथ जलाभिषेक से वातावरण भक्तिमय बन जाता है। भीमचुल्हा के महाभारत काल के ऐतिहासिक महत्व और पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित होने के बाद से भीमचूल्हा शिव मंदिर में भगवान शिव की आराधना, अभिषेक और पूजा-अर्चना को लेकर आसपास के अलावा सीमावर्ती गढवा जिला के कई गांवों के श्रद्धालू नर-नारी विशेष अवश्य पहुंचते हैं।

गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा के प्रकटीकरण का दिन है गुरु पूर्णिमा



मोहम्मदगंज। आषाढ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा अर्थात गुरु पूर्णिमा आगामी 10 जुलाई को है। इसे लेकर खासकर, गुरु पूर्णिमा के महत्व और महिमा पर पुराण में वर्णित तथ्यों के आधार पर पर्यटक स्थल भीमचुल्हा के पुजारी पंडित सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास जी का जन्म आषाढ पूर्णिमा को लगभग 3000 हजार ई. पूर्व में हुआ था। इसी दिन परम पूज्य परमेश्वर शिव ने दक्षिणा के रुप में ब्रह्मा के चार मानस पुत्रों को वेदों का ज्ञान प्रदान किया था। महर्षी वेदव्यास ही महाभारत के रचयिता भी थे। उनके स्मरण और सम्मान में गुरु पूर्णिमा को विशेष महत्व दिया गया है। इसी वजह से इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। इसी दिन वेदव्यास ने शिष्यों एवं मुनियों को सर्व प्रथम श्री भागवत पुराण का ज्ञान दिया था। इसी कारण इस दिन गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। हम गुरुओं को उनसे मिले ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए उनका सम्मान करते हैं। गुरु पूर्णिमा को भारतवर्ष में अपने अध्यात्मिक गुरु के साथ-साथ अनादिय गुरुओं के सम्मान में उनके प्रति सम्मान प्रगट करने के लिए मनाया जाने वाला महान पर्व के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसके साथ ही गुरु पूर्णिमा श्रद्धावान और प्रज्ञावान के संबन्धों के पुनर्जागरण का दिन होता है। गुरु सामान्यतः यथार्थ जीवन संपन्नता, प्रखरता और आत्मिक पवित्रता प्राप्त कर्ता है। सनातन धर्म और पंथ में धर्मप्रेमी और अनुआयी गुरुओं के सम्मान में समारोह और कार्यक्रम आयोजित कर उनकी महिमा का बखान करते हैं। उनके आदर्शों पर चलने को संकल्पित होते हैं। इस मौके पर हर पंथ में अनुआयी श्रद्धापूर्वक गुरु का स्मरण कर उनके प्रति सम्मान और आस्था का प्रकटीकरण करते हैं। मंदिरों और आश्रम में गुरु के गुणगान के लिए शिष्यों का जुटान होता है।

तिसीबार धाम में कांवर यात्रा की तैयारी पूरी, विनय दुबे ने भक्तों से की विशेष अपील

● श्रावण का एक-एक दिन है भगवान शिव की आराधना का पर्व

नवीन मेल संवाददाता

पांडू। झारखंड के पावन स्थल तिसीबार धाम शक्ति पीठ पांडू, में हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रावण मास के पवित्र अवसर पर कांवर यात्रा का आयोजन 11 जुलाई (शुक्रवार) से 9 अगस्त (शनिवार) 2025 तक किया जा रहा है। झारखंड विश्वनाथ मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक विनय कुमार दुबे एवं मंजू दुबे ने समस्त श्रद्धालुओं, माताओं एवं बहनों से श्रद्धा

एवं आस्था के साथ इस पुण्य अवसर पर भाग लेने की विनम्र अपील की है। कार्यक्रम की शुरुआत 11 जुलाई को प्रातः 9 बजे कांवर यात्रा से होगी, जिसके बाद संध्या 4 बजे रूद्राभिषेक होगा। 12 जुलाई को सुबह 4 बजे मंगला आरती तथा शाम 7 बजे गंगा (बांकी नदी) आरती का आयोजन निर्धारित है। इससे एक दिन पूर्व, 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व मंदिर प्रांगण में बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाएगा। यह दिन गुरु की महिमा का प्रतीक है और विशेष पूजा-अर्चना के साथ आयोजन होगा।

श्रावण मास में होने वाली यह कांवर यात्रा सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एकता, सेवा और संयम का संदेश भी देती है। तिसीबार धाम हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्ति और सेवा के रंग में रंगने को तैयार है। मुख्य संरक्षक विनय दुबे ने कहा कि श्रावण मास का प्रत्येक दिन ईश्वर की कृपा प्राप्त करने का अवसर है। कांवर यात्रा केवल एक परंपरा नहीं, यह आत्मा की शुद्धि और मन की शांति का मार्ग है। तिसीबार धाम में हर भक्त को शिव से साक्षात्कार की अनुभूति होती है। मैं सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करता हूँ कि इस यात्रा में सम्मिलित होकर अपने जीवन को सार्थक बनाएं। विनय दुबे का संदेश श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा और भक्ति की लहर जगा रहा है। मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है और श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु सभी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। श्रावण मास में तिसीबार धाम एक आध्यात्मिक तीर्थ बन जाता है, जहाँ हर कोना शिव नाम से गूंज उठता है।

बच्चों की कम उपस्थिति पर डीडीसी सख्त शिक्षा पदाधिकारियों को लगाई फटकार

● ड्रॉपआउट की पहचान कर स्कूल से जोड़ने व ई-अटेंडेंस सुधारने के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सोमवार को समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) जावेद हुसैन ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर बच्चों की कम उपस्थिति और योजनाओं के सुस्त क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की जमकर क्लास ली। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन प्रखंडों में बच्चों की उपस्थिति कम है, वहां के शिक्षा पदाधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाएगा।

डीडीसी ने निर्देश दिया कि सभी बीईईओ बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए युद्धस्तर पर काम करें। उन्होंने कहा कि केवल कागजों पर योजनाओं का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने ड्रॉपआउट बच्चों की सूची तैयार कर उन्हें दोबारा स्कूल से जोड़ने के लिए शिक्षकों को व्यक्तिगत रूप से अभिभावकों से संपर्क करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार दिलाना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

मध्यान्ह भोजन योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने रोस्टर के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन देने और इसकी सघन निगरानी करने को कहा। मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार में बेहतर प्रदर्शन के लिए भी उन्होंने डीईओ और डीएसई को लक्ष्य आधारित कार्ययोजना तैयार करने को कहा।

बैठक में समग्र शिक्षा अभियान, कस्तूरबा विद्यालयों में नामांकन, साइकिल वितरण, स्कूल किट, डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लास, किचन गार्डन और पुस्तकालय जैसे बिंदुओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे, जबकि वर्चुअल माध्यम से सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ, अकाउंटेंट और वार्डन जुड़े रहे।

सीए बनकर पीयूष रंजन ने बढ़ाया शहर का मान

मेदिनीनगर। चार्टर्ड अकाउंटेंट की कठिन परीक्षा में सफलता पाकर नावाटोली निवासी पीयूष रंजन ने न सिर्फ अपने परिवार का, बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन कर दिया है। पिता सुनील कुमार अग्रवाल के बेटे पीयूष ने दूसरे प्रयास में यह प्रतिष्ठित परीक्षा पास की है। इस खबर के फैलते ही उनके घर में बधाइयों का तांता लग गया और मोहल्ले में भी उत्सव जैसा माहौल बन गया।

पीयूष की इस सफलता पर क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया, एसडीओ संध्या गुप्ता, जूनियर इंजीनियर सुधीर दुबे, सीताराम पटेल और कांग्रेस नेता कैसर जावेद सहित कई समाजसेवियों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। सभी ने कहा कि पीयूष की मेहनत, धैर्य और लगन आज के युवाओं के लिए मिसाल है।

बचपन से ही पढ़ाई में होनहार पीयूष की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली है। परिवार वालों ने भी इसे लंबे संघर्ष का फल बताया और कहा कि यह सफलता उनके बेटे की मेहनत के साथ-साथ पूरे परिवार की उम्मीदों की जीत है।

मुहर्रम जुलूस के दौरान दो पक्षों में हिंसक झड़प, निषेधाज्ञा लागू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में मुहर्रम जुलूस के दौरान दो पक्षों में हिंसक झड़प के बाद मेदिनीनगर सदर एसडीएम सुलोचना मीणा के आदेश पर 48 घंटे के लिए निषेधज्ञा लागू कर दी गई है। 7 जुलाई की रात 12 बजे से 48 घंटे के लिए तक यह आदेश जारी किया गया है। बताते चले कि रविवार की शाम पाल्हे कला गांव में मोहर्रम जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच झड़क हो गई थी, जिसे पुलिस और प्रशासन ने रोकने की कोशिश की लेकिन तभी एक पक्ष के जरिये पत्थरबाजी शुरू कर दी गई। इस क्रम में ग्रामीण गौतम कुमार सिंह और प्रवीर सिंह पर तलवार से हमला किया गया, जिससे दोनों घायल हो गए हैं। दोनों सगे भाई हैं। उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर के आशी केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। इस दौरान हुई हिंसक झड़प में दूसरे पक्ष से भी कई लोग घायल हुए हैं। घटनास्थल को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पूरे मामले पर नजर रखी जा रही है और शांति व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी रिष्मा रमेशन और एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया था। सधपुर, संडा, रहमतनगर और बंगलापर के ताजिया के पाल्हे कला के गढ़वट पहुंचने पर विवाद हुआ था। सदर एसडीएम सुलोचना मीणा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत विभिन्न धाराओं के तहत 48 घंटे के लिए निषेधाज्ञा लागू की है। इस अवधि में चार या उससे अधिक लोगों के एक साथ इकट्ठा होने, जुलूस निकालने या किसी भी तरह की सार्वजनिक सभा पर पूरी तरह से रोक रहेगी।

अफवाहों पर न दें ध्यान आपसी भाईचारा बनाए रखें : एसपी

मेदिनीनगर। पाटन थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में दो समुदाय में हुए झड़क के बाद पलामू एसपी मीडिया को बताया कि वर्तमान में ग्राम पाल्हे में स्थिति शांतिपूर्ण है। पाल्हे गांव और आसपास के क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दिया गया है। घटना स्थल पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। दो पक्षों के झड़प में घायल दो लोगों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। दोनों पक्षों और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी द्वारा दिए गये आवेदन के अनुसार लगभग 70 नामजाद और 250 लोगों पर तीन प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उक्त दर्ज प्राथमिकियों के आलोक में पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। एसपी ने बताया कि लोगों में यह अफवाह है कि घटना के दौरान गोली चलने से लोगों की मौत हुई है, जो पूरी तरह से गलत है। एसपी ने लोगों से इस तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही है। वहीं पाल्हे की घटना के बाद डीसी, एसडीओ, डीआइजी, एसपी ने घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की और लोगों समझान का प्रयास किया।

पुलिस जवान के घर से लाखों की चोरी, घर का खिड़की तोड़ दिया घटना को अंजाम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिस्फुटा के नजदीक कोयल नगर में एमएमसीएच में तैनात पुलिस जवान महेंद्र कुमार के घर अज्ञात चोरों ने रविवार की रात्रि चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों के द्वारा जब चोरी की घटना को अंजाम दिया उस समय सभी परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। महेंद्र राम ने शहर थाना में दिए आवेदन में बताया कि अस्पताल ड्यूटी से रात 11 बजे आने के बाद अपने कमरे में सो गया था। जिस कमरे में सामान की चोरी हुई उसे कमरे में कोई भी परिवार का सदस्य नहीं सोया हुआ था। चोर खिड़की में लगे जाली तोड़ने के बाद लोहे के ग्रिल को तोड़कर कमरे में घुसे थे। कमरे में घुसने के बाद कमरे का लॉक अंदर से बंद कर लिया। बाहर आवाज न जाए उसके लिए दरवाजे के नीचे पतला कम्बल से बंद किया। घटना का पता सुबह करीब 5:30 बजे चला जब कमरे से सामान निकालने के लिए खोला गया। कमरे का दरवाजा अंदर से लॉक था जिसके बाद बाहर निकाल कर देखा गया तो खिड़की तोड़कर कमरे में रखा सारा सामान चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। गोदरेज में रखे सोने का हार जो करीब 1.80 हजार, सोने का मंगलसूत्र करीब 60 हजार और फूल के वर्तन करीब 7 हजार का चोर चुरा कर ले गए।

नावाजयपुर में शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया मुहर्रम

प्रशासन व समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

● पाटन बीडीओ अमित झा ने कहा- हजरत हुसैन सत्य व बलिदान के प्रतीक, उनके पदचिह्नों पर चलने की आज भी जरूरत

नवीन मेल संवाददाता

नावा बाजार। मुहर्रम के अवसर पर नावा जयपुर में आयोजित शांति व सौहार्दपूर्ण कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आयोजन में सहयोग करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। पाटन बीडीओ अमित झा ने इस अवसर पर कहा कि हजरत हुसैन सत्य, त्याग और बलिदान के प्रतीक हैं। उन्होंने कर्बला की लड़ाई में सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आज के दौर में हमें उनके पदचिह्नों पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन शायर एम.जे. अजहर ने किया। उन्होंने हजरत हुसैन की शहादत, हिंदू-मुस्लिम एकता और देशभक्ति पर ओजस्वी काव्य-पाठ किया। उन्होंने कहा, हर लम्हा ढूंढता है क़यादत हुसैन की, दुनिया को आज फिर है ज़रूरत हुसैन की। कार्यक्रम में पाटन बीडीओ अमित झा, सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, नावा जयपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता सहित क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गणमान्य लोगों को पगड़ी व फूल-माला से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मनोज कुमार (मुखिया, नावा खास), पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह, श्रीधन प्रसाद नेपाली (रामनवमी अध्यक्ष), जगदीश पांडेय, अशोक बक्सराय, डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, हाजी बदरूद्दीन अहमद, एम.जे. अजहर, यार मोहम्मद, मंसूर अहमद, शहजाद खलीफा, तनवीर अहमद सहित कई प्रमुख लोग शामिल थे। इसके अतिरिक्त मुहर्रम कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले तीन दर्जन से अधिक युवाओं को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यार्थी परिषद ने सरकार का पुतला फूंका

छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करें सरकार : उत्कर्ष

● बीएड परीक्षा फल रद्द करने के विरोध में सड़क पर उतरे छात्र

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा जारी परीक्षा फल को सोमवार को रद्द कर दिया गया। साथ-साथ आरक्षी सिपाही भर्ती आदि को रद्द करने और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं का जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी करके नौकरी नहीं देने की विरोध में छह मुहान चौक पर सोमवार की शाम को सरकार का पुतला फूंका गया। युवाओं में सरकार के खिलाफ रोस देख गया। उन्होंने राज्य सरकार होश में आओ छात्रों के बीच के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करो छात्रों के सम्मान में विद्यार्थी परिषद मैदान में आदि नारे लगाए।

मेदिनीनगर के नगर मंत्री उत्कर्ष तिवारी ने कहा कि जिस तरह से सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, परीक्षा फल एवं प्रतियोगिता परीक्षा प्रक्रिया पूरी करने में सरकार जिस तरह से अपनी लापरवाही दिखा रही है। यह स्पष्ट होता है कि सरकार छात्र एवं झारखंड के विकास के विरोधी है। हम सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द छात्रों को न्याय देने का कार्य करें, अन्यथा परिषद के कार्यकर्ता छात्रों के सम्मान में पुरजोर विरोध करेंगे एवं उग्र आंदोलन करेंगे। मौके पर नगर मंत्री उत्कर्ष तिवारी, नगर सह मंत्री गगन सिंह, विद्यार्थी विस्तारक उत्कर्ष नन्द, अक्कू कुमार, लक्की कुमार, पार्थ सेनी, सुमित कुमार, अंबुज मिश्रा, लव कुश कुमार, आयुष सोनी, हर्ष पांडे, रितिक तिवारी सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

मेदिनीनगर में बारिश से तापमान में गिरावट

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मुख्यालय में दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही इसके चलते जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कुछ डिग्री कम रहा। इससे क्षेत्र में ठंडक का अहसास हुआ। सुबह 8:30 बजे तक आर्द्रता 93 प्रतिशत और शाम 5:30 बजे तक 90 प्रतिशत दर्ज की गई, जो अत्यधिक नमी का संकेत है। भारी बादलों और लगातार वर्षा के चलते दिनभर उमस बनी रही, वहीं तेज बारिश के चलते कई स्थानों पर जलजमाव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई।

मौसम विभाग ने बताया कि शाम 5:30 बजे तक 27.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि पिछले 24 घंटों में कुल 32.1 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। लगातार हो रही बारिश से निचले इलाकों में जल जमाव की समस्या बढ़ रही है, जिससे आमजन को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

निर्माण स्थलों पर बढ़ते अपराध पर पुलिस सख्त, डीआईजी ने दिए सख्त निर्देश

चोरी-फायरिंग की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई करें : डीआईजी

● संवेदकों के साथ बैठक व गश्ती बढ़ाने का आदेश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू क्षेत्र में निर्माण स्थलों पर चोरी और गोलीबारी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक पलामू क्षेत्र ने सभी थाना, पिकेट एवं पोस्ट प्रभारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि इन घटनाओं से निर्माण कार्य बाधित हो रहा है और परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पा रही हैं, जो अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है।

डीआईजी के आदेशानुसार, संबंधित संवेदकों, परियोजना प्रबंधकों और अभियंताओं के साथ अनिवार्य बैठकें कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। चौकीदार, बाड़बंदी, सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही पुलिस सहायता हेतु एक संपर्क पर्सन और आपातकालीन संपर्क नंबर जारी करने का निर्देश दिया है।

इसके साथ ही, क्षेत्रीय खुफिया तंत्र को सक्रिय करते हुए अपराधियों की अग्रिम जानकारी जुटाने को कहा गया है। सभी थानों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय संगठित गिरोहों और उनके सदस्यों की सत्यापित सूची तैयार कर अद्यतन रखने का निर्देश भी दिया गया है।

डीआईजी ने कहा है कि संवेदनशील निर्माण स्थलों और उनके रास्तों पर दिन और रात में सघन गश्त और दृश्यमान पुलिस उपस्थिति जरूरी है। चोरी, रंगदारी या गोलीबारी की किसी भी सूचना पर संबंधित थाना तुरंत पुलिस टीम भेजे और प्रतिक्रिया समय कम से कम हो।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ऐसी किसी भी घटना की पूर्व सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सूचित किया जाए। यदि सूचित नहीं किया गया तो संबंधित थाना प्रभारी को उत्तरदायी मानते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, साथ ही क्षेत्र के निरीक्षक या अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की गोपनीय प्रविष्टि में प्रतिकूल टिप्पणी की जा सकती है।

इस आदेश की प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक, पलामू प्रक्षेत्र और प्रभारी वितंतु पर्यवेक्षक, पलामू को भी भेजी गई है।

सफलता

ब्राइट लैंड विद्यालय के दो छात्रों का राष्ट्रीय कबड्डी टीम में चयन

प्रतिभा व परिश्रम का मेल ही सफलता की कुंजी है : रागिनी सिंह

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। ब्राइट लैंड विद्यालय के होनहार छात्र प्रिय रंजन और जिज्ञासा गौतम का चयन 35वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 2025 के लिए झारखंड टीम में हुआ है। यह चयन 6 जुलाई 2025, रविवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, रांची में आयोजित चयन प्रतियोगिता के माध्यम से हुआ।

प्रिय और जिज्ञासा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि राज्य का भी गौरव बढ़ाया है। इन दोनों ने लगातार बेहतर खेल का प्रदर्शन कर यह स्थान हासिल किया है। विद्यालय में उनके चयन से हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक रागनी राय ने छात्रों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। प्रिय और जिज्ञासा दोनों ने यह साबित कर दिया है कि लगन और परिश्रम से कुछ भी संभव है। विद्यालय हमेशा ऐसे प्रतिभावान छात्रों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

मेहनत व अनुशासन ने इन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है : सनत चटर्जी

खेल शिक्षक सनत चटर्जी ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इन दोनों खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन ने इन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। ये सिर्फ शुरुआत है, हमें विश्वास है कि भविष्य में ये राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करेंगे और देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रधानाचार्य राहुल सिंह ने भी इस उपलब्धि पर छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सुदना मुख्य मार्ग जलजमाव की स्थिति

घरों में घुस रहा सड़क का गंदा पानी, निगम को चिंता नहीं

● चार माह पहले हुआ था सुदना मुख्यमार्ग का निर्माण

नवीन मेल संवाददाता



मेदिनीनगर। सुदना मुख्य मार्ग जो छह मुहान से बैरिया तक की सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। पानी की निकासी नहीं होने के कारण कई जगह सड़क तालाब में तबदील हो गयी है। जिससे आने जाने वाले रहगीरों को परेशानी हो रही हैं। मुख्य मार्ग पर दो जगह बड़े क्षेत्र में जल जमाव की स्थिति बरसात में लगातार बनी हुई है। जिससे दुर्घटना होने की संभावना भी लगातार बढ़ रही है। सुदना मुख्य मार्ग में कहीं भी पानी निकासी के लिए नाली की व्यवस्था नगर निगम के द्वारा विगत 6 सालों में नहीं की गई है जिस कारण बरसात का पानी पूरा रोड पर ही बहती है और जगह-जगह पर गढ़ा होने के कारण पानी का जमाव उस जगह पर हो जाता है। आलम यह है कि कई जगहों पर रोड का पानी लोगों को घरों में घुस जा रहा है। जिससे लोगों को घर से बाहर निकलने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात होगी कुछ महीने पूर्व ही बैरिया से लेकर सुदना ओवरब्रिज तक सड़क मरमत का काम किया गया था लेकिन उसके बावजूद सड़क पर इस तरह से बड़े आकार में पानी जमना निगम पर सवालिया निशान खड़ा करता है।

डंडई प्रखंड में नहीं है डिग्री कॉलेज, स्नातक की पढ़ाई के लिए बढ़ रही परेशानी

सकेंद्र प्रजापति

डंडई। डंडई प्रखंड में स्नातक की शिक्षा ग्रहण करने के लिए डिग्री कॉलेज नहीं है। जिससे अधिकतर छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट के बाद आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। जिन छात्र-छात्राओं के अभिभावक की आर्थिक स्थिति कुछ अच्छी है, वे अपने बच्चों को स्नातक की पढ़ाई के लिए जिला मुख्यालय में भेज देते हैं परंतु गरीब तबके के लोगों के बच्चे वहां तक नहीं पहुंच पाते हैं, जिससे उनके शिक्षा इंटरमीडिएट के बाद रुक जाती है

और वें अपनी आजीविका चलाने में लग जाते हैं। ऐसे में सरकार की सोच विकसित भारत की सपना अधूरा रह सकता है। क्योंकि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सबसे जरूरी शिक्षा है। यहां के छात्र-छात्राओं को डिग्री की पढ़ाई पूरी करने के लिए डिग्री कॉलेज तक नहीं है।

क्या कहते हैं अभिभावक

छात्र-छात्राओं के अभिभावक आकाशदीप भारती, अंजू देवी, विवेकानंद कुशवाहा, बिंदु कुमार, उपेंद्र कुमार रवि सहित अन्य का कहना है कि सरकार देश में शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए स्कूल-कॉलेज खोल रही है। शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई योजनाएं चला रही है लेकिन डंडई प्रखंड जैसे पिछड़े सुदूरवर्ती इलाके में डिग्री कॉलेज नहीं है। यहां के छात्रों को डिग्री की पढ़ाई करने के लिए शहर जाना पड़ रहा है। यदि प्रखंड क्षेत्र में ही डिग्री कॉलेज स्थापित हो जाता तो गरीब के बच्चे भी डिग्री की पढ़ाई हासिल आसानी से कर सकते थे। अभिभावकों ने बताया कि प्रखंड भर में छह हाई स्कूल है। लगभग 1000 छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट पास आउट करते हैं। लेकिन एक डिग्री कॉलेज नहीं खुला है। इसके कारण प्रखंड की 60 प्रतिशत से ज्यादा खासकर गरीब छात्रा इंटर करने के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं। इनमें एससी और एसटी की अधिक छात्राएं हो सकती हैं।

क्या कहते हैं छात्र

छात्रा रीना कुमारी, शिवानी कुमारी, राधिका कुमारी, प्रियंका कुमारी सहित अन्य ने कहा कि डिग्री कालेज नहीं रहने से गरीब क्या सक्षम लोगों को भी अपनी बच्चियों को बाहर भेजकर पढ़ाने में परेशानी हो रही है। आज हमलोग इंटरमीडिएट पास करने के बाद डिग्री की पढ़ाई पूरी करने के लिए शहरों में जाना पड़ रहा है। इससे एक तो परिवार से दूर रहते हैं और उसपर आर्थिक बोझ अभिभावकों को ज्यादा उठाना पड़ता है। कहा की अन्य कई प्रखंडों में डिग्री कॉलेज है तो फिर डंडई प्रखंड में क्यों नहीं स्थापित किया जा रहे हैं। यहां डिग्री कालेज की मांग वर्षों से हो रही है। सैकड़ों विद्यार्थी इंटर के बाद पढ़ाई छोड़ दे रहे हैं जो शर्म की बात है।

चिनियां में जंगली हाथियों का आतंक जारी

वन विभाग ने जारी किया अलर्ट, गांवों में दहशत का माहौल

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। चिनियां-तांडिल मुख्य मार्ग पर सोमवार एक जंगली हाथी को दिन के उजाले में विचरण करते देखा गया। वहीं हाथी का विचरण करते फोटो भी क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल है। घटना के बाद वन विभाग ने सोमवार की शाम 6 बजे अलर्ट जारी कर दिया है और चेतावनी दी है कि यह हाथी आज रात चिनियां, चिरका, टांडिल, बिलैती खैर और सेमराटांड़ गांव की ओर बढ़ सकता है। इस मामले में चिनियां के प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जंगली हाथियों के झुंड से बिछड़ा एक हाथी इन दिनों चिनिया के जंगलों में भटक रहा है। यह हाथी पहली बार मुख्य मार्ग पर देखा गया, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया है। वन विभाग ने साफ कहा है कि ग्रामीण हाथी से किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें और यदि हाथी की गतिविधियों से जुड़ी कोई भी जानकारी मिले तो तुरंत विभाग को सूचित करें। हाथी को नियंत्रित करने के लिए हमारे पास भाकुडा जिले की विशेष टीम मौके पर तैनात है और विभाग लगातार दिन रात इसकी निगरानी कर रहा है।

हाथी से सतर्क रहें ग्रामीण

जब तक हाथी चिनिया क्षेत्र से बाहर नहीं निकल जाता, तब तक ग्रामीण सतर्क रहें। हमारी टीम दिन-रात प्रयासरत है, वही ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे रात में अनावश्यक बाहर न निकलें और बच्चों को विशेष रूप से निगरानी में रखें।

बीडीओ ने की जविप्र दुकान की जांच

नवीन मेल संवाददाता

कांडी। प्रखंड में डीलर द्वारा राशन उठाव के 38वें के बाद कार्डधारी लाभुकों के बीच तीन महीने का राशन का वितरण करने का एक मामला सामने आया है। यह मामला है पतरिया पंचायत के सड़की गांव का हैं। जहां पर जविप्र दुकानदार राम प्रवेश बैठा द्वारा तीन महीने का राशन का वितरण शुरू किया गया है। गोदाम प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि 29 मई को जून का , 8 जून को जुलाई का और 4 जुलाई को अगस्त महीने का राशन की आपूर्ति डीलर को किया गया है। विभाग द्वारा 30 जून तक तीन महीने का राशन का वितरण करने का आदेश प्राप्त था। आश्चर्य की बात तो यह है कि डीलर द्वारा लाभुकों से दो महीना जून व जुलाई का अंगूठा लगवा लिया गया था।

जिसके बाद भी राशन नही दिया गया। पीडीएस डीलर का दलील है कि वारिश होने के कारण राशन वितरण में विलम्ब हुआ। सोमवार को बीडीओ राकेश सहाय ने पीडीएस डीलर के दुकान की जांच की। जांच में देखा गया कि लाभुकों को 35 किलोग्राम में 4 किलोग्राम काट कर राशन दिया जा रहा है। साथ हीं लाभुकों को कंकड़-पत्थर व मिट्टी मिला हुआ गेंहू डीलर द्वारा दिया जा रहा था। जिसपर बीडीओ द्वारा लाभुकों से कहा गया कि सभी लाभुक गेंहू को वापस डीलर को कर दें। साथ ही डीलर उक्त गेंहू को गोदाम में वापस करेंगे। उन्होंने 20 जुलाई तक तीनों महीना का राशन व एक महीना मई के चना दाल का वितरण सुनिश्चित किया जाए। बीडीओ ने वहां उपस्थित सभी लाभुकों से कहा कि कोई भी लाभुक अपना पूरा राशन लेंगे। अगर डीलर कम राशन देते हैं तो इसकी सूचना मुझे दें।

झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव हुए सम्मानित

श्री बंशीधर नगर। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता एवं भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव ने मोहर्रम के अवसर पर विभिन्न इलाकों में जाकर कमेटियों को

सहयोग राशि दी और जुलूस में भी हिस्सा लिया। झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव ने नगर उंटारी की मोहर्रम इंतजामिया कमेटी को 51 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान कमेटी द्वारा उन्हें पगड़ी पोशी कर तथा तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद वे बरडीहा पहुंचे, जहां उन्होंने मोहर्रम जुलूस में शिरकत की और वहां की मोहर्रम इंतजामिया कमेटी को 10 हजार की सहायता राशि दी। यहां भी कमेटी द्वारा उन्हें पगड़ी पोशी कर सम्मानित किया गया। केतार प्रखंड के बेलाबर गांव में आयोजित मोहर्रम के पहलाम जुलूस में भी झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव शामिल हुए। वहां उन्होंने कमेटी को 51 सौ की राशि भेंट की। मौके पर पूर्व सरपस्त व झामुमो नेता तस्लीम खान सीनियर,सदर तौहिद आलम,मोहर्रम इंतजामिया कमेटी सदर लालबाबू खान,सरपस्त शमीम खान,युवा समाजसेवी महमूद आलम सिनीयर,मुराद खान,अलाहु खान,बरडीहा मोहर्रम इंतजामिया कमेटी सदर राकिब अनवर सोनू,बिकु कुमार,सुलेमान अंसारी,उस्मान अंसारी,परवेज आलम,साजिद रजा,फिरोज आलम सहित अन्य लोग का नाम शामिल है।

मोहर्रम पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

श्री बंशीधर नगर। मोहर्रम के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों और समिति सदस्यों को सम्मानित किया गया। ताजिया प्रतियोगिता में सरहस्ताल ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि जंगीपुर को द्वितीय और चेचरिया को तृतीय स्थान मिला। खेल प्रतियोगिता में भी युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। सामान्य खेल श्रेणी में अजूबा खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, खलील अंसारी द्वितीय और महमूद अंसारी तृतीय स्थान पर रहे। तलवार खेल में अकबर अंसारी प्रथम,ओबेदा अंसारी द्वितीय तथा अख्तर अंसारी तृतीय स्थान पर रहे। समिति कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। माउंट हेरा ऑर्गनाइजेशन कमिटी बगैयाटांड के सदर सद्दाम आलम और मोहर्रम शाहदते हुसैन कमिटी गढ़ के पास के सदर सद्दाम खान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनंत प्रताप देव,झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी, युवराज प्रताप देव, समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह में क्षेत्रीय एकता,भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली।

मुखिया के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

मेराल। बाना पंचायत के उप मुखिया सहित 12 वार्ड सदस्यों ने सोमवार को मुखिया गौरी देवी द्वारा 8 माह से पंचायत भवन में अनुपस्थित रहने के खिलाफ बीडीओ सतीश भगत को आवेदन सौंपा है। अपने दिए गए आवेदन के माध्यम से सभी वार्ड सदस्यों ने मांग किया है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत का कार्य सुचारू रूप से चल सके और जनता के कार्यों का निष्पादन हो सके। वार्ड सदस्यों ने बीडीओ को दिए गए आवेदन के आधार पर बताया है कि मुखिया गौरी देवी लगभग 8 माह से बीमारी के कारण अस्वस्थ हैं जिसके कारण पंचायत के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो गया है। आवेदन देने वाले वार्ड सदस्यों में कमला देवी, पूनम देवी, प्रतिमा देवी, मुन्नी देवी, भोला पासवान, नागेंद्र उरांव, रजकलिया, कुसमी देवी, तबैसुन बीबी, संगीता देवी, दिनेश चौधरी आदि लोगों शामिल है।

सामाजिक कार्यकर्ता ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

भवनाथपुर। प्रखंड क्षेत्र में स्कूली बच्चों के भारी बैग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता नित्यानन्द पाठक ने चिंता जताते हुए सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद जी राम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने भारत सरकार की स्कूल बैग नीति 2020 के अनुपालन की मांग की और बताया कि अधिकांश स्कूलों में इस नीति की अनदेखी हो रही है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। ज्ञापन में उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि उनकी कक्षा 3 की पुत्री का बैग 7.3 किलोग्राम वजनी है, जो उसके वजन से तीन गुना अधिक है। इससे रीढ़ की हड्डी, मांसपेशियों और घुटनों पर दवाब, थकावट और चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने स्कूलों में बैग वजन की जांच हेतु मशीनें लगाने, लॉकर सिस्टम लागू करने, सप्ताह में एक दिन नो बैग डे घोषित करने और समय-सारिणी में बदलाव की मांग की। साथ ही, नीति का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई और निगरानी समिति में सामाजिक प्रतिनिधियों को शामिल करने की भी मांग की।

मुखिया ने मृतकों के स्वजनों को दी सहायता

केतार। केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए हाल ही में दो ग्रामीणों बहिया देवी, रामपुकार राम की मृत्यु के बाद उनके स्वजनों से घर जाकर मुलाकात की और शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान उन्होंने स्वजनों को भोज की खाद्य व अन्य आवश्यक समान दी। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि वे हमेशा से गरीब और जरूरतमंद परिवारों की सेवा में लगे हैं और आगे भी हर सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी पंचायतवासी को अगर किसी तरह की आवश्यकता हो तो वह बेहिचक संपर्क कर सकता है, पंचायत प्रशासन हरसंभव मदद के लिए तत्पर है। ग्रामीणों ने भी मुखिया के इस संवेदनशील की सराहना की।

खरौंधी प्रखंड के विद्यालयों में आयोजित हुई प्रोजेक्ट रेल परीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। खरौंधी प्रखंड के सभी प्राथमिक, मध्य, उच्च विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में सोमवार को प्रोजेक्ट फ्भक्छ परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को उनके स्तर के अनुसार विभिन्न विषयों की परीक्षा देनी पड़ी। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन (एश्र) जैसे विषयों की परीक्षा आयोजित की गई, वहीं कक्षा 6 से 8 के छात्रों के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में मूल्यांकन किया गया। उच्च कक्षाओं (कक्षा 9 से 12) के विद्यार्थियों की परीक्षा हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र एवं राजनीतिक विज्ञान जैसे विषयों में ली गई। प्रोजेक्ट फ्भक्छ परीक्षा के उद्देश्य छात्रों की विषयवस्तु की समझ और पाठ्यक्रम की तैयारी की समीक्षा करना है। इस परीक्षा का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेर्शानुसार किया गया है। इसी क्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने सोमवार को कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में परीक्षा की स्थिति, छात्रों की उपस्थिति, परीक्षा की पारदर्शिता, उत्तर पुस्तिकाओं का रख-रखाव, कक्षाओं की साफ-सफाई आदि की समीक्षा की। बीईईओ ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंदनी का विशेष निरीक्षण किया, जहां उन्होंने प्रोजेक्ट रेल परीक्षा, मध्यान्ह भोजन, छात्र उपस्थिति सहित अन्य शैक्षणिक व प्रशासनिक बिंदुओं पर गहन जांच की। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए ताकि शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान बीईईओ ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए इस प्रकार की मूल्यांकन प्रणाली और सतत निगरानी बेहद आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को परीक्षा के प्रति मानसिक रूप से तैयार करने और नियमित अध्यापन पर विशेष बल देने की बात कही।

बीईईओ ने किया औचक निरीक्षण

करैत सांप के डंसने से महिला गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के बनसानी पंचायत अंतर्गत कछरवा गांव में बीती रात करैत सांप के डंसने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान दिनेश पासवान की पत्नी सब्या देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सब्या देवी रात में खाना बना रही थी, तभी अचानक एक करैत सांप ने उसे डंस लिया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने निजी वाहन से महिला को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाकर भर्ती कराया। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. शैलेन्द्र कुमार और शुभक कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा अस्पताल पहुंचीं और पीड़ित परिवार से मिलकर स्थिति की जानकारी ली।

कब्जा **पशु चिकित्सा केंद्र तक पहुंच पथ ही नहीं**

पशु चिकित्सालय भवन में रह रहे हैं पुलिस पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

रमना। प्रखंड में पशुपालकों को पशुपालन को बढ़ावा देने,पशुपालन को अपनाकर आर्थिक उन्नति करने गांव में ही लोगों को स्व रोजगार को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2005 में ही पशु चिकित्सालय का शुरूआत किया गया था, जिससे पशुपालकों को हर मदद मिले। प्रारंभ के कुछ वर्ष तक ग्रामीण पशुपालकों को इसका लाभ भी मिला था,लेकिन बाद में पशुचिकित्सालय भवन को पुलिस पदाधिकारी के निवास हेतु उपयोग किया जाने लगा तो, पशुपालकों को पशुपालन संबंधित जानकारी और पशु चिकित्सा कि सुविधा से पशुपालक वंचित हो गये। नये थाना भवन बनने के बाद गत दो वर्षों से पशुपालकों को, पशु चिकित्सा, पशुओं के लिए मुफ्त दावा और पशुपालन संबंधित समस्या से पशुपालकों को निःशुल्क सलाह भ्रमण शील चिकित्सक चंदन कुमार चौधरी द्वारा दिया जा रहा। पशुपालकों को इस विभाग द्वारा दिया जा रहा सुविधा के बारे में भ्रमणशील चिकित्सक ने बताया कि गाय को पाल देने का शुल्क सरकार द्वारा 100 रुपया तय किया गया है बाकी सभी टीकाकरण दवाई इत्यादि सुविधा पशुपालकों को निःशुल्क दिया जाता है। बरसात के मौसम में पशुओं को खुरहा, चपका और पशु चेचक होने कि संभावना होती है जिसको देखते हुए टीकाकरण का कार्य गांव टोला में हो रहा है, साथ ही जिन पशुओं का टीकाकरण हो रहा है उसके कान में टैग करना है। साथ ही उन्होंने सभी पशुपालको से अपील किया है कि पशुओं को हार माह कीड़ा की दवाई जरूर दें। प्रखंड परिसर के अंतिम छोर पर स्थित इस केंद्र में आने जाने कि घोर समस्या है, नया आवास बनने के बाद पदाधिकारियों के आवास का घेरा बंदी कर दिया गया है जिससे इस केंद्र में पशुपालकों को जान जोखिम में डालकर नव निर्मित शौचालय के ढक्कन रहित टंकी के ऊपर से आना जाना पड़ता है। इस संकिर्ण और जोखिम भरा रास्ता से ही चिकित्सक और पशुपालकों का आना जाना करना पड़ता है। संवेदक द्वारा छोड़े गये रास्ते में बड़ी-बड़ी झाड़ियों का अंबार लगा है, इससे जाना बहुत ही कठिन है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर

अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–01/2025-26/RDD/NREP/PALAMAU

1. कार्य का नाम :–

ग्रुप सं0	योजना का नाम	प्रखण्ड	प्रा0राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	आईडेन्टी फिकेशन संख्या
1	ग्राम पंचायत–पोखराहा कला में पी0डब्लूडी0 पथ से सरना स्थल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	सदर मेदिनीनगर	24.921	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	01/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU
2	ग्राम–देवरी कला में पी0डब्लू0डी0 रोड से पुराना जपला फैक्ट्री रेलवे लाईन महुराम के पास तक पक्का सिंचाई नाला नर्माण–2500 फीट।	हुसैनाबाद	24.976	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	02/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU
3	ग्राम–चियांकी के जोगीयाहा टोला में बड़का नाला पर पुलिया एवं प्लॉट संख्या–26 तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	सदर मेदिनीनगर	24.887	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	03/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU
4	ग्राम–गबरलेटवा के उरावं टोला में शंकर उरांव के घर के सामने पुल निर्माण।	उंटारी रोड	24.265	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	04/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–10.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–16.07.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–18.07.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।
09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू।

PR 356653 NREP(25-26)#D

जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा।
Email ID:- dddogarhwa@gmail.com Mobile no-9934347324

(पशुपालकों के लिए आम सूचना)।

गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डलों के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्याः– 05 रा0 (वि0), दिनांकः– 16.06.2025 के द्वारा स्वीकृत प्रशिक्षण, प्रसार एवं कौशल विकास योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास), धुर्वा रांची के पत्रांकः–275, दिनांकः–26.06.2025 के द्वारा में वित्तीय वर्ष 2025–26 अन्तर्गत गढ़वा जिला के लिए निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राज्य के अंदर **दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर– 2, धुर्वा, रांची में किया जाना है।**

इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा के साथ पहचान पत्र (आधार कार्ड का छाया प्रति), दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति जिसमें खाता एवं IFSC Code स्पष्ट पठनीय हो के साथ आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करेंगे। **प्रशिक्षण संस्थान धुर्वा, रांची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि को सीधे उनके बैंक खाता के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।**

वित्तीय वर्ष 2025–26 का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है।

प्रशिक्षण का नाम– दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण। (छः दिवसीय)

क0	दिनांक	सामान्य जाति (OSP)			अनूसूचित जाति (SCSP)			कुल योग
	प्रशिक्षण अवधि	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल	
1.	15.07.2025 से 21.07.2025	10	6	16	2	2	4	20
2.	05.08.2025 से 11.08.2025	10	6	16	2	2	4	20
3.	12.08.2025 से 18.08.2025	10	6	16	2	2	4	20
4.	26.08.2025 से 01.09.2025	10	6	16	2	2	4	20
5.	11.11.2025 से 17.11.2025	10	6	16	2	2	4	20
6.	18.11.2025 से 24.11.2025	10	5	15	2	2	4	19
7.	02.12.2025 से 08.12.2025	10	5	15	2	2	4	19
8.	30.12.2025 से 05.01.2026	10	5	15	2	1	3	18
9.	27.01.2026 से 02.02.2026	10	5	15	2	1	3	18
10.	03.02.2026 से 09.02.2026	10	5	15	2	1	3	18
11.	10.02.2026 से 16.02.2026	10	5	15	2	1	3	18
	कुलः–	110	60	170	22	18	40	210

पशुपालकों के चयन हेतु अहर्ता :–

1. योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों एवं निकटतम डेरी में दूध आपूर्तिकर्ता सदस्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. दो/पांच/दस दुधारू गाय/भैंस की योजना का लाभ प्राप्त कर चुके चयनित लाभुकों के लिये गव्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत प्रशिक्षण (छः दिवसीय) में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
3. प्रशिक्षण अवधि सभी पशुपालकों के लिये छः दिवसीय निर्धारित है।
4. प्रशिक्षणार्थियों का बच्चा के साथ प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण संस्थान में आना वर्जित है। बच्चा के साथ आने पर प्रशिक्षणार्थी को लौटाया जाएगा जिसका मार्ग व्यय (वाहन भाड़ा) एवं दैनिक मजदूरी कार्यालय द्वारा देय नहीं होगा।
5. प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अति आवश्यक है।

उम्र न्यूनत्म 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अंदर हो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 356688 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 25-26 (D)

झारखंड आंदोलनकारियों को पहचान पत्र जारी करेगा मंच

चंदवा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी मंच की प्रखंड स्तरीय बैठक कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष धनेश्वर उरांव एवं संचालन जितेंद्र सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड के विभिन्न गावों से चिन्हित आंदोलनकारी उपस्थित हुए थे। सर्वप्रथम सभी ने राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सर्वसम्मति से प्रखंड के सभी चिन्हित आंदोलकारियों को मंच के द्वारा फोटो पहचान पत्र निर्गत करने एवं 15 नवम्बर को झारखंड आंदोलनकारी सम्मान समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बेलस टोप्पो, सुजीत कुमार, सरयू उरांव, सुरेंद्र भगत, गुलाब प्रजापति, मदन उरांव, फूलचन्द गंझू, रामधनी साव, मुनेश्वर गंझू, विष्णुदेव गंझू, मनबहाल सिंह, विरेन्द्र खरवार, भृगुराज सिंह, सोहरी देवी, सरस्वती देवी, उषा देवी, भोला पाहन समेत कई आंदोलनकारी मौजूद थे।

कुलपति ने महिला व मॉडल डिग्री कॉलेज का किया निरीक्षण

दोनों कॉलेज में जल्द शुरु होगा शिक्षण कार्य : कुलपति

फोटो : 4
नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। सरकारी डिग्री कॉलेज की कमी की समस्या अब लातेहार जिले में जल्द ही खत्म होने वाली है। जिला मुख्यालय में एक साथ दो-दो डिग्री कॉलेज में पढ़ाई आरंभ होने जा रही है। नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह ने लातेहार में बनकर तैयार महिला डिग्री कॉलेज और मॉडल डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही दोनों कॉलेज में पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से आरंभ किया जाएगा। दरअसल, लातेहार में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं रहने की वजह से, यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा की पढ़ाई में परेशानी होती है। यहां के प्राइवेट कॉलेज में सिर्फ आर्ट्स की पढ़ाई होती है। यदि किसी बच्चे को साइंस की पढ़ाई करनी हो तो उसे लातेहार से बाहर जाना पड़ता है। लातेहार को जिला बने लगभग 25 साल हो चुके हैं। बावजूद जिले में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं होने से स्थानीय बच्चे पढ़ाई में पिछड़ रहे थे। अब यह समस्या समाप्त होगी।

कुलपति के दौरे के बाद जगी उम्मीद : नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मॉडल डिग्री कॉलेज और महिला डिग्री कॉलेजे के भवन और प्रांगण का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि दोनों कॉलेज में जल्द ही सुचारू रूप से शिक्षण कार्य आरंभ करवाया जाएगा। इसके अलावा कॉलेज के कैंपस को भी विकसित किया जाएगा। कुलपति ने इस दौरान भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को भी कई आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर डीडीसी सैय्यद रियाज अहमद भी उपस्थित रहे।

> विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है. कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ यहां कॉलेज स्टाफ के लिए भी सुविधाएं विकसित करने की योजना है।
>
> **डॉ. दिनेश कुमार सिंह, कुलपति, नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी**

युवक से नकद व मोबाइल की लूट

चंदवा। थाना क्षेत्र के हाई स्कूल खेल स्टेडियम के समीप सोमवार की सुबह चार अपराधियों ने चाकू के बल पर एक युवक से नकद व मोबाइल लूट लिये। अपराधियों का शिकार बने युवक अजय कुमार (पिता रामदेव सिंह, केंदुआही) ने बताया कि सोमवार की सुबह वह ट्रेन से टोरी जंक्शन उतरा। स्टेडियम की ओर से गुजरने के दौरान चार युवकों ने उसे चाकू का भय दिखाते उसे झाड़ियों की ओर ले गए। बदमाशों ने उसके पास से 20 हजार पांच सौ रुपये नगद और मोबाइल को लूटकर फरार हो गए। इस मामले को लेकर युवक चंदवा थाना पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी के बाद पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ को लेकर छापामारी अभियान चला रही है।

नारे तकबीर अल्लाह हो अकबर से गूंजा क्षेत्र

बारियातू। हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में रविवार को मुहर्रम का पर्व पूरे प्रखंड में रिमझिम बारिश के साथ श्रद्धा, शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पारंपरिक अंदाज में ताजिया व अलम के साथ जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल जंगियों ने लाठी, तलवार और भाला से हैरतअंगेज करतब दिखा कर लोगों को आकर्षित किया। प्रखंड मुख्यालय के अलावा इटके, साल्वे, शिबला, नावाडीह, बठेठ, रत्नादाग, फुलसु, रहमत नगर समेत कई गांवों के मुस्लिम समाज के लोगों ने मुहर्रम में भाग लिया। प्रखंड मुख्यालय में स्टार व ताज नवयुवक कमेटी द्वारा रिमझिम बारिश के बीच इमामबाड़ा से जुलूस निकाला गया, जो एनएच-99 होते हुए बस स्टैंड तक पहुंचा। जुलूस के दौरान कई स्थानों पर मेले का आयोजन भी किया गया।

लचर बिजली व्यवस्था से क्षुब्ध हैं कामत गांव के ग्रामीण

चंदवा। प्रखंड के कामता गांव को चंदवा फीडर से हटाकर नगर फिटर से जोड़ने के खिलाफ कामता में किसानों ने मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए रोष प्रकट किया। साथ ही सरकार व प्रशासन को जगाने का प्रयास किया। किसान नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि पिछले करीब तीन चार दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। विद्युत आपूर्ति नहीं होने से लगता है कि किसान ढिबरी व लालटेन युग में लौट आये हैं। शाम होते ही गांवों में अंधेरा छा जाता है। बारिश के मौसम में जहरीले सांप, बिच्छू का खतरा बना रहता है। किसानों ने उपायुक्त से तत्काल बिजली समस्या को दुर करने की मांग किया है। धरना प्रदर्शन में शामिल होने वाले किसानों में नजमुद्दीन खान, मोफीद खान, पिंटु खान, वाहीद खान, जहांगीर खान, एजाज खान, टिंकु खान, शाबा खान, सफीद खान, बशीर खान, याकूब मियां, अमजद खान, फरदीन खान, रिजवान खान, नुर मोहम्मद खान, शमीम खान, बीतन खान, वारिश खान, शहजान खान समेत कई लोग शामिल थे।

इटके में केयर एण्ड क्लिनिक हेल्थ सेंटर का हुआ उद्घाटन

बारियातू। प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम स्थित चार मोहान के समीप सोमवार को केयर एण्ड क्लिनिक हेल्थ सेंटर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,पंचायत की मुखिया शांति देवी,पंचायत समिति सदस्य मो. होजैफा,समाजसेवी मो. सालिम,हाजी शोएब,सलाउद्दी उर्फ फुचानी केयर एण्ड क्लिनिक के संचालक फार्मासिस्ट अबु होरैरा ने संयुक्त रूप से फिता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। उद्घाटन के पश्चात आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आज भी एक चुनौती है। केयर एण्ड क्लिनिक जैसे सेंटरों की शुरूआत इस दिशा में एक सकारात्मक पहल है। पंचायत की मुखिया शांति देवी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में इस प्रकार का हेल्थ सेंटर शुरू हुआ है। इससे क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सेंटर की सेवाओं का भरपूर लाभ उठाएं। समारोह को संबोधित करते हुए सेंटर के फार्मासिस्ट होरैरा ने कहा कि केयर एण्ड क्लिनिक का उद्देश्य गांव में ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। सेंटर में प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ के साथ-साथ टेलीमेडिसिन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे विशेषज्ञ डॉक्टरों की राय ग्रामीणों को सुलभ हो सकेगी। मौके पर मो. प्रवेज आलम, मो. साजन, मो. दर्दा, मो. सलमान, मो. असलम, मो. शमीम, मो. फैसल सहित कई अन्य उपस्थित थे।

इमाम हुसैन ने अन्याय के खिलाफ अपनी शहादत दी थी : रामचंद्र सिंह

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़। मोहर्रम इत्तजामिया कमिटी जनरल खलीफा तनवीर अहमद नायब खलीफा शमशाद अंसारी के नेतृत्व में सोमवार को मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। जूलूस सुबह 10 बजे जरहाटोली से प्रारंभ हुआ जो गुरगुरटोली एवं अम्बोवाटोली होते डीपाटोली पहुंचा, खेल-करतब दिखाते, जुलूस शास्त्री चौक पहुंचा, जहां मोहर्रम कमिटी के खलिफा एवं नायब खलिफा की पगड़ी पोशी की गई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों ने अन्याय के खिलाफ न्याय के लिए अपनी शहादत दी. इमाम हुसैन ने कर्बला में सिखाया कि पीड़ित रहकर और अपनी जान देकर कैसे लड़ाई जीती जा सकती है. आज भी इमाम हुसैन की शहादत पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का श्रोत है. इस समारोह का सफल आयोजन में जामा मस्जिद के सदर इमरान खान, सिक्रेटी महजर खान, नुरुल अंसारी, शाहिद कमाल आदि का योगदान सराहनीय रहा। अनुमंडल के आलाधिकारी पूरे विधि व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए हुए थे। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि एसडीओ बिपिन कुमार दूबे, डीएसपी शिवपूजन बहेलिया, बीडीओ संतोष कुमार बैठा, सदर इमरान खान, सदर मजूंल अंसारी, सदर असीम जफर, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिध इफ्तेखार अहमद, प्रमुख कंचन कुजूर, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुमित सिन्हा, हिन्दू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल, फादर दिलीप, रामनरेश ठाकुर, अजय प्रसाद, डॉ एके शाह, नूरूल अंसारी,रानू खान, अमीर सुहेल, फहीम खान, भानु प्रसाद, खजिमुद्दीन खान, सीताराम प्रसाद, भुनेश्वर सिंह, बिहारी जायसवाल, परवेज आलम एवं सभी पंचायत का मुखिया का मोहर्रम इंत्तजामिया कमिटी की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. पगड़ीपोशी भी कि गई। प्रखंड के विभिन्न गांवो से आये खिलाड़ीयो ने तलवार, भाला, बाना, फरसा डंडे से जोखिम भरा करतब दिखायें. कार्यक्रम में भाग लेने वाले खिलाडियों को मोहर्रम इंत्तजामिया कमिटी द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया।

मुहर्रम के दौरान बस स्टैंड में खेल-करतब का हुआ कार्यक्रम

फिर जुलूस बस स्टैंड पहुंचा, जहां मोहर्रम इंत्तजामिया कमिटी द्वारा बनाये मंच पर जूलूस खेल-करतब में बदल गया। मोहर्रम के इस कार्यक्रम के मद्देनजर लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए थे, चौक चौराहे पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी. बस स्टैंड स्थित मंच पर मेडिकल टीम भी मौजूद रही।

चौकीदार का जरूरी कागजात हुआ गुम

बेतला (लातेहार)। बरवाडीह थाना में कार्यरत चौकिदार महेश्वर सिंह का मुहर्रम में रविवार को दिन के 1 बजे से रात के 2 बजें के बीच ड्यूटी के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड,आरसी बुक गाड़ी का पेपर और एटीएम कार्ड कुटमू, सरईडीह,पोखरी कलां के बीच कहीं गिर गया है। अगर किसी को भी ये कागजात मिले तो 6200787286 नम्बर पर संपर्क कर वापस लौटने का आग्रह किया है।

आपसी विवाद में मारपीट, एक घायल

हेरहंज। थाना क्षेत्र के सलैया ग्राम में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें ग्राम निवासी जगमोहन लोहरा की पत्नी सुनीता देवी 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजनों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार की पश्चात सुनीता देवी की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मारपीट की घटना में घायल महिला का सिर फट गया है और शरीर की कई जगह पर गंभीर चोट लगी है।

डीवीसी का 78वां स्थापना दिवस मनाया गया

डीवीसी अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता है : प्रकाश तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने सात जुलाई को अपना 78वां स्थापना दिवस तुबेद कोल माइन, लातेहार में मनाया। इस मौके पर उप महाप्रबंधक (मैकेनिकल) अलेक्जेन्डर ए कुजूर द्वारा डीवीसी का झंडातोलन किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (खनन) मिथिलेश कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन) दीपक कुमार, उप महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. अलका लाकड़ा, अभिजीत गरई, अरविन्द कुमार, अमित प्रसाद, फैसल नवाज, संजीव कुमार, प्रशांत कुमार एंव अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। मौके पर अलेक्जेन्डर कुजूर द्वारा डीवीसी के स्वर्णिम भविष्य हेतु सभी को मिलजुल कर अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का अह्वाहन किया। आगे कहा कि डीवीसी की स्थापना सात जुलाई 1948 को दामोदर नदी से होने वाली बाढ़ की विभिषिका के रोकथाम के लिए किया गया था। डीवीसी ने कोयला आधारित विद्युत उत्पादन पर भी जोर दिया। आज डीवीसी के चार बड़े बांध न सिर्फ बाढ़ की विभिषिका को रोकते है बल्कि पूर्वी भारत का यह सबसे बड़ा विद्युत उत्पादन करने वाली संस्थान के रूप में स्थापित है। डीवीसी ने सदैव अपने सामाजिक दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वाहन किया है। डीवीसी तुबेद कोल माईंस लातेहार में भी सामाजिक जागरूकता एंव विकास के लिए अनेक कार्य किए है। मिथिलेश कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को इस अवसर पर बधाई दी। डीवीसी के प्रबंधक (मानव संसाधन) रवि प्रकाश तिवारी ने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर तुबेद कोल माइन के कैंप कार्यालय में मधुमेह जागरूकता एंव मुफ्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 75 लोगों का मधुमेह जांच किया गया। उन्होंने बताया कि डीवीसी के द्वारा चार जुलाई को तुबेद कोल माइन लातेहार के कैंप कार्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें डीवीसी के अधिकारी एंव कर्मचारियों ने 53 यूनिट रक्त दान किया था। तिवारी ने बताया कि डीवीसी के द्वारा समय समय पर तुबेद माईंस क्षेत्र के तुबेद, नेवारी, अम्बाझारण, घोवियाझारण, मंगरा एंव डीही गांवो में महिला स्वास्थ्य एंव जागरूकता के कार्यक्रम, वृक्षारोपन, मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर, मुफ्त मोतियाविंद की जॉच एंव ऑपरेशन, ज्ञान प्रकाश मध्य विद्यालय, लाथ में निशुल्क बेंच डेस्क का वितरण समेत कई सामाजिक दायित्व के कार्य किए जाते रहे हैं।

माप से कम अनाज देने से नाराज लाभुकों ने बीडीओ से की शिकायत

मयूरहंड (चतरा)। थाना क्षेत्र के बेलखोरी गांव के लाभुकों ने जनवितरण प्रणाली दुकानदार के खिलाफ प्रखंड कार्यालय में माप से कम आनाज देने को लेकर आवेदन दिया और कार्रवाई की मांग किया। लाभुकों ने लिखित आवेदन में बताया कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार अशोक बैठा सरकार द्वारा निर्धारित माप से कम अनाज देता हैं। लाभुकों से पूरा अनाज मांग किया जाता है, तो वे लाभुकों को डराते धमकाते हुए कहते हैं जहां जाना है जाइए, अनाज इतना ही मिलेगा। इससे क्षुब्ध ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय में आवेदन दिया। आवेदन के माध्यम से निरंजन कुमार, अनीता देवी, कविता देवी, अमित कुमार, कलवा देवी, सुरजी देवी, अर्जुन पासवान, सूरज पासवान, आदित्य महतो शांति देवी, यशोदा देवी समेत कई लोगों ने बीडीओ से न्याय की गुहार लगाया इस संबंध में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया की मामला संज्ञान में आते ही जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

समस्या

ग्रामीणों के बनाये लकड़ी पुल का बीडीओ ने लिया जायजा

सिताही नदी में लकड़ी का पुल बनाकर पार करते हैं ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

जल्द बनेगा सिताही नदी पर पुल : बीडीओ

इधर मामला प्रकाश में आने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद तेतरियाटांड़ स्थित सिताही नदी पहुंचे व बनाए गए लकड़ी के पुलिया का जायजा लिया। प्रखंड प्रशासन के द्वारा तत्काल पहल करते हुए गांव तक पहुंचने को लेकर ग्रामीण पथ को जेसीबी के माध्यम से दुरुस्त भी कराया गया। बीडीओ ने बताया कि उक्त नदी पर पुलिया निर्माण को लेकर स्पेशल डिवीजन से अभियंता टीम द्वारा मापी कराई गई है। जल्द ही उक्त नदी पर पुल निर्माण को लेकर कवायद शुरू की जाएगी।

चंदवा। सरकारें चाहे विकास के लाख दावे कर लें, लेकिन ग्रामीण इलाकों में आज भी कई ऐसे गांव हैं जंहा आजादी के इतने सालों के बाद भी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहे है। बात कर रहे हैं चंदवा प्रखंड अंतर्गत बोदा पंचायत के तेतरियाटांड़ टोले की जहां सड़क एवं सीताही नदी पर पुल नहीं होने के कारण बरसात में टोले का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से कट गया है। लगातार हो रही भारी बारिश एवं नदी में पानी भर जाने के कारण ग्रामीणों को आपात स्थिति में प्रखंड मुख्यालय पहुंचने व विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए स्कूल आने जाने के लिए जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ रही है। विगत 5 वर्षों से ग्रामीणों के द्वारा सिताही नदी पर पुल एवं गांव तक पहुंच पथ निर्माण की मांग प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों से कर रहे है। लेकिन कोई पहल नहीं होता देख बोदा पंचायत समिति सदस्य सुशीला टोप्पो एवं ग्रामीणों ने खुद कदम उठाते हुए इस वर्ष भी बरसात के दौरान किसी प्रकार नदी को पार करने के लिए लकड़ी का वैकल्पिक पुल बनाया है। गांव के बच्चे,बुजुर्ग व युवा एवं महिलाएं सभी एक साथ मिलकर इस कार्य को पूर्ण किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय से तेतरियाटांड़ गांव की दूरी महज लगभग 5 किलोमीटर है। बावजूद इसके सड़क के अभाव में ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए कच्ची सड़क व पगडंडियों के सहारे आवागमन करना पड़ता है, सीताही नदी पर पुल नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों की परेशानी दोगुनी हो जाती है। ग्रामीण बताते हैं कि उक्त गांव में दो दर्जन परिवार निवास करते हैं व गांव की आबादी ढाई सौ के करीब है। गांव में ज्यादातर लोग अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं, लेकिन दुर्भाग्य की आज तक इस ओर न हीं प्रशासन का ध्यान गया है और नहीं किसी जनप्रतिनिधि का, जिस कारण ग्रामीणों में रोष है। बताते चले कि शनिवार को इस नदी में डूबने से बिशुन गंझु की मौत हो गई थी।

न्यूज बॉक्स

मुहर्रम पर निकला ताजिया जुलूस

हेरहंज। हजरत इमाम हसन और हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम के अवसर पर हेरहंज प्रखण्ड के चिरु पंचायत अंतर्गत बड़ा रोहन,छोटा रोहन,बिजरा,सेरका, डूमर टांड एवं घुटाम के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को भव्य ताजिया जुलूस निकाला गया। साथ ही चरकी टोंगरी मोफिल टांड में लाठी खेल प्रतियोगिता एवं मेले का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार, थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया, विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र यादव,जिप सदस्य चंचला देवी, उपप्रमुख विजय उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कमिटि के लोगों ने अतिथियों का स्वागत पगड़ी बांधकर किया।

सर्पदंश से किशोर की मौत

चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत मालहन पंचायत के गनियारी गांव के प्रतापीटांड़ निवासी एतवा मुंडा के 16 वर्षीय पुत्र रूपेश मुंडा को शनिवार रात एक जहरीले सांप ने डंस लिया था। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। आनन फानन में रूपेश को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां किशोर की बिगड़ती हालत देख चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि विजय दुबे पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। विजय दुबे ने सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की बात कही। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

माई भारत के स्वयंसेवक इपीएल कार्यक्रम

लातेहार। राष्ट्रीय सेवा योजना, बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार के स्वंसेवक माय भारत के इंडिया पोस्ट ईएलपी कार्यक्रम के तहत स्थानीय पोस्ट ऑफिस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि स्वयंसेवकों को इंडिया पोस्ट कार्यक्रम के लिए मैं शुभकामना देता हूं और वह अच्छी सेवा के माध्यम से अपना व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करें। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने बताया कि बीते 20 जून से यह कार्यक्रम चल रहा है। महाविद्यालय के माय भारत स्वयंसेवक इंडिया पोस्ट में ईएलपी कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन सभी को मैं शुभकामनाएं देता हूं। कार्यक्रम 10 जुलाई तक चलेगा।

रेलवे निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के निर्देश

सिमरिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने मुरवे (सिमरिया) और धनगड्डा (टंडवा) क्षेत्र में रेलवे निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा मानकों में सुधार के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई स्थानों पर बैरिकेटिंग, चेतावनी बोर्ड और रोशनी की व्यवस्था नहीं है। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि एक सप्ताह के भीतर सभी सुरक्षा उपाय पूरे किए जाएं। लाल झंडा, हेलोजन लाइट और वर्षा से सुरक्षा हेतु मजबूत घेराबंदी की जाए। साथ ही, ग्रामीणों की सुविधा के लिए वैकल्पिक सड़क मार्ग को मोटरेबल बनाने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई तय है। एसडीओ ने कहा कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य लोगों की सुरक्षा को खतरे में न डाले।

64 युवाओं को मिला निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण का अवसर

चतरा। समाहरणालय परिसर से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत चयनित 64 युवाओं को रांची के प्रशिक्षण केंद्र भेजा गया। ये युवा डेटा एंट्री क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह पहल झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी और जिला प्रशासन के सहयोग से की गई। प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क और आवासीय है। प्रशिक्षण के बाद युवाओं को नौकरी का अवसर भी मिलेगा। कार्यक्रम में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

मतदाता सूची सुधार को लेकर बीएलए नियुक्ति पर बैठक

चतरा। जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बीएलए की नियुक्ति को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की। चतरा में 475 और सिमरिया में 419 मतदान केंद्र हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक-एक बीएलए नियुक्त किया जाना है, जो बीएलओ के साथ मिलकर मतदाता सूची संशोधन में सहयोग करेगा। राजनीतिक दलों को सॉफ्ट कॉपी देकर जल्द से जल्द प्रशिक्षित बीएलए की सूची सौंपने को कहा गया है। बीएलए उसी क्षेत्र का निवासी होना चाहिए ताकि सही जानकारी मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की नींव है, इसमें सभी दलों की भागीदारी जरूरी है।

डीसी के नाम पर साइबर ठगी का प्रयास जिला प्रशासन ने किया अलर्ट

चतरा। जिले में साइबर ठगों द्वारा पूर्व और वर्तमान उपायुक्त के नाम का दुरुपयोग करते हुए फर्जी कॉल, व्हाट्सएप संदेश और फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजे जाने की घटनाएं सामने आई हैं। ठग नागरिकों और पदाधिकारियों को भ्रमित कर उनसे जानकारी और पैसे लेने की कोशिश कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी अनजान नंबर से उपायुक्त या अन्य पदाधिकारी के नाम से कॉल या मैसेज आए, तो उसे गंभीरता से न लें और कोई व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा न करें। संदिग्ध कॉल या संदेश की जानकारी तुरंत स्थानीय थाना या जिला नियंत्रण कक्ष (9334103793) को दें ताकि संबंधित नंबर पर विधिसम्मत कार्रवाई हो सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी पदाधिकारी द्वारा नागरिकों से सीधे लेन-देन या दस्तावेज की मांग नहीं की जाती है। प्रशासन ने साइबर ठगी के मामलों पर 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई है और आम नागरिकों से सतर्कता की अपेक्षा की है।

सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

लातेहार। जिला खेल स्टेडियम लातेहार में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फुटबॉल को किक करके प्रतियोगिता की शुरूआत की गई। उपविकास आयुक्त ने सभी टीमों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि पूरे उत्साह के साथ खेलते हुये उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। उद्घाटन समारोह में नगर प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी लातेहार, एपीओ रोहित कमार, शारीरिक खेल शिक्षक उदय कुमार, पंकज कुमार सिंह, सुनील कुमार, उत्तम कुमार समीर तिलगा समेत कई लोग उपस्थित थे।

शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समग्र शिक्षा, प्रखण्डवार नामांकन एवं आच्छादन, पोशाक, छात्रवृति, मध्याह्न भोजन, पोषण वाटिका से संबंधित समीक्षा कर जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में सर्वप्रथम पीएम पोषण योजना की प्रगति की समीक्षा के क्रम में स्कूलों में पोषाहार वितरण, मध्याह्न भोजन शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने के लिए उपायुक्त ने बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों को निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बरवाडीह के कार्य में लापरवाही को देखते हुए और विभागीय कार्यों में निर्धारित अवधि में सुधार नहीं होने पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बरवाडीह के विरुद्ध प्रपत्र 'क' गठित करने का निर्देश दिया। सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत हर माह कम से कम 15 स्कूलों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

लापता पुत्र की तलाश में दर-दर भटक रहें परिवार के लोग

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। थाना क्षेत्र के जोगना ग्राम से नाबालिक पुत्र का लापता होने पर माता पिता व परिवार चिंतित हैं। वही पुत्र को खोजने के लिये परिजनों ने स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाया है।विदित हो कि जोगना ग्राम से तीन जुलाई को एक नाबालिक बच्चा लापता हो गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नही मिलने पर बच्चे के पिता जोगना ग्राम निवासी मनोज उरांव ने बताया कि मेरा 10 वर्षीय पुत्र हिमांशु उरांव लापता है.जिसे तीन दिनों से हम सभी परिवार खोजने और के लिये पागलों की तरह इधर उधर भटक रहें है। परंतु अभी तक बच्चा का कोई सुराग नही मिला है। मेरा बेटा घर के समीप खेल रहा था। जो खेलते खेलते घर के समीप से गायब हो गया। काफी खोजबीन के दौरान जब बच्चा का कुछ पता नही चला तो 6 जुलाई को सेन्हा थाना पहुंचा आवेदन देते हुए बच्चा को खोजने के लिये प्रशासन से मदद का अपील किया है।

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, तीन घायल

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा। भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के सेगरा टोली के समीप हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। मृतक की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही गांव निवासी जटा उरांव के पुत्र सूरज उरांव (25 वर्ष) के रुप में हुई है। पहला सड़क दुर्घटना मेला देख कर अपने स्कूटी से दोस्त के साथ घर लौट रहे बरही गांव निवासी अतुल उरांव के पुत्र कुलदीप उरांव (23 वर्ष) को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसके दोस्त बरही गांव निवासी जटा उरांव के पुत्र सूरज उरांव की मौत हो गई।

जबकि दूसरी सड़क दुर्घटना भी सेगरा टोली के समीप हुई है। जिसमें धनबाद के लोयाबाद निवासी दुर्गा दास के पुत्र रोहित कुमार (24 वर्ष) अपने पल्सर मोटर साइकिल से अपने महिला दोस्त रांची सरना टोली निवासी भूमिका रानी के साथ मेला देख कर लोहरदगा जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें भूमिका रानी की स्थिति गंभीर है। जिसे प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर किया गया।

दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोग गंभीर

भंडरा। भंडरा-सोरंदा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के कुसुमडीपा के समीप दो मोटर साइकिल के आमने सामने भिड़ंत होने से तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसमें दो लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि एक घायल महिला को प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बता दें कि भंडरा थाना क्षेत्र के सोरंदा गांव निवासी सिराजुद्दीन अंसारी के पुत्र आलिम अंसारी उर्फ चरकू (40वर्ष) अपने मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी सईदा बीबी (35 वर्ष) के साथ खेत गोभी तोड़ने जा रहा था, तभी कुसुम डीपा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे भौंरो गांव निवासी रियाक अंसारी के पुत्र जब्बार अंसारी (35 वर्ष) के मोटर साइकिल से भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों मोटर साइकिल सवार एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जब्बार अंसारी व आलिम अंसारी को रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि घायल महिला को सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

शांति व सद्भाव के साथ निकला मुहर्रम का जुलूस, या अली या हुसैन के नारों से गूंजा लोहरदगा

हमें सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए : थाना प्रभारी

- रहती दुनिया तक कायम रहेगा इमाम ए हुसैन का नाम: अब्दुल रउफ अंसारी

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। त्याग व बलिदान का त्यौहार मुहर्रम लोहरदगा जिला में शांति एवं सद्भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोहरदगा नगर क्षेत्र में जोशो-खरोश के साथ पारंपरिक हथियारों के साथ मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। विभिन्न मुहल्लों के अखाड़े और जुलूस सर्वप्रथम जामा मस्जिद के समीप एकत्रित हुए। जिसके बाद अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव सैयद शाहिद अहमद बेलू, कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रत्नेश मनोहर ठाकुर, नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, अनवर अंसारी, मोजम्मिल अंसारी, सरवर खान, सिराज अंसारी, कादिर अंसारी, वासिफ कय्यूम, सरवर आलम आदि के द्वारा सभी अखाड़ों का स्वागत किया गया। मौके पर थाना प्रभारी श्री ठाकुर ने कहा कि मुहर्रम हमें असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देता है। इसलिए हम सबको जीवन में हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए। साथ ही असत्य व हिंसा के विरुद्ध हमेशा आवाज उठानी चाहिए। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि रहती दुनिया तक इमाम ए हुसैन का नाम पूरी दुनिया में कायम रहेगा। इमामे हुसैन ने अपने खून से इस्लाम को सींचा है। इमाम ए हुसैन की शहादत हमें संदेश देता है कि बुराई करने वाला व्यक्ति चाहे जितना भी बड़ा क्यों ना हो कभी उसके सामने सर ना झुकाएं, बल्कि उसकी बुराई के खिलाफ आवाज उठाएं। मौके पर अबरार कुरेशी, जाहिद अहमद, सुभान अंसारी, मुमताज अंसारी, मुनीरउद्दीन अंसारी, खादिम खान, इकबाल खान, सुभान अंसारी, हसनैन खलीफा, सफीक अंसारी, अब्दुल खालिद, लुकमान अंसारी, टिंकू खलीफा, असगर अंसारी आदि मौजूद थे। तत्पश्चात अंजुमन इस्लामिया व केन्द्रीय मुहर्रम कमेटी के नेतृत्व में विभिन्न मोहल्लों से आए अखाड़े जुलूस की शक्ल में शहर में भ्रमण किया। इस दौरान शहीदे कर्बला की याद में लोगों ने जमकर नारे लगाए। इमामे हुसैन जिंदाबाद, इमामे हसन जिंदाबाद, शहीदाने करबला जिंदाबाद के नारे लगाए गए तथा शहीदे कर्बला की याद में कलाम गाए गए। साथ ही विभिन्न मोहल्लों के अखाड़ों के द्वारा हैरतअंगेज करतब भी दिखाए गए। वहीं विभिन्न मोहल्लों से निकले जुलूस में मोहर्रम को लेकर झांकी भी बनाई गई थी। तथा अखाड़ों के द्वारा जगह-जगह रुककर करतब भी दिखाए जा रहे थे। जुलूस में मुख्य रूप से कुरैशी मोहल्ला, थाना टोली, बूचन गली, न्यू रोड, अमला टोली, मिल्लत कॉलोनी, इस्लामनगर, राहत नगर, तैगी नगर, बांग्ला आजाद बस्ती, पावर गंज, अंजुमन मोहल्ला, करचा टोली, जुरिया, निंगनी गंगू पारा सहित विभिन्न मोहल्लों के जुलूस शामिल थे। जुलूस को लेकर जिला प्रशासन भी सतर्क नजर आई। उपायुक्त सह जिलाधिकारी दंडाधिकारी डॉ ताराचंद, पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर संवेदनशील जगहों पर भारी संख्या में पुलिस बल व दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी। कई जगहों पर बैरिकेडिंग कर यातायात को नियंत्रण किया गया था। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन के लोग मुस्तैदी से तैनात रहे। एसडीओ अमित कुमार, नगर परिषद प्रशासक मुक्ति किड़ो, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर तिर्की के नेतृत्व व निदेशन में सदर सीओ, बीडीओ, इंस्पेक्टर व सुरक्षा के जवान विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते रहे। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

एसडीओ और डीएसपी ने लिया मोहर्रम मेला का जायजा

सेन्हा। मोहर्रम के अवसर पर सेन्हा में लगने वाले मेला का अनुमंडल पदाधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक द्वारा भ्रमण कर मेला स्थल और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया. अंजुमन इस्लामिया सेन्हा की निगरानी में सोमवार को मोहर्रम कमिटी सेन्हा मेला आयोजित किया गया. वही मेला आयोजन से पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार और पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार तिर्की ने मेला स्थल और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए मेला आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वही एसएडीओ अमित कुमार ने कहा कि मेला आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इन्तिजाम किया गया है। ड्रोन कैमरा से मेला और जुलूस की निगरानी होगी। जो भी लोग शांति भंग करने के उद्देश्य से शोसल मीडिया या किसी भी माध्यम से अफवाह फैलायेंगे तो शरारती तत्वों के विरुद्ध नियम संगत कठोर करवाई की जायेगी।

मुहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन पर अंजुमन इस्लामिया ने जताया आभार

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। मुहर्रम के पावन अवसर पर लोहरदगा में आयोजित तमाम कार्यक्रमों की सफल, शांतिपूर्ण व भव्य रूप से सम्पन्नता के उपरांत अंजुमन इस्लामिया की ओर से सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त किया गया है। अंजुमन इस्लामिया के सदर जनाब अब्दुल रऊफ अंसारी एवं सचिव शाहिद अहमद बेलू ने एक संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि इस बार का मुहर्रम जुलूस, पहलाम, कर्बला में मेला, सातवीं और 10वीं की मुहर्रम जुलूस जैसी कार्यक्रम जिस तरह से शांति, अनुशासन और आपसी सौहार्द के साथ सम्पन्न हुआ, वह लोहरदगा की साझा तहजीब और भाईचारे का प्रतीक है।उन्होंने विशेष तौर पर जिला उपायुक्त डॉ. ताराचंद और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी सहित संपूर्ण जिला प्रशासन, पुलिस विभाग के अधिकारीगण, थाना प्रभारियों, जवानों, नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मियों व सिविल सर्जन सहित सभी चिकित्सा कर्मियों सहित स्वास्थ्य विभाग की भूमिका की सराहना की। कहा कि प्रशासनिक तत्परता व सहयोग से ही कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जा सका। सदर व सचिव ने अंजुमन इस्लामिया के सभी पदाधिकारीगण व मेंबरान, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के सभी कन्वेनर, सदस्यगण और अखाड़ों के लाइसेंसी (खलीफा) तथा उस्तादों के समर्पण और अनुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग और समुदाय ने मिल-जुलकर इस ऐतिहासिक अवसर को गरिमा प्रदान की। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के पत्रकारों एवं संवाददाताओं को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने सटीक, संवेदनशील और संतुलित रिपोर्टिंग के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश फैलाया। साथ ही, जुलूस का स्वागत करने वाली विभिन्न संस्थाओं, स्वयंसेवकों और नागरिकों का भी विशेष आभार जताया गया, जिन्होंने पानी, शरबत, मेडिकल सहायता, ट्रैफिक नियंत्रण जैसे कार्यों में अहम भूमिका निभाई। अंत में अंजुमन इस्लामिया ने उम्मीद जताई कि लोहरदगा की यह गंगा-जमनी तहजीब और आपसी भाईचारा भविष्य में और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने सभी समुदायों से इसी तरह एक-दूसरे की आस्थाओं का सम्मान करते हुए सामाजिक समरसता को बनाए रखने की अपील की।

कैरो व चरीमा में मुहर्रम मेले का भव्य आयोजन, तीन दिनों तक निकला जुलूस

कैरो। दसवीं मुहर्रम के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के चरीमा और कैरो में पारंपरिक हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मुहर्रम मेला आयोजित किया गया। इस मौके पर सातवीं मुहर्रम से ही विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी थी। कैरो, उतका, नवाटोली, नरौली, गजनी, गराड़ीह, चाल्हो, सढ़ाबे, गितिलगढ़ सहित दर्जनों गांवों से ताजिया जुलूस निकाला गया जो कैरो मेला टांड़ पर समापन हुआ। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में अखाड़ों द्वारा लाठी-डंडा खेल, हैरतअंगेज करतब एवं नुमाइश का प्रदर्शन किया गया। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को पगड़ी पहनाकर, बैच लगाकर एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहायक निदेशक (सोशल ऑडिट) प्रमोद कुमार ने कहा कि "दसवीं मुहर्रम शहीदों की याद में मनाया जाता है। हजरत मोहम्मद साहब के नवासों ने हक और इस्लाम की खातिर अपने प्राणों की कुर्बानी दी, जिससे इस्लाम आज भी जीवित है।" पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि "मुहर्रम त्याग और बलिदान का प्रतीक है। ऐसे पर्व आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।" कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी अखाड़ों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मेला शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य, अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव, थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, डॉ. राकेश प्रसाद, सहित कई मुहर्रम कमिटी के पदाधिकारी, सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुहर्रम मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन

भंडरा। प्रखंड मुख्यालय बस्ती व आकाशी में सोमवार को हुसैनी मुहर्रम मेला कमिटी द्वारा मुहर्रम मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे खिलाड़ियों द्वारा अपने हैरत अंगेज खेल के प्रदर्शन से लोगों को ताली बजाने को विवश कर दिया। अकाशी बगीचा में आयोजित मुहर्रम मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार व थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि मुहर्रम का त्यौहार आपसी भाईचारा को बढ़ावा देता है। कोई भी त्यौहार आपसी सद्भाव को बढ़ावा देता है। भंडरा प्रखंड की पहचान एक आदर्श प्रखंड के रुप में होती है। जहां हर धर्म समुदाय के लोग एक दूसरे के त्योहार में सहयोग कर आपसी भाईचारा को बढ़ाते आ रहे है। जिसे हम सभी को हमेशा बरकरार रखना है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार में जिस तरह हर धर्म के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है। ऐसा आपसी सद्भाव सराहनीय है। इससे पूर्व मुहर्रम मेला कमिटी द्वारा अतिथियों का स्वागत पगड़ी पोसी कर किया। साथ ही मुहर्रम मेला कमिटी में पहुंचे खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जबकि भंडरा बाजार टांड़ में हुसैनी मुहर्रम मेला कमिटी द्वारा आयोजित अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि हाजी अब्दुल जब्बार ने फीता काटकर किया। मौके पर महबूब अंसारी, शशिकांत उरांव, संजर अंसारी,नौसाद अंसारी, तबरेज अंसारी, फिरोज अंसारी, आलम अंसारी, मेराज अंसारी, सिकंदर खान, महमूद अंसारी, शाहिद अंसारी, समसेर अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

कुड़ में शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया मोहर्रम

कुड़/लोहरदगा। कुड़ प्रखंड में मोहर्रम का पर्व शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के नेतृत्व में विभिन्न गांवों के अखाड़ों ने जुलूस में भाग लिया और कर्बला में आयोजित मेले में हैरतअंगेज नुमाइशी खेल दिखाए। हजारों की संख्या में लोगों ने मेले का आनंद लिया और फतिहा पढ़ी। कमेटी अध्यक्ष सलीम आमिर व सचिव ऐनुल अंसारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रशासन व सभी वर्गों का सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि कुड़ की गंगा-जमुनी तहजीब इस बार भी कायम रही। इस अवसर पर कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

विशाल कांवर यात्रा में शामिल होने को लेकर सीएस डॉ शंभूनाथ चौधरी को दिया आमंत्रण पत्र

लोहरदगा। महाकाल क्लब लोहरदगा के बैनर तले में 13 जुलाई, दिन रविवार को सावन की पहली सोमवारी पर भोले बाबा के दरबार पहाड़ी मंदिर रांची में जलाभिषेक के लिए 75 किमी का विशाल पैदल कांवर यात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारी जोरों शोर से चल रही हैं। इसको लेकर महाकाल क्लब के अध्यक्ष रितेश कुमार और महासचिव निश्चय वर्मा ने जिले के असैनिक शल्य चिकित्सक सह सदर अस्पताल के सीएस डॉ शंभूनाथ चौधरी को आमंत्रण पत्र देकर इस विशाल कांवर यात्रा में शामिल होने के लिए अपील किया गया। मौके पर सीएस ने कहा कि ये नेक कार्य हैं। उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ जिले में सुख शांति बनाए रखें यही मेरी कामना है। श्रावण मास एक पवित्र महीना है। जिस माह में सनातन धर्मावलंबी भोले बाबा को खुश करने के लिए विभिन्न मंदिरों में पहुंच जलाभिषेक करते हैं। इस क्रम में लोहरदगा से रांची तक की दूरी पैदल पूरी करते हुए पहाड़ी बाबा में जलाभिषेक करना एक बड़ा धार्मिक आयोजन है। कहा इस क्रम में यात्रा के दौरान किसी प्रकार की विकट परिस्थिति से निपटने के लिए कांवरियों के साथ एंबुलेंस एवं मेडिकल टीम भी भेजी जाएगी। कहा समाज के लोग इस तरह के आयोजन से एकजुट होते हैं। अपनी सहमति देते हुए कहा कि अगर समय मिला तो इस कांवर यात्रा में जरूर शामिल होंगे। मौके पर महाकाल क्लब के,अमित वर्मा, सचिन सिंघानिया, सुमित घोष, रोहित ओझा, विक्रम चौहान, हिमांशु केशरी, जयप्रकाश शर्मा, सत्यम कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

क्षेत्र में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाना है : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा। प्रखंड कार्यालय में सोमवार को प्रखंड स्तरीय परिवार कल्याण समिति सदस्यों की बैठक बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रखंड प्रमुख बरिया देवी, उप प्रमुख राजमनी उरांव, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार, बाल विकास परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षिका लीलावती कुमारी, बीटीएम मेरी बेक, साजिद अहमद शामिल हुए। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि प्रखंड स्तरीय परिवार कल्याण समिति सदस्यों का बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रखंड में परिवार नियोजन के प्रति संचालित कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए प्रभावी बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम बताते हुए लोगों को जागरूक करने की बात कही है। मौके पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार ने कहा कि प्रखंड के सभी गांव में प्रत्येक माह के 11 तारीख को परिवार नियोजन को लेकर परिवार कल्याण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। किसी माह में 11 तारीख को सरकारी अवकाश होने पर अगले दिन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें ग्रामीणों को संबंधित पंचायत के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा परिवार नियोजन के उद्देश्य के साथ-साथ छोटा परिवार सुखी परिवार के स्लोगन के प्रति जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में परिवार नियोजन से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें जागरूक महिलाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाता है।

डीएवी में वन महोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा वन महोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत के लोगों के पास पेड़ों से संबंधित कई त्यौहार हैं। ऐसा ही एक त्यौहार है वन महोत्सव। वन महोत्सव की शुरुआत 1950 में तत्कालीन केंद्रीय कृषि और खाद्य मंत्री केएम मुंशी ने लोगों में वन संरक्षण और पेड़ लगाने के लिए उत्साह पैदा करने के लिए की थी। पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं। बल्कि तमाम प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बचा सकते हैं। विद्यार्थियों में वनों के महत्व को समझते हुए उनके प्रति लगाव की भावना जागरूक करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को हरे रंग के वस्त्र धारण करने के साथ-साथ वनों के महत्व पर आधारित स्लोगन लेखन तथा कविता वाचन करना था। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें कक्षा नर्सरी एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने बड़ा ही मनमोहक प्रदर्शन किया। कक्षा प्रथम की प्रतियोगिता में अर्पिता कुमारी, कन्यका कुमारी, सैसा सुदीप, वेदिका गुप्ता, निहारिका रंजन, राधिका उरांव, आरोही गोयल, अंजना कच्छप, कोमल दीक्षित, ऋत्विक कुमार, जूही रानी, साक्षी भगत, जयेश कुमार, वेदिका मेहता, अंस रंजन, विवान राज तथा अलीशा केरकेट्टा ने तथा कक्षा द्वितीय में पाही पूर्वी, अनन्या कुमारी, अलिका अंबर, सुफियान, काव्या मुखियार, प्रतिष्ठा गोराई, सेजल भगत, काव्य तरूशी, अन्वी रानी, नितारा साहू तथा ईशानवी राज ने स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अश्विन पात्रों, सोमिता दास, रजनी प्रसाद, व रिनी कुमारी ने निभाई।

विधायक के प्रयास से लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। किस्को प्रखंड मुख्यालय के समीप कुछ दिनों से 100केवी का ट्रांसफार्मर जली हुई थी। जिससे ग्रामीणों के रोशनी एवं छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए काफी परेशानी हो रही थी।उक्त समस्या को लेकर ग्रामीणों के द्वारा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को समस्या से अवगत कराया गया।जिससे डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा प्राथमिक देते हुए संबंधित विद्युत अभियंता से बात कर समस्या का समाधान किए जिससे 100केवी का ट्रांसफार्मर लगा एवं रोशनी आई। जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद के द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव अपने विधानसभा के क्षेत्र के समस्याओं एवं विकास के लिए संकल्पित है। ग्रामीण अपनी समस्या को रखे उनका समाधान किया जा रहा है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा आज 100केवी का ट्रांसफार्मर लगाए जाने से लोगों में हर्ष है जिससे ग्रामीणों का समस्या दूर हुए जो भी समस्या आती है उससे कांग्रेस पार्टी हमेशा समाधान करने का कार्य करती है जिसमें लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव का सराहनीय कार्य रहा है। मौके पर मुख्य रूप से किस्को 20सूत्र अध्यक्ष सामुल अंसारी, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष युनूस अंसारी,नुसरत अंसारी, एकरामुल अंसारी, उल्फत अंसारी, इमाम जफर, के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

एम्बुलेंस सेवा के नाम पर दो मरीजों से 9 हजार रुपये वसूले जाने का आरोप

सदर अस्पताल भेजने के नाम पर परिजनों से वसूली, जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिले के निजी अस्पताल द्वारा एम्बुलेंस के नाम पर दो मरीजों से गुमला सदर अस्पताल पहुंचाने के एवज में 9000 रुपए वसूले जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिले के शहरी क्षेत्र स्थित न्यू संजीवनी हॉस्पिटल में हगरु उरांव और लालजीत उरांव इलाजरत थे। जिन्हें अस्पताल रेफर किया गया। न्यू संजीवनी हॉस्पिटल द्वारा एम्बुलेंस के नियमों की अनदेखी कर एक ही एम्बुलेंस में दो मरीजों को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एम्बुलेंस चार्ज के नाम पर दोनों मरीजों से 9000 रुपए वसूले गए। जहां सरकारी अस्पतालों द्वारा मरीजों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। वही निजी अस्पतालों द्वारा एम्बुलेंस के नाम पर मरीजों से लूट मचाई जा रही है। वही न्यू संजीवनी हॉस्पिटल द्वारा एम्बुलेंस का न तो परमिट बनाया गया और ना ही वाहन एम्बुलेंस के नाम पर रजिस्ट्रेशन किया गया है। निजी वाहन पर एम्बुलेंस लिखकर चलाया जा रहा है। जहां गुमला जाने के लिए भाड़े के वाहनों में महज 2000 हजार रुपए किराया लगता है। वही अस्पताल द्वारा 9000 हजार रुपए वसूल लिए गए।



दोषी अस्पताल पर नियम संगत करवाई की जाएगी : सिविल सर्जन

मामले को लेकर लोहरदगा सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी ने कहा एम्बुलेंस सेवा जनहित के लिए किया जाता है और निजी अस्पताल द्वारा एम्बुलेंस के नाम पर मरीजों का दोहन किया जा रहा है जो पूरी तरह से गलत है। ये गबन का मामला है। पूरे मामले को लेकर उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और दोषी अस्पताल पर नियम संगत करवाई की जाएगी।

पालकोट में चुनावी तैयारी तेज़

पालकोट। आगामी चुनाव को लेकर पालकोट प्रखंड कार्यालय सभागार में आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रामलखन सिंह यादव ने की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) एवं बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। बैठक में मतदान केंद्रों के नजरी नक्शा की मैपिंग और जियो फेंसिंग कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज इन दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि थी।

गिद्दखोता के नव प्राथमिक विद्यालय की जर्जर हालत

बारिश में जान जोखिम में डालकर पढ़ रहे 60 बच्चे, विभाग मौन

नवीन मेल संवाददाता

रायडीह (गुमला)। रायडीह प्रखंड अंतर्गत सुरसांग थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्राम गिद्दखोता स्थित नव प्राथमिक विद्यालय की स्थिति अत्यंत दयनीय और चिंताजनक है। वर्ष 2010 में निर्मित इस विद्यालय भवन की अब तक कोई भी मरम्मत नहीं की गई है, जिससे भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है।

लगातार बारिश और लापरवाही के कारण विद्यालय भवन खतरे में तब्दील हो गया है, जहां 60 नामांकित बच्चे हर दिन जान हथेली पर रखकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। स्कूल का आगे का छज्जा पिछले वर्ष भारी बारिश में गिर चुका है, जिसकी सूचना प्रधानाध्यापक द्वारा विभाग को ऑनलाइन माध्यम से दी गई, बावजूद इसके आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रधानाध्यापक भुनेश्वर पांडे ने बताया कि बारिश के दिनों में छत से लगातार पानी टपकता है, जिससे कक्षा संचालन करना अत्यंत कठिन हो गया है। बच्चों को पढ़ाई के दौरान हर समय भय और असुरक्षा का माहौल बना रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत के मुखिया विद्यालय की स्थिति देखने तो आए, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं की गई। यह हाल तब है जब पिछले वर्ष भी इस विषय पर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित हो चुका है। इसके बावजूद विभाग और प्रशासन की चुप्पी दर्शाती है कि बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर कोई गंभीरता नहीं बरती जा रही है।

विद्यालय प्रशासन और ग्रामीणों ने विभाग से पुनः तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने की अपील की है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाया गया तो इसका गंभीर असर बच्चों के पठन-पाठन और मानसिक स्थिति पर पड़ेगा।

न्यूज बॉक्स

गुमला-घाघरा रोड पर वाहन चेकिंग व सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

गुमला। जिला प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार गंभीर पहल जारी है। इसी क्रम में सोमवार को गुमला-घाघरा मुख्य पथ स्थित दुनदुरिया क्षेत्र में मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप एवं मोटरयान निरीक्षक प्रदीप कुमार तिर्की द्वारा किया गया। सड़क सुरक्षा टीम की भागीदारी से लगभग 40 मोटरसाइकिल चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। अभियान के तहत रोड सेफ्टी काउंसलिंग के माध्यम से चालकों को निम्नलिखित विषयों पर विस्तार से जागरूक किया गया। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग- वाहन के वैध कागजात रखने की अनिवार्यता, गति सीमा व ट्रैफिक सिग्नल का पालन, सड़क पर सावधानी से चलने के सामान्य व्यवहार। एक घंटे चले चेकिंग अभियान (शाम 4 से 5 बजे तक) में दस्तावेजों की कमी एवं अन्य नियम उल्लंघनों के मामले में कुल 78,000 की दंड राशि वसूली गई। अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, आईटी सहायक मंटू रवानी, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट प्रणय कांशी एवं डीटीओ कार्यालय के प्रिंस कुमार भी उपस्थित थे।

हेलमेट जागरूकता अभियान में खुद डबल हेलमेट पहन गश्ती पर निकले पुलिसकर्मी

भरनो। भरनो प्रखंड अंतर्गत करंज थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी आशीष केशरी ने सड़क सुरक्षा और जनजागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए बाइक चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी स्वयं डबल हेलमेट पहनकर पुलिस गश्ती दल के साथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में निकले और लोगों को हेलमेट के महत्व की जानकारी दी। गश्ती दल लौंडरा गांव में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में भी रुका, जहां थाना प्रभारी ने उपस्थित ग्रामीणों और बाइक चालकों को समझाते हुए कहा की आप जब बाइक चलाते हैं तो अकेले नहीं होते, आपसे आपके माता-पिता, पत्नी, बच्चे और पूरा परिवार जुड़ा होता है। एक छोटी-सी लापरवाही आपकी जान ले सकती है, और आपके पीछे परिवार पर संकट आ सकता है। इसलिए हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं।" थाना प्रभारी ने यातायात नियमों की भी विस्तार से जानकारी दी और लोगों को जागरूक किया कि दुर्घटना से बचाव का सबसे सरल उपाय सतर्कता और सुरक्षा उपकरणों का उपयोग है। इस मौके पर एएसआई रामाकांत सिंह, पुलिस जवानों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे।

पिंजराडीपा में बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर का नव निर्माण कार्य शुरू

पालकोट। पालकोट प्रखंड अंतर्गत बाघिमा पंचायत के पिंजराडीपा गांव में स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर का नव निर्माण कार्य अब युद्धस्तर पर प्रारंभ हो गया है। सन 1973 से यह मंदिर स्थल तो मौजूद था, परंतु किसी कारणवश भव्य मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया था। अब मंदिर समिति के प्रयासों से एक बार फिर श्रद्धा और संकल्प के साथ निर्माण की नींव रखी गई है। मंदिर समिति ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से इस पुनर्निर्माण कार्य में तन, मन और धन से सहयोग की भावनात्मक अपील की है। समिति ने कहा है कि जैसे कुंभ मेले में श्रद्धालुओं की एकता देखने को मिलती है, उसी भाव और उत्साह के साथ पिंजराडीपा के एकमात्र हिन्दू मंदिर के निर्माण में भी जनसहयोग अपेक्षित है। समिति ने स्पष्ट किया है कि यह कार्य किसी एक का नहीं, बल्कि पूरे समाज की श्रद्धा और सहभागिता का प्रतीक है। भक्तगण मंदिर निर्माण के लिए श्री बसंत साहू (अध्यक्ष – 7859076907), विजय बाबा (7004536039), रूपधारी साहू (9110160961), सत्यनारायण साहू (7488596084), मनीष कुमार (7992277817) से संपर्क कर अपना योगदान दे सकते हैं। मंदिर समिति ने अंत में सभी भक्तों से आह्वान किया है कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और इस धार्मिक स्थल को भव्य स्वरूप देने में सहभागी बनें।

लगातार हो रही बारिश से प्रखंड क्षेत्र में कच्चे मकान गिरने का सिलसिला जारी

सिसई (गुमला)। रुक रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश से प्रखंड क्षेत्र के कच्चे मकान गिरने का सिलसिला लगातार जारी है। गनीमत है कि अब तक कहीं से कोई जान माल के क्षति की खबर नहीं है। बीते रविवार की रात भदौली मंडा टांड़ के दो सगे भाइयों रमन साहनी व राजेश कुमार साहनी का मकान और पड़ोस में रह रहे शांति देवी पति विरेन्द्र लोहरा के घरों की दीवार भारी बारिश के कारण गिर गया। उक्त दोनों परिवारों में कुल 14 परिवार के सदस्य रहते थे। घर के पिछले हिस्से की दीवार गिरने से मिट्टी के खपरैल घर क्षतिग्रस्त हो गया। दीवार गिरने के दौरान उसी कमरे में बच्चे अपनी मां के साथ सो रहे थे,गनिमत रही की घर में रखे बक्से व अन्य सामानों के कारण छत पुरी तरह से नहीं गिरा, जिससे कमरे में सो रहे सदस्यों पर कोई आंच नहीं आई। और बड़ी घटना टल गई। रात में आस पड़ोस के लोगों ने परिवार को आश्रय दिया,और अहले सुबह पंचायत की मुखिया अलबीना देवी को सूचना दी गई। मुखिया ने पीड़ित परिवार से मिलकर सरकारी प्रावधान के अनुसार सहायता व मुआवजा तथा उक्त गरीब परिवार को प्रशासन से बात कर तत्काल राहत देने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर आश्रय दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि उनकी विधवा मां शांति देवी के नाम पर अबुआ आवास योजना का चयन हुआ था, किन्तु लाभ मिलने से पुर्व ही मां का स्वर्गवास हो गया, जिस कारण आवास नहीं मिला अब बारिश में घर गिर जाने से हम दोनों भाईयों के पत्नी बच्चे व बहनों सहित कुल 14 सदस्यों का रहने के लिए कोई घर नही है, उन्होंने प्रशासन से एक अदद पक्का आवास और सहायता की गुहार लगाई है।

पारंपरिक उत्साह व श्रद्धा के साथ निकला मुहर्रम का मातमी जुलूस

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड में मुहर्रम के अवसर पर रविवार को पारंपरिक मातमी जुलूस निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग श्रद्धा और अनुशासन के साथ शामिल हुए। 'या अली, या हुसैन' के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा।यह जुलूस आजाद बस्ती से शुरू होकर थाना रोड, कुरूमगाड़ मोड़, हॉस्पिटल रोड होते हुए आनंदपुर पहुंचा, और फिर वापस आजाद बस्ती के समीप आकर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान, मुस्लिम युवाओं ने लाठी-डंडों और पारंपरिक हथियारों के साथ शानदार करतब दिखाए, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। बच्चों ने भी उत्साह के साथ इन करतबों में भाग लिया, जो उनकी एकजुटता और परंपरा के प्रति समर्पण को दर्शाता है।इस अवसर पर सदर शकील खान ने लोगों को संबोधित करते हुए मुहर्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना है और इसे एक पवित्र महीना माना जाता है। इसका शाब्दिक अर्थ "निषिद्ध" है, और इस महीने में युद्ध करना मना है। उन्होंने विशेष रूप से मुहर्रम के दसवें दिन, जिसे 'आशूरा' कहा जाता है, के महत्व को बताया, जब शिया मुसलमान पैगंबर मुहम्मद के नाती, इमाम हुसैन और उनके साथियों की कर्बला में शहादत को याद करते हैं। मो. लडन खान ने भी जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुहर्रम के महीने में, शिया मुसलमान इमाम हुसैन और उनके परिवार की शहादत पर शोक मनाते हैं, और इसे न्याय, बलिदान और वफादारी की याद के रूप में देखते हैं। उन्होंने बताया कि इस महीने में शिया समुदाय के लोग शादी या कोई भी शुभ कार्य नहीं करते हैं, बल्कि वे इबादत और उपवास के माध्यम से अल्लाह की ओर अधिक ध्यान देते हैं।जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। चैनपुर थाना के एसआई दिनेश कुमार, अशोक कुमार, विजय उरांव, एएसआई नंदकिशोर कुमार, संतोष कुमार लुगुन और थाना के जवान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

पुलिस की बड़ी सफलता : व्यापारी विनोद अग्रवाल हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा

मास्टरमाइंड समेत 3 गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। गुमला जिले में हुई सनसनीखेज व्यापारी विनोद अग्रवाल की हत्या की गुत्थी को गुमला पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सुलझाकर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल मुख्य साजिशकर्ता (मास्टरमाइंड) समेत कुल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड का कारण पूर्व से चला आ रहा आपसी रंजिश बताया गया है। रविवार को गुमला शहर के चर्चित व्यवसायी विनोद अग्रवाल पर दिनदहाड़े लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। घटना के बाद उन्हें तत्काल सदर अस्पताल, गुमला लाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स, रांची रेफर किया गया, परंतु रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

शुरुआत में लोगों को लगा कि यह एक सड़क दुर्घटना है, लेकिन सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट हुआ कि विनोद अग्रवाल पर जानलेवा हमला किया गया था। इस आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुसंधान शुरू किया।

पुलिस अधीक्षक की अपील

एसपी हरीस बिन जमा ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस ने इस कांड का सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अपराधियों के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना हो तो निर्भीक होकर पुलिस को सीधे दें। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से भी आग्रह किया कि अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं ताकि किसी भी आपात स्थिति में जांच में सहायता मिल सके। गुमला पुलिस की यह तत्परता अपराधियों में कानून का भय और आम जनों में सुरक्षा का विश्वास जगाने वाला कदम साबित हुआ है।

बरामद सामग्री

- एक काला बैग जिसमें चोरी का मोबाइल, रेनकोट और दस्ताने थे
- धारदार चाकू, काले रंग की टोपी
- एक नीले रंग का लोहे का हथौड़ा
- एक लोहे की रॉड (तीन बिता पाँच उंगली लंबी)
- एक लाल हैंडल वाली तलवार
- एक सफेद और काले रंग की जैकेट
- एक मोटरसाइकिल (जेएच07सी-4318)
- पूछताछ में अपराधियों ने अपना गुनाह कबूल किया है।

पुलिस अधीक्षक हरीस बिन जमा के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश कुमार यादव, अवर निरीक्षक महेंद्र कुमार करमाली, थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे। टीम ने सोमवार सुबह 7:30 बजे विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर दो आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ लिया, जबकि तीसरे आरोपी को उसी दिन दोपहर उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों के नाम - अंचल ब्यूम तिर्की उर्फ चीकू टिग्गा, जुलियस मिंज उर्फ जुली, समीर टोप्पो, गिरफ्तार अपराधियों में से अंचल और जुली के विरुद्ध पूर्व में भी गुमला एवं अन्य थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

उर्वरक व बीज दुकानों का औचक निरीक्षण, अनियमितता पर चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

गुमला (बसिया)। जिला प्रशासन गुमला द्वारा किसानों के हित में कार्रवाई करते हुए सोमवार को बसिया अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कोनबीर ग्राम स्थित बीज एवं उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर यह संयुक्त निरीक्षण बसिया की अनुमंडल पदाधिकारी जयवंती देवगम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा थाना प्रभारी बसिया की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान पाण्डेय बीज भण्डार एवं मेसर्स कृषि केन्द्र में कई अनियमितताएँ पाई गईं। दोनों दुकानों पर बीज की अद्यतन दर सूची एवं स्टॉक सूची प्रदर्शित नहीं थी, जो कि अनिवार्य है। केवल पाण्डेय बीज भण्डार में ही उर्वरक की दर सूची उपलब्ध थी। पूछताछ में दुकानदारों ने बताया कि वे कंपनी द्वारा मौखिक रूप से बताए गए दर पर बीज व उर्वरक बेचते हैं और कभी-कभी पैकेट पर अंकित मूल्य से भी कम पर सामग्री उपलब्ध कराते हैं। इस पर प्रशासनिक टीम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विक्रेताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही बिक्री करनी होगी तथा दर सूची और स्टॉक सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

निरीक्षण दल ने किसानों से मुनाफाखोरी न करने की सख्त चेतावनी दी और कहा कि यदि कालाबाज़ारी, जमाखोरी या अधिक मूल्य वसूली जैसी गतिविधियों में कोई संलिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हित में इस तरह की निगरानी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि बीज, खाद एवं कृषि इनपुट्स की उपलब्धता पारदर्शी, सुचारू और नियमानुसार मूल्य पर सुनिश्चित की जा सके।

250 किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण आत्मा गुमला की पहल से खेतों में लौटी उम्मीद

भरनो। भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कृषि तकनीकी केंद्र में आत्मा (आत्मनिर्भर कृषि मिशन) गुमला की ओर से प्रखंड के 250 किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। यह पहल उन किसानों के लिए राहत लेकर आई है, जो लगातार हो रही बारिश के चलते मक्का की बुआई नहीं कर पाए थे। बीज वितरण से पूर्व किसानों का निबंधन कार्य संपन्न कराया गया, इसके बाद उन्हें मक्का बीज प्रदान किया गया। इस योजना का उद्देश्य वर्षा के कारण पिछड़े हुए मक्का फसल चक्र को पुनः गति देना है। बीज वितरण के साथ ही किसान उत्साहपूर्वक खेतों में मक्का बुआई के लिए जुट गए। मौके पर उपस्थित एटीएम रोहित कुजर ने किसानों को मक्का की खेती से जुड़े महत्वपूर्ण तकनीकी सुझाव और उन्नत बीज के प्रयोग की जानकारी दी, ताकि उन्हें अधिक उत्पादन मिल सके। कार्यक्रम में एटीएम अकाय अनमोल कुजर, किसान मित्र आयता उरांव, सहदेव सिंह समेत बड़ी संख्या में लाभुक किसान उपस्थित रहे।

प्रमंडलीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज़ आज से

गुमला। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार, 8 जुलाई से गुमला में होगा। प्रतियोगिता का आयोजन संत इग्नेसियस उच्च विद्यालय, जुबली स्टेडियम में किया जा रहा है, जिसमें रांची, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा एवं गुमला जिले की विजेता टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में बालक वर्ग (अंडर-15 व अंडर-17) और बालिका वर्ग (अंडर-17) के मैच आयोजित किए जाएंगे। सभी मुकाबले लीग प्रणाली के तहत खेले जाएंगे, जिससे खेल में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। मैचों का आयोजन तीन मैदानों पर होगा। बालिका वर्ग के मैच संत पैट्रिक उच्च विद्यालय मैदान में, बालक वर्ग के मैच जुबली स्टेडियम एवं हॉस्टल मैदान में। 8-9 जुलाई – लीग मैच, 10 जुलाई – सेमीफाइनल, 11 जुलाई – फाइनल मैच एवं समापन समारोह (स्थानः जुबली स्टेडियम) गुमला जिला प्रशासन और खेल विभाग द्वारा प्रतियोगिता की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। खिलाड़ियों की सुविधा, सुरक्षा एवं निष्पक्ष खेल सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक समन्वय किया गया है।

जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

योजनाओं की समीक्षा, कार्यों में गति व पारदर्शिता पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रमुख विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति, चुनौतियां व समाधान साझा किए। उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय, समयबद्धता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंड व पंचायत स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित कर स्थानीय समस्याओं के समाधान व योजनाओं की निगरानी पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

स्वास्थ्य विभाग : आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की नियमित निगरानी, जल-विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने और निर्माणाधीन 6 उपकेंद्रों में अड़चनों को शीघ्र दूर करने के निर्देश। समाज कल्याण 82 आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्य शीघ्र पूर्ण हों, अप्रोच रोड, बिजली-पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जल जीवन मिशन खराब जलमीनारों की मरम्मत और रिरई टोली (रायडीह) की पेयजल समस्या का त्वरित समाधान।

खाद्य आपूर्ति : पलायन करने वालों की सूची, गोदाम निर्माण हेतु भूमि चिन्हांकन व ई-केवाईसी प्रक्रिया में तेजी। अबुआ आवास 2023-24 के लंबित कार्य शीघ्र शुरू हों, बीडीओ निरीक्षण कर कार्रवाई करें।

मनरेगा/पीएम किसान : सभी लंबित कार्य व आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण।

पुस्तकालय : संचालन समिति की नियमित बैठकें हों, बच्चों की सहभागिता बढ़ाई जाए।

बैठक में अपर समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक, एसडीओ चैनपुर, डीसीएलआर बसिया सहित सभी बीडीओ, सीओ व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि समन्वित प्रयासों व सतत निगरानी से ही जिले का समग्र विकास संभव है।

समस्या | ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने नवडीहा पंचायत सचिवालय का किया निरीक्षण, कहा-

समाधान पंचायत सचिवालय स्तर पर ही सुनिश्चित किए जाएं

नवीन मेल संवाददाता



गुमला। झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को घाघरा प्रखंड अंतर्गत नवडीहा पंचायत सचिवालय का दौरा कर कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने और प्रशासनिक सुविधा को ग्राम स्तर पर सशक्त करने पर विशेष जोर दिया।

मंत्री ने कहा कि इस कार्यकाल में सरकार की कोशिश है कि ग्रामवासियों को अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड या जिला कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। अधिकतर सेवाएँ और समाधान पंचायत सचिवालय स्तर पर ही सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने पंचायत सचिव, मुखिया और जिला-प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो कार्य पंचायत स्तर पर नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें संबंधित विभाग तक पंचायत सचिवालय के माध्यम से ही भेजा जाए, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिले।

उन्होंने यह भी बताया कि आधार अपडेट और सुधार का कार्य भी शीघ्र ही पंचायत सचिवालय में शुरू किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही, सचिवालय में सभी विभागों से संबंधित रजिस्टर संधारित करने का निर्देश भी दिया गया। जल सहिया ने कहा कि पुराने चापाकलों में जलमीनार लगा दिए गए हैं, लेकिन सप्लाई नहीं होती जिससे ग्रामीणों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क, पेयजल और पंचायत भवन जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें अब प्रशासनिक तंत्र का सशक्त आधार बनेंगी, और सरकार का लक्ष्य समस्या का समाधान वहीं हो, जहाँ वह उत्पन्न होती है।

ग्रामीणों ने रखीं जमीनी समस्याएं

निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने मंत्री के समक्ष अपनी विभिन्न समस्याएँ रखीं - करंज टोली से गुटवा तक सड़क निर्माण की मांग ग्रामीणों द्वारा प्रमुखता से उठाई गई। सखी मंडल की दीदियों ने बताया कि बरसात में बैठक करने के लिए जगह नहीं है, जिससे बैठकें बाधित होती हैं। उन्होंने स्थायी भवन की मांग की। उप मुखिया ने नल-जल योजना की खामियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने बताया कि जलमीनार तो लगे हैं, लेकिन घरों तक नियमित पानी नहीं पहुँचता, कई बार 8-8 दिनों तक सप्लाई बंद रहती है।

सामाजिक न्याय, समानता, और मानवीय मूल्यों पर आधारित थे। उन्होंने अपने लेखन में गरीबी, किसानों की दुर्दशा, और सामाजिक कुरीतियों पर प्रकाश डाला। उनका मानना था कि साहित्य का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ समाज को जागरूक करना और उसे बेहतर बनाना भी है। **- मुंशी प्रेमचंद**

संपादकीय

सेक्युलर समाजवादी या सर्वधर्म समभाव?

आपातकाल के असंवैधानिक काल में संवैधानिक संशोधन के जरिए संविधान की प्रस्तावना में 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द जोड़े गए। ऐसे में इन शब्दों को हटाने की मांग पर विमर्श होना चाहिए, लेकिन हो रहा है विवाद। इसकी वजह यह है कि यह मांग खुलेतौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने की है कि सर्वधर्म समभाव की भावना हो। संघ की ऐसी आवाजें गैर बीजेपी दलों को अक्सर राजनीतिक चुभन देती हैं। कांग्रेस ने इस बहाने संघ पर अपना पुराना आरोप दोहराना शुरू कर दिया, कि संघ और बीजेपी संविधान को बदलने की कोशिश में हैं। दिलचस्प यह है कि आपातकाल में कांग्रेसी अत्याचारों के शिकार हुए समाजवादी धड़े के दल भी संघ विरोध में कांग्रेस के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इस बारे में क्या कहा है। आपातकाल की पचासवीं बरसी पर दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़े गए। ये शब्द पहले नहीं थे। बाद में इन्हें निकालने की कोशिश नहीं हुई। ये शब्द संविधान में रहना चाहिए। इस पर विचार होना चाहिए।'भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय सत्ता में आई है, तभी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एक रट लगाए हुए हैं कि बीजेपी और संघ संविधान बदलना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान तो उनकी अगुआई में समूचे विपक्ष ने इसे बार-बार दोहराया। नई लोकसभा के गठन के दौरान विपक्षी सांसदों ने शपथ लेते वक्त अपने हाथ में संविधान की प्रति थामे रखी। अंतर बस यह रहा कि कांग्रेसी सांसदों के हाथ में लाल रंग के कवर वाली संविधान की प्रति रही तो दूसरे दलों के सांसदों के हाथों में नीले रंग के कवर वाली संविधान की प्रति रही। शपथ लेते वक्त भी विपक्षी सांसदों ने देश को संदेश देने की कोशिश की कि बीजेपी संविधान बदलना चाहती है और वे इसे बदलने नहीं देंगे। दत्तात्रेय होसबाले के बयान के बाद एक बार भी कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल ऐसी ही बयानबाजी में उलझे हुए हैं। संविधान की प्रस्तावना में ये दोनों शब्द 42वें संशोधन के जरिए जोड़े गए थे। इसी के साथ लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल पांच की बजाय छह साल कर दिया गया था। 1977 के आम चुनावों के बाद सत्ता में आई जनता पार्टी की सरकार ने दिसंबर 1978 में संविधान के 44वें संशोधन के जरिए आपातकाल के दौरान किए गए संवैधानिक बदलावों को बदल दिया। जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल को फिर से पांच साल करना शामिल था। लेकिन संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्दों को हटाने का प्रयास नहीं हुआ। संघ की मांग का आधार मूल संविधान की प्रस्तावना है। जिसमें ये दोनों शब्द शामिल नहीं किए गए थे। ऐसा नहीं कि ऐसा करने की मांग नहीं हुई थी। संविधान सभा के सदस्य केटी शाह ने 15 नवंबर 1948 को संविधान के मसौदे में संशोधन प्रस्ताव रखते हुए भारत को 'धर्मनिरपेक्ष, संघीय, समाजवादी राज्यों का संघ' बनाने माँग की। लेकिन अंबेडकर ने इसे खारिज कर दिया। तब अंबेडकर ने कहा था, "राज्य की नीति क्या होनी चाहिए, समाज को उसके सामाजिक और आर्थिक पक्ष में कैसे संगठित किया जाना चाहिए, ये ऐसे मामले हैं जिनका निर्णय लोगों को समय और परिस्थिति के अनुसार स्वयं करना चाहिए।"

कांग्रेस ने इस बहाने संघ पर अपना पुराना आरोप दोहराना शुरू कर दिया, कि संघ और बीजेपी संविधान को बदलने की कोशिश में हैं।

प्रशासन के जरिए पर्यावरण में हरित बदलाव

देश पहले विकास करते हैं और बाद में सफाई में जुटते हैं। यह अनुभवजन्य अंतर्दृष्टि अब विकसित हो चुके उन देशों के अनुभवों से प्रेरित है, जिन्होंने विकास की प्रक्रिया में संसाधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने हेतु देश और विदेश में प्राकृतिक पर्यावरण का दोहन किया। भारत की विशाल आबादी की विकास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अभी भी तेज गति से विकास करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल सिद्धांतों – "सुधार, प्रदर्शन और बदलाव" - पर आधारित विकास एवं प्रगति को गति देने के इन सिद्धांतों में जरूरत के हिसाब से पर्यावरण की सुरक्षा के सख्त उपायों से समझौता किए बिना 'व्यवसाय करने में आसानी' की सुविधा प्रदान करते हुए तेजी गति से विकास करना शामिल था। आज 2025 में, हम न सिर्फ इस चुनौती से निपट पाने में सफल रहे हैं बल्कि हमने शासन का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जिसे सारी दुनिया ने माना है। प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण बिल्कुल साफ थाः इस प्रणाली को एक ऐसी प्रणाली में बदला जाए जो "इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था" दोनों के लिए फायदेमंद हो।वर्ष 2014 में 'स्वच्छ भारत मिशन' की शुरुआत हमारी पहली बड़ी पहल थी। यह पहल स्वच्छता से आगे बढ़कर कचरे के प्रबंधन व पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करने तक जा पहुंची। इस मिशन ने पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को सामाजिक विकास के साथ जोड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस मिशन को सभी नागरिकों को शामिल करते हुए एक जन आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था और एक स्वच्छ एवं संसाधन के मामले में अपेक्षाकृत अधिक कुशल भारत की चाहत को आगे बढ़ाया गया था। विभिन्न शहरों में नागरिकों को पारदर्शी तरीके से वास्तविक समय में वायु की गुणवत्ता की निगरानी से जुड़ी सुविधा प्रदान करने के तुरंत बाद राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक का शुभारंभ किया गया। 'मेक इन इंडिया' पहल में भी कड़े पर्यावरण अनुपालन मानकों को शामिल किया गया। इससे यह साबित हुआ कि हम इकोलॉजी की स्थिरता को बनाए रखते हुए मैन्यूफैक्चरिंग को अपेक्षाकृत बड़े पैमाने पर और तेज गति से बढ़ावा दे सकते हैं। ऊर्जा संबंधी दक्षता को बढ़ावा देने और ऊर्जा पर आधारित अधिक संख्या में उद्योगों को शामिल करने के उद्देश्य से 2015 में प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना का विस्तार किया गया। इससे ऊर्जा संबंधी दक्षता के लिए एक बाजार-आधारित तंत्र का निर्माण हुआ।कचरे के कारगर प्रबंधन, संसाधन संबंधी दक्षता में बढ़ोतरी और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2016 से कचरे के प्रबंधन के सभी प्रमुख नियमों को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है। इस दृष्टिकोण का बुनियादी सिद्धांत बाजार आधारित तंत्र और "प्रदूषक द्वारा भुगतान के सिद्धांत" पर आधारित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व से जुड़े ढांचे पर निर्भरता में निहित है। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम, ई-कचरा प्रबंधन नियम तथा टायर, बैटरी एवं प्रयुक्त तेल अपशिष्ट प्रबंधन नियम आदि इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर तैयार किए गए थे। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, कुल 61,055 उत्पादकों ने प्लास्टिक पैकेजिंग, ई-कचरा, बेकार टायर, बैटरी के कचरे और प्रयुक्त तेल के क्षेत्र में काम करने हेतु ईपीआर पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। अपशिष्ट नियम, 2022 के प्रकाशन और ईपीआर पोर्टल की शुरूआत के बाद, शोधित अपशिष्ट की मात्रा वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन नियमों के प्रकाशन से पहले 3.6 एमएमटी प्रति वर्ष की तुलना में बढ़कर 127.48 एमएमटी प्रति वर्ष हो गई है। यह सभी हितधारकों के सहयोग एवं समर्थन से संभव हुआ है।प्रक्रियागत देरी में कमी लाने और एक व्यापक पर्यावरणीय मूल्यांकन करने के उद्देश्य से 2018 में 'परिवेश' (प्रो-एक्टिव एंड रिस्पॉन्सिव फैसिलिटेशन बाई इंटरएक्टिव, वर्चुअस एंड एनवायरनमेंटल सिंगल-विंडो हब) नाम के एक ऑनलाइन आईटी टूल का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के 'डिजिटल इंडिया' के विजन को साकार करते हुए, इस डिजिटल प्लेटफॉर्म ने व्यवसाय जगत और पर्यावरण नियामकों के बीच के संवाद में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। 'परिवेश' ने पर्यावरण संबंधी मंजूरी की बोझिल एवं कागज-आधारित प्रक्रिया को एक सुव्यवस्थित एवं मजबूत डिजिटल अनुभव में बदल दिया है। इस दृष्टिकोण ने जहां पर्यावरण से जुड़े सख्त मूल्यांकन को बनाए रखा है, वहीं इस प्रक्रिया में लगने वाले समय में काफी कमी ला दी है और पारदर्शिता को बढ़ाया है।वर्ष 2019 में शहरों पर केन्द्रित कार्य योजनाओं से लैस 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम' (एनसीएपी) के आधिकारिक शुभारंभ ने हमें नीति निर्माता एवं नियामक से बदलकर अमल करने वाला बना दिया है। वायु की गुणवत्ता निरंतर बेहतर हुई है। वर्ष 2021 में, गैर-प्राप्ति वाले शहरों में वायु गुणवत्ता के नियमन हेतु पोर्टल (पीआरएएनए) को कागज रहित परियोजना प्रबंधन के एकल बिंदु वाले वेब-आधारित उपकरण के रूप में शुरू किया गया। इससे स्वच्छ वायु से जुड़े उपायों के कार्यान्वयन की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर नजर रखना संभव हो सकेगा।कचरे के उत्सर्जन में कमी लाने के लिए उत्कृष्ट पद्धतियों को अपनाने हेतु उद्योगों को प्रोत्साहित करने तथा अनुपालन संबंधी बोझ को कम करने के उद्देश्य से, उद्योगों को वर्गीकृत करने की एक नई पद्धति शुरू की गई है।इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण के तहत विभिन्न गतिविधियों को लाल, नारंगी, हरे, सफेद और नीले रंग की श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। नीले रंग की नई श्रेणी वाले उद्योग सीवेज शोधन संयंत्र, खाद बनाने वाली इकाई, बायोगैस संयंत्र और सामग्रियों की पुनर्प्राप्ति से जुड़ी सुविधा जैसे पर्यावरण के अनुकूल सकारात्मक उपायों से लैस होते हैं।जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते जा रहे हैं, पर्यावरण से जुड़ा हमारा प्रशासकीय ढांचा उन्नत एआई क्षमताओं, उन्नत सार्वजनिक भागीदारी तंत्र और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों से लैस होकर विकसित होता जा रहा है। उन्नत डिजिटल निगरानी प्रणाली और ईएसजी रिपोर्टिंग की ठोस व्यवस्थाओं समेत 2025 में हुए हालिया विकास, अत्याधुनिक बने रहने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाते हैं।लालफीताशाही से लेकर हरित रचनात्मकता तक की दशक भर की यह यात्रा इस तथ्य को रेखांकित करती है कि एक दूरदर्शी नेतृत्व बहुत कुछ हासिल कर सकता है। पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने शासन का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है, जो एक साथ कई उद्देश्यों को पूरा करता है। अब जबकि हम विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में अग्रसर हैं, एक दशक से अधिक समय में लागू किया गया पर्यावरण से जुड़ा प्रशासकीय ढांचा टिकाऊ विकास के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आज की बात

भूपेंद्र यादव
केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री

निर्माता व व्यापारी दिवस भी हो

निर्माता और व्यापारियों के लिए कोई दिवस क्यों नहीं मनाया जाता? जबकि देश के विकास में ,कोने-कोने तक हर प्रकार के उत्पाद को पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका,मेहनत,त्याग है । उनके द्वारा प्रति माह लाखों लाख करोड रुपए टैक्स कलेक्शन कर सरकार को जमा कराया जाता है। कई तरह के नियमित रिटर्न भरने होते हैं,टैक्स और रिटर्न समय पर नहीं जमा करने पर पेनल्टी लग जाती है , जबकि इस एवज में उनको मेहनाता नहीं मिलता। ये वर्ग करोड़ों लोगों को रोजगार भी देते हैं। इसके बावजूद उनका कोई खास दिवस नहीं मनाया जाता, न ही कोई सम्मान । आखिर क्यों? उन्हीं की बदौलत सरकार लाखों लाख करोड़ की मुफ्त में बांटने की योजनाएं घोषित करती हैं जिसमें उनकी वोट राजनीति होती है, इन योजनाओं की घोषणा करते वक्त यह क्यों नहीं कहा जाता कि यह टैक्स पेयर्स का पैसा है,और ज्यादातर टैक्स उद्योगपति और व्यापारियों के द्वारा जमा करवाया जाता है। तरह-तरह के रिटर्न, विभिन्न विभागों की कानूनी प्रक्रिया को पूरा करने में लगे रहते हैं , छोटे व्यापारी मानसिक रूप से परेशान रहते हैं ,वे छुट्टी पर भी नहीं जा पाते हैं, परिवार को पूरा समय नहीं दे पाते हैं। यही वह वर्ग है जो सारी सामाजिक संस्थाएं चलाते हैं। राजनीतिक पार्टियों भी इन्हीं से चंदा लेती है । करीब सात करोड़ छोटे उद्योग मालिक एवं व्यापारी है ,इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद इनके योगदान की बात नहीं होती ।उनके लिए कोई विशेष दिवस नहीं मनाया जाता। अभी तीन दिन पहले पटना के एक व्यापारी गोपाल खेमका का मर्डर हुआ, उसके बेटे का मर्डर 2 /3 साल पहले हुआ था। कल गुमला में एक व्यापारी का मर्डर हुआ। इस तरह की घटनाएं पूरे देश में होती रहती है लेकिन सत्ता में बैठे हुए लोगों को इनसे कोई हमदर्दी नहीं मिलती। क्या छोटे उद्योग वालों को और व्यापारियों को संगठित नहीं होना चाहिए?

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

व्यंग्य की बात

संतोष अग्रवाल

महिलाओं में बढ़ती अपराध प्रवृत्ति के संकेत

करुणा, सहनशीलता, नैतिकता, त्याग, ममता और मर्यादा की मूर्ति के रूप 'जननी', 'गृहलक्ष्मी' और 'संस्कारों की संरक्षिका' भारतीय नारी शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, सेना, व्यवसाय और नेतृत्व के उच्च शिखरों को छू रही हैं, वहीं एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि कुछ महिलाएँ अब अपराध की दुनिया में भी प्रवेश कर रही हैं। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत नहीं, अपितु सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक संकेत भी देती है कि हमारे मूल्यों और तंत्रों में कहीं न कहीं कोई असंतुलन उत्पन्न हो रहा है।महिलाओं द्वारा किए जाने वाले अपराधों की संख्या पुरुषों की तुलना में बहुत कम है, लेकिन इनकी प्रकृति अब जघन्य अपराधों तक पहुँचने लगी है। कुछ महिलाएँ अब व्यभिचार, आर्थिक अपराध, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, साइबर अपराध और यौन शोषण जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त पाई गई हैं।दहेज कानून का दुरुपयोग कर पुरुषों और उनके परिवार को झूठे मामलों में फँसाना अब आम बात हो गई है। विवाहेत्तर संबंधों के चलते ब्लैकमेलिंग, आत्महत्या के लिए उकसाना और हत्या जैसे अपराधों में भी महिलाओं की संलिप्तता देखी गई है।सोशल मीडिया पर फेक प्रोफाइल, ब्लैकमेलिंग, "इमोशनल फ्रॉड", "लव स्कैम" और हनी ट्रैप जैसे संगठित अपराधों में भी कुछ महिलाएँ सक्रिय हैं। कामकाजी महिलाओं द्वारा घरेलू नौकरों, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार, उपेक्षा और मानसिक प्रताड़ना की घटनाएँ सामने आ रही हैं। मानव तस्करी और वेश्यावृत्ति में महिलाएँ दलाल या एजेंट के रूप में कार्य करती पकड़ी गई हैं। फर्जी बैंक खाता, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी और जासूसी जैसी गतिविधियों में भी महिलाओं की संलिप्तता पाई गई है।महिलाओं के अपराध में लिप्त होने के पीछे कई व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक कारण हैं - फिल्मों, वेब सीरीज और सोशल मीडिया ने आधुनिकता को उच्छृंखलता से जोड़ दिया है, जिससे नैतिक मूल्यों का ह्रास हुआ है। संयुक्त परिवारों का विघटन, तलाक, असफल प्रेम संबंध, एकल मातृत्व जैसी स्थितियाँ मानसिक तनाव को बढ़ा रही हैं। दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम जैसे महिला हितैषी कानूनों का कभी-कभी गलत उपयोग कर 'कानूनी अपराध' की एक नई परिभाषा गढ़ी जा रही है।आत्मसम्मान की कुंठा, बदले की भावना, गुस्सा या अवसाद जैसी मनोवैज्ञानिक स्थितियाँ महिलाओं को अपराध की दुनिया में जाने के लिए उकसा रही हैं।यह समाज के नैतिक ढाँचे को झकझोरता है।इससे नारी सशक्तिकरण की अवधारणा पर आंच आती है और महिला-विरोधी पूर्वग्रह को बल मिलता है।वास्तविक पीड़ितों को न्याय मिलना कठिन हो जाता है क्योंकि न्याय प्रणाली झूठे मामलों के बोझ से दब जाती है।समाज में एक अनैतिक सामान्यीकरण पनपने लगता है – जहाँ संदेह, अविश्वास और सामाजिक अस्थिरता जन्म लेने लगती है।केवल महिलाएँ ही नहीं, पुरुष और समाज भी इस विकृति के लिए आंशिक रूप से उत्तरदायी हैं। कई बार पुरुषों की उपेक्षा, शोषण, धोखा, हिंसा या भावनात्मक बेरुखी महिलाओं को अवसाद, क्रोध या प्रतिशोध की ओर ले जाती है, जो आगे चलकर आपराधिक व्यवहार का कारण बन सकती है। पुरुषों को भी आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या उनका व्यवहार किसी महिला को नैतिक या मानसिक रूप से उस सीमा तक ले जा रहा है जहाँ वह स्वयं को अपराध में उलझा पाती है।महिला अपराधों की रोकथाम के लिए नैतिक शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य को स्कूली और महाविद्यालयीन पाठ्यक्रम में अनिवार्य किया जाए;सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर नियंत्रण पर विचार हो, साइबर जागरूकता और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दिया जाए। महिला केंद्रित कानूनों की समीक्षा की जाए ताकि उनके दुरुपयोग की गुंजाइश न्यूनतम हो। महिला अपराधियों के पुनर्वास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे वे समाज की मुख्यधारा में लौट सकें। परिवार और मीडिया दोनों को चाहिए कि वे महिलाओं में संवेदनशीलता, आत्मनियंत्रण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करें;पुरुषों और लड़कों को भी 'सम्मान आधारित व्यवहार' की शिक्षा दी जाए, जिससे लैंगिक संतुलन और समझ बेहतर हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात

डा मनमोहन प्रकाश

फेसबुक वॉल से

एक्स से

आज का दोहा

डंका तो बजता रहा, लंका होगी ध्वस्त।
कितने रावण घूमते, यहाँ, वहाँ अलमस्त।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

सुशासन में सरे आम अपराधियों का तांडव

अपने बिहार दौरे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जिस जंगलराज के बहाने महागठबंधन को घेरने की कोशिश की, वह उलट सावित हो रहा है। अब लोग सवाल कर रहे हैं कि यदि सुशासन में सरे आम अपराधी तांडव कर रहे हैं, तो फिर जंगल राज क्या है? महागठबंधन का नेतृत्व कर रहे तेजस्वी यादव पहले से ही अपराध बुलेटिन जारी कर सुशासन की पोल खोलकर सरकार के विरुद्ध गोलबंदी की मुहिम छेड़ दी है । ऐसे में गोपाल खेमका समेत कई व्यवसाई की हत्या के बाद नाराज वैश्य समाज सुशासन की सरकार के विरुद्ध खड़ा हो जाए तो यह अतिश्योक्ति नहीं होगी।

लोकसभा चुनाव में वैश्य समाज का एक वर्ग महागठबंधन के साथ जा जुड़ा था। सुशासन की सरकार पर सवालिया निशान खड़ा कर रहे हैं। पटना के राजेन्द्र नगर स्थित मगध हॉस्पिटल के मालिक और राज्य के प्रमुख व्यवसायी गोपाल खेमका की 4 जुलाई, को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जहां हत्या हुई है, उस स्थल से गांधी मैदान थाने महज ढाई सौ मीटर की दूरी पर है। आसपास ही पुलिस अधीक्षक और वरीय पुलिस अधीक्षक के आवास हैं। बावजूद इसके अपराधी हत्या कर चलते बने। हद तो ये है कि घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस डेढ़ घंटे बाद पहुंची। व्यवसायी गोपाल खेमका के पहले गत जून माह में ही पुनपुन के सुहागी-कंडाप पथ पर बाइक सवार बदमाशों ने जमीन कारोबारी अंजनी सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह घटना गौरीचक के कंडाप पैक्स गोदाम के पास की है, जहां सुनसान जगह का फायदा उठाकर अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। मृतक हंडेर गांव के श्याम नंदन सिंह के पुत्र थे और जमीन के कारोबार से जुड़े थे। कारोबारी जयप्रकाश नारायण की भी गत वर्ष अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। आरोप यह था कि अपराधियों ने कारोबारी जयप्रकाश से 1.5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। जब पैसा नहीं मिला तो उनकी हत्या कर दी गई। बेगूसराय में अक्टूबर 2024 को सोना व्यापारी अनिल कुमार की अपहरण कर हत्या कर दी गई। अनिल कुमार ज्योति ज्वेलर्स के मालिक थे। जून 2024 में ही बिहार के नालंदा जिले के पनहेस्सा गांव के पास दो बाइक सवार बदमाशों ने जमीन कारोबारी को गोलियों से छलनी कर दिया। उन्हें चार गोलियां मारी गयीं। इलाज के लिए ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान पनहेस्सा गांव निवासी 42 वर्षीय रजी अहमद उर्फ नन्हे के रूप में की गयी। इस हत्या का कारण भी जमीन की खरीद-बिक्री के कारोबार बताया गया। इस घटना के बाद बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक समीक्षा बैठक की। नीतीश कुमार ने कहा कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। गोपाल खेमका हत्याकांड को लेकर हुई समीक्षा बैठक में मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के साथ पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल थे। नीतीश कुमार ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ें और उन्हें कड़ी सजा दें। 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में पुलिस महानिदेशक एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध करने वाले कोई भी हों, उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाए। घटित आपराधिक घटनाओं के अनुसंधान कार्यों में तेजी लाने और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को पूरी मुस्तैदी एवं कड़ाई से काम करने को कहा। एनडीए में नीतीश के सहयोगी चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (आर) के खगड़िया से सांसद राजेश वर्मा ने भी सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होने कहा कि जिस तरह गोपाल खेमका की हत्या को अंजाम दिया गया। उससे लगने लगा है कि राज्य में अपराधियों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। बिहार में व्यापारी सुरक्षित नहीं है। लोजपा (आर) के सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि खेमका परिवार में ये दूसरी हत्या है, इससे पहले 2018 में गोपाल खेमका के बेटे गुंजन की हत्या भी इसी तरह की गई है। बिहार को आगे बढ़ाने की सोच रखने वाला वैश्य समाज भी सुरक्षित नहीं है। हाथ जोड़कर आग्रह करते हुए सांसद ने कहा कि सबसे पहले बिहार में व्यापारी वर्ग की सुरक्षा पुख्ता की जाए। अगर आप बिहार में उद्योग-धंधे लगाने की बात करते हैं। यही नहीं कानून व्यवस्था में सुधार के लिए पड़ोसी राज्य यूपी का हवाले देते हुए लोजपा (आर) के सांसद ने कहा कि यूपी से भी सीख सकते हैं कि कैसे लॉ एंड ऑर्डर को दुरूस्त किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अलग बात

कुमार कृष्णन

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

न्यूज बॉक्स

अमरनाथ तीर्थयात्रा: जम्मू से 8,605 श्रद्धालुओं का छठा जत्था रवाना

जम्मू। बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे के बीच 8,605 श्रद्धालु अमरनाथ तीर्थयात्रा के लिए सोमवार तड़के जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि 38 दिवसीय यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 70 हजार से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं। यह यात्रा 3 जुलाई को अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल से शुरू हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि 8,605 तीर्थयात्रियों का छठा जत्था, जिसमें 6486 पुरुष, 1826 महिलाएं, 42 बच्चे और 251 साधु-साध्वियां शामिल हैं, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज तड़के 3.30 और 4.25 बजे जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से 372 वाहनों में कश्मीर के जुड़वां आधार शिविरों के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि पहला तीर्थयात्री काफिला 166 वाहनों में 3,486 तीर्थयात्रियों को लेकर गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे-छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग के लिए रवाना हुआ। इसके बाद 206 वाहनों में 5,119 तीर्थयात्रियों का दूसरा काफिला अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग से यात्रा पर निकला। बुधवार के बाद से यह तीर्थयात्रियों का सबसे बड़ा जत्था था। इसके साथ ही अब तक कुल 40,361 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं। मौके पर पंजीकरण के लिए काउंटरों पर भारी भीड़ है। अधिकारियों ने भीड़ को कम करने के लिए काउंटरों की संख्या के साथ-साथ दैनिक कोटा भी बढ़ा दिया है।

महाराष्ट्र तट पर संदिग्ध नाव मिलने से हड़कंप, नौसेना अलर्ट

मुंबई। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में रेवदंडा तट के पास एक संदिग्ध नाव, संभवतः एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव देखी जाने के बाद पुलिस और समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार को अपनी तलाशी और जांच तेज कर दी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार रात को भारतीय नौसेना के रडार पर नाव को रेवदंडा में कोरलाई तट से करीब दो समुद्री मील दूर देखा गया। अधिकारी ने बताया कि यह संभवतः एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव थी, लेकिन नाव को रोके जाने के बाद इसकी पहचान और अन्य विवरण का पता लगाया जाएगा।
एक अधिकारी ने पहले कहा था कि प्रथम दृष्टया ऐसा संदेह है कि नाव बहकर रायगढ़ तट पर आ गई है। नाव के देखे जाने के बाद रायगढ़ में समुद्र तट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्होंने कहा कि अलर्ट के बाद रायगढ़ पुलिस, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस), क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी), नौसेना और तटरक्षक बल के जवान रात में ही मौके पर पहुंचे और तलाशी शुरू की। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण रात में नाव तक पहुंचने के प्रयास बाधित हुए। अधिकारी ने कहा कि रायगढ़ की पुलिस अधीक्षक आंचल दलाल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ स्थिति की निगरानी के लिए तट पर पहुंच गई थीं। अधिकारी ने कहा कि दलाल ने खुद एक बजरे का उपयोग करके नाव तक पहुंचने का प्रयास किया।

पाकिस्तान पर बरसे जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, बोले

उसके मंसूबों को नहीं होने देंगे सफल

एजेंसी। जम्मू-कश्मीर

- हमारा पड़ोसी पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर की शांति और समृद्धि को नष्ट करने की कोशिश कर रहा है
- पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के पांच साल के विकास को नष्ट करना चाहता है विकास से कुछ लोग नाखुश हैं



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को पाकिस्तान पर क्षेत्र की विकास यात्रा को पटरी से उतारने और समुदायों के बीच मतभेद पैदा करने का आरोप लगाया। ऐशमुकाम में एक धार्मिक समारोह में बोलते हुए एलजी सिन्हा ने पाकिस्तान को एक आतंकवादी देश करार दिया, जो जम्मू-कश्मीर में पिछले पांच वर्षों में कड़ी मेहनत से की गई प्रगति को खत्म करने पर आमादा है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जन्म देने वाला हमारा पड़ोसी पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर की शांति और समृद्धि को नष्ट करने की कोशिश कर रहा है।
मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के विकास से कुछ लोग नाखुश हैं। कुछ बाहरी लोग हैं, लेकिन कुछ अंदरूनी लोग भी हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के पांच साल के विकास को नष्ट करना चाहता है। वह हमारी एकता को तोड़ना चाहता है। हमें उसके नापाक इरादों को सफल नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुश्मन के एजेंडे को हराने का एकमात्र तरीका एकता और सामूहिक प्रतिरोध है।
मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के विकास से कुछ लोग नाखुश हैं। कुछ बाहरी लोग हैं, लेकिन कुछ अंदरूनी लोग भी हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के पांच साल के विकास को नष्ट करना चाहता है। वह हमारी एकता को तोड़ना चाहता है। हमें उसके नापाक इरादों को सफल नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुश्मन के एजेंडे को हराने का एकमात्र तरीका एकता और सामूहिक प्रतिरोध है।

प्रतिबंधित

दिल्ली में प्रतिबंधित चीनी मांझा के 1,200 से अधिक रोल जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस और रक्षा बंधन से पहले एक सप्ताह के अंदर प्रतिबंधित चीनी मांझे के 1,200 से अधिक रोल जब्त किए हैं और राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह की गई कार्रवाई में नायलॉन आधारित चीनी मांझा के 1,226 रोल जब्त किए गए। यह मांझा एक खतरनाक पतंग डोर है, जिस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई 26 जून को कमला मार्केट में पहली जब्ती के साथ शुरू हुई, इसके बाद 27 जून को उत्तम नगर में और पांच जुलाई को उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और प्रतिबंधित मांझा बेचने और आपूर्ति करने वालों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने कहा, यह कार्रवाई स्वतंत्रता दिवस से पहले चीनी मांझे की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए निवारक अभियान का हिस्सा है, जो इंसानों, पक्षियों और जानवरों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है।

द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 29 लोगों को किया डिपोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 29 विदेशी लोगों को पकड़कर डिपोर्ट किया। इनमें बांग्लादेश, आइवरी कोस्ट, नाइजीरिया, लाइबेरिया, तंजानिया और बेनिन के नागरिक शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि ये लोग बिना वैध वीजा के भारत में रह रहे थे, जिससे स्थानीय संसाधनों पर दबाव पड़ रहा था। द्वारका जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने डीसीपी द्वारका अंकित सिंह की निगरानी में यह कार्रवाई की। इस टीम में स्पेशल स्टाफ, थाना डाबरी, एंटी-नारकोटिक्स सेल, थाना मोहन गार्डन, एएटीएस, और थाना उत्तम नगर शामिल थे।
स्पेशल स्टाफ ने 11, थाना डाबरी ने 7, एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 6, थाना मोहन गार्डन ने 3, और एएटीएस व थाना उत्तम नगर ने 1-1 विदेशी नागरिक को पकड़ा। पकड़े गए लोगों में 18 बांग्लादेशी, 4 आइवरी कोस्ट, 3 नाइजीरियाई, 2 लाइबेरियाई, 1 तंजानियाई और 1 बेनिनी नागरिक शामिल हैं।

होशियारपुर में बस और कार की टक्कर में छह की मौत व 17 घायल

एजेंसी। चंडीगढ़

हादसे में सीएम मान ने जताया दुख

होशियारपुर में हुए दर्दनाक हादसे में करीब 8 लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, दसूहा के गांव सगरा के पास एक निजी बस और कार के बीच हुई टक्कर के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। सीएम भगवंत मान ने हादसे पर दुख जताया है।

पंजाब के होशियारपुर जिले में सोमवार को एक यात्री बस के पलटने से छह यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 17 यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में घायल बारह लोगों की हालत गंभीर होने पर अमृतसर के लिए रेफर किया गया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घटना पर शोक जताया और घायलों के स्वस्थ जल्द होने की कामना की है।
घटना आज सुबह दसूहा-हाजीपुर रोड पर अड्डा सगरां के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दसूहा की तरफ जा रही बस जब अड्डा सगरां के पास पहुंची तो सामने से आ रही एक कार से टकरा गई। बस तेज रफ्तार में होने के कारण चालक बस नियंत्रित नहीं कर सका और थोड़ी दूरी पर जाकर पलट गई।
बस पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई।

खाई में गिरी कार चार लोगों की मौत

मनाली। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में मनाली और रोहतांग दर्रे के बीच रानी नाले के पास रविवार को एक कार के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त मारुति ऑल्टो कार की पंजीकरण संख्या एचपी01के-7850 थी और उसके पास वैध रोहतांग परमिट था। उसने बताया कि सुबह हादसा हुआ और नाले के नजदीक कार फिसलकर खाई में गिर गई।

बिहार पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे स्टेशनों का किया निरीक्षण

एयरपोर्ट देख कर ही पता चलता है कि पटना का विकास हो रहा है : अश्विनी

एजेंसी। पटना

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सोमवार को बिहार दौरे पर पहुंचे। इस दौरे के दौरान उन्होंने कई रेलवे स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही स्टेशन विकास योजनाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली और कामकाज की समीक्षा भी की। दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, सोनपुर मंडल के डीआरएम और पूर्व मध्य रेल के जनरल मैनेजर भी उनके साथ मौजूद रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सोमवार को पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पटना एयरपोर्ट पर पहुंचते ही रेल मंत्री ने पहले पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का निरीक्षण किया। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पटना एयरपोर्ट के अलावा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और सोनपुर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की।

दो परिवारों के बच्चों के बीच विवाद के दौरान हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत

पटना। नालंदा जिले में दो परिवारों के बच्चों के बीच हुए झगड़े ने हिंसक रूप ले लिया और इस दौरान हुई गोलीबारी में 22 वर्षीय युवती समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दीपनगर पुलिस थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव में उस समय हुई जब झगड़े के दौरान दोनों परिवारों के सदस्यों ने एक-दूसरे पर गोलियां चला दीं। नालंदा के पुलिस उपाधीक्षक ने कहा, ''घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

जापानी तटरक्षक जहाज "इत्सुकुशिमा" पहुंचा चेन्नई

एजेंसी। चेन्नई

जापान का तटरक्षक जहाज "इत्सुकुशिमा" सोमवार को चेन्नई पहुंचा है। इसका उद्देश्य भारत और जापान के बीच समुद्री संबंधों को मजबूत करना है। इस जहाज का चालक दल भारतीय तटरक्षक बल के साथ संयुक्त अभ्यास में भाग लेगा। यह अभ्यास दोनों तटरक्षक बलों के बीच संबंधों और आपसी समझ को और मजबूत करने, संचार में अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने, मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को मजबूत करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने पर केंद्रित है। जापान का यह तटरक्षक जहाज भारत और जापान के बीच समुद्री संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक सद्भावना यात्रा के तहत चेन्नई बंदरगाह पर पहुंचा है। यह यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत राजनयिक और रणनीतिक संबंधों को दर्शाती है।

आज का राशिफल

मेष : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी।

वृष : लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे।

मिथुन : दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

कर्क : विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

सिंह : नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

कन्या : अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

तुला : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

धनु : पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

मकर : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंग। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

कुंभ : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

मीन : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संताप को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान रहेगा।

कड़ी सुरक्षा के बीच साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज फिर से खुला

● पिछले महीने छात्रा का हुआ था दुष्कर्म

एजेंसी। कोलकाता

कोलकाता में प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कैंपस में हुए बलात्कार के 11 दिन बाद, साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज सोमवार को फिर से खुल गया। कॉलेज को भारी सुरक्षा के बीच खोला गया, कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे। गेट केवल बीए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए खोले गए थे, जिन्हें अपने परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए बुलाया गया था। निजी सुरक्षा गार्डों ने गहन पहचान-पत्र जांच की और करीब 100 छात्र, जिनमें से कई अपने माता-पिता के साथ थे, परिसर में पहुंचे। कॉलेज ने निर्देश जारी किया कि दोपहर 2 बजे के बाद किसी भी छात्र को परिसर में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी छात्रों के बाहर निकल जाने के बाद ही शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी। पुलिस ने जांच के तहत छात्र संघ कक्ष और सुरक्षा गार्ड के कमरे को सील कर दिया है और फिलहाल वहां जाना प्रतिबंधित है। सामान्य समय सारिणी के अनुसार 8 जुलाई से नियमित कक्षाएं फिर से शुरू होने वाली हैं।

चुनाव आयोग के लगातार बदलते दिशा-निर्देशों से भ्रम की स्थिति : तेजस्वी यादव

पटना। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और महागठबंधन समन्वय समिति के प्रमुख तेजस्वी यादव ने बिहार में कराए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर भ्रम की स्थिति है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके अपने ही आदेशों में अंतर है। तेजस्वी ने कहा कि चुनाव आयोग को आदेश या अधिसूचना निकालनी चाहिए। महागठबंधन के संयुक्त प्रेस वार्ता में उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या संवैधानिक संस्थाओं के लिए विज्ञापन और सोशल मीडिया पोस्ट ही अब नीति वाहक बन गए हैं। तेजस्वी ने चुनाव आयोग की वेबसाइट के एक फॉर्म में अभी भी आधार कार्ड शामिल होने को लेकर भी सवाल उठाया। उन्होंने बिहार से बाहर काम कर रहे लोगों को लेकर भी कहा कि उनका मतदाता पुनरीक्षण कैसे होगा।

गोयल ने श्रीनगर के सेब व्यापारियों को उनकी मांगों पर विचार करने का भरोसा दिया

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के सेब व्यापारियों को भरोसा दिया कि वह आयात से सुरक्षा की उनकी मांग पर विचार करेंगे। उन्होंने साथ ही उत्पादकों और उपभोक्ताओं, दोनों के हितों को संतुलित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। गोयल ने कहा कि वह हस्तशिल्प पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को कम करने के लिए हितधारकों के सुझाव पर विचार करेंगे। उद्योग ने जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की मांग की है। उन्होंने श्रीनगर में एफटीआईआई व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मैंने उनसे केंद्रीय वित्त मंत्रालय के साथ भी विवरण साझा करने को कहा है। मैं भी बात करूंगा और देखूंगा कि (उत्पादों को) पांच प्रतिशत (जीएसटी) की श्रेणी में कैसे लाया जाए... हम इसका समाधान खोजने की कोशिश करेंगे। कश्मीरी सेब के बारे में उन्होंने कहा कि उद्योग ने इस फल पर अधिक सुरक्षा की मांग की है, जिस पर इस समय न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) 50 रुपये प्रति किलोग्राम और 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं और किसानों के हितों को संतुलित करने की भी जरूरत है। इस समय भारत घरेलू बाजार में कमी को पूरा करने के लिए हर साल 4.5-5 टन सेब का आयात करता है। गोयल ने कहा, मैं (केंद्रीय) कृषि मंत्रालय से (इस मुद्दे पर) बात करूंगा। उन्होंने कहा कि भारत नए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत भारतीय उद्योग और उपभोक्ताओं के हितों की हमेशा रक्षा करेगा।

तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से श्रमिक की मौत

चेन्नई। विरुदुनगर के निकट एक गांव में रविवार को एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में एक श्रमिक की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस सिलसिले में एक फैक्टरी के फोरमैन को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदेह है कि केलाथायिलपट्टी गांव में आतिशबाजी इकाई में हुआ विस्फोट विनिर्माण प्रक्रिया के दौरान रसायनों के बीच घर्षण के कारण हुआ है। अधिकारी ने बताया कि करीब 50 वर्षीय एक श्रमिक की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की तथा अधिकारियों को घायल श्रमिकों की विशेष देखभाल सुनिश्चित करने का आदेश दिया। आधिकारिक विज्ञप्ति में मुख्यमंत्री ने मृतक श्रमिक के परिवार को चार लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने गंभीर रूप से घायल श्रमिक को एक लाख रुपए तथा मामूली रूप से घायल अन्य को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

निशिकांत दूबे का मनसे पर हमला

बड़े बॉस हो तो बिहार यूपी तमिलनाडु में उर्दू तमिल और तेलुगु भाषी को भी पीटो : दूबे

आप हमारे पैसों पर पल रहे हो

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने महाराष्ट्र में हिंदी भाषी लोगों पर हाल ही में हुए हिंसक हमलों के लिए महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे और उनके चचेरे भाई तथा शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर सोमवार को तीखा हमला बोला और उन्हें चुनौती दी कि वे उत्तर प्रदेश, बिहार या तमिलनाडु में जाकर वहां भी ऐसा करने की कोशिश करें। ठाकरे बंधुओं द्वारा महाराष्ट्र में काम करने वाले उत्तर भारतीय लोगों के खिलाफ किए गए हमले का जिक्र करते हुए दुबे ने कहा कि आप उत्तर प्रदेश, बिहार या तमिलनाडु में आ जाइए। लोग आपको पटक-पटक कर मारेंगे। एएनआई से बात करते हुए निशिकांत दुबे ने कहा कि आप लोग हमारे पैसे से जी रहे हैं। आपके पास किस तरह के उद्योग हैं? अगर आप इतने साहसी हैं और हिंदी बोलने वालों को पीटते हैं, तो आपको उर्दू, तमिल और तेलुगु बोलने वालों को भी पीटना चाहिए। अगर आप इतने बड़े 'बॉस' हैं, तो महाराष्ट्र से बाहर आएँ, बिहार, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु में आएँ - 'तुमको पटक पटक के मारेंगे'। उन्होंने कहा कि हम सभी मराठी और महाराष्ट्र के लोगों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने भारत की आज़ादी के लिए लड़ाई लड़ी। भाजपा सांसद ने साफ तौर पर कहा कि बीएमसी चुनाव होने वाले हैं, और इसलिए, राज और उद्धव सस्ती राजनीति कर रहे हैं। अगर उनमें हिम्मत है - तो उन्हें माहिम जाना चाहिए और माहिम दरगाह के सामने किसी भी हिंदी या उर्दू बोलने वाले को पीटना चाहिए। हाल के हफ्तों में, कुछ वीडियो सामने आए और सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिनमें मनसे कार्यकर्ताओं को उत्तर भारतीय मजदूरों और विक्रेताओं पर हमला करते हुए दिखाया गया, जब उन्होंने महाराष्ट्र की मूल भाषा मराठी में बातचीत करने में असमर्थता व्यक्त की। उत्तर भारतीयों के खिलाफ हमले की घटनाएं तब हुई हैं जब एक सप्ताह पहले देवेंद्र फडणवीस सरकार ने राज्य में तीन-भाषा नीति को वापस ले लिया था, राज और उद्धव ठाकरे के कड़े विरोध के बाद, जिन्होंने इसे "हिंदी थोपना" कहा था।

चीन में राष्ट्रपति परिवर्तन की अटकलें तेज

ब्रिक्स में मोदी का कूटनीतिक विजय

बीजिंग । एजेंसी

चीन का वो नेता जिसे आजीवन सत्ता का प्रतीक माना गया, अब पीछे हटने की तैयारी कर रहा है। शी जिनपिंग जिनका नाम लेते ही एक तानाशाह और लोहे की मुट्ठी से राज करने वाला चेहरा ध्यान में आता है। आजकल खुद अपनी शक्ति बांट रहे हैं। ऐसे में चर्चा तेज हो चली है कि क्या चीन में राष्ट्रपति बदलने वाला है। क्या भारत के पड़ोसी देश की राजनीति में बड़ा बदलाव आने वाला है। 2012 यही वो साल था जब शी जिनपिंग ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव के तौर पर सत्ता संभाली। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति और सेंट्रल मिलिट्री कमीशन का अध्यक्ष बनकर देश की पूरी सत्ता पर कब्जा जमा लिया। लेकिन अब चीन में शी जिनपिंग को लेकर तरह तरह की खबरे सामने आ रही है। ऐसे वक्त में जब ब्रिक्स में नरेंद्र मोदी का दबदबा पूरी दुनिया ने महसूस किया। ब्रिक्स सम्मेलन में जितने भी देश के प्रतिनिधि थे, एक स्वर में आतंकवाद की निंदा की और भारत का साथ दिया। आतंकवाद के खिलाफ जिस तरह जीरो टालरेंस की नीति भारत अपनाता है। वही नीति ब्रिक्स सम्मेलन में ये देश भी अपनाते नजर आए। इससे भी ज्यादा उल्लेखनीय बात यह है कि 2012 में सत्ता संभालने के बाद यह पहली बार है जब शी ब्रिक्स मंच से अनुपस्थित रहेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग ले रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने आतंकवाद का समर्थन करने के लिए पाकिस्तान पर तीखा हमला किया और यह भी कहा कि यह स्वीकार्य नहीं होना चाहिए कि कुछ लोग व्यक्तिगत या राजनीतिक लाभ के लिए आतंक के प्रसार के खिलाफ कुछ न कहें या कुछ न करें।

शी ने बैठक में भाग न लेने का फैसला क्यों किया?

क्या यह शेड्यूल से जुड़ी उलझन का मामला है जैसा कि चीन ने दावा किया है या यह आंतरिक दबाव है या उनकी घटती शक्ति का संकेत है? हम शी की अनुपस्थिति के संभावित कारणों का विश्लेषण करते हैं और यह भी कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए यह क्यों मायने रखता है। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार, शी जिनपिंग की बैठक में अनुपस्थिति 2012 के बाद पहली बार शेड्यूल संबंधी विवादों के कारण हुई है। हालांकि, 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीन की उपस्थिति नहीं है। शी जिनपिंग ने अपनी जगह अपने प्रधानमंत्री ली कियांग को बैठक के लिए भेजा है। लेकिन विश्लेषकों और विशेषज्ञों का मानना है कि शी की अनुपस्थिति सिर्फ़ शेड्यूलिंग विवाद से कहीं ज़्यादा है। कुछ चीनी पर्यवेक्षकों का मानना है कि शी चीन की आर्थिक चुनौतियों से निपटने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए रियो डी जेनेरियो से दूर रह रहे हैं। एशियाई दिग्गज के औद्योगिक मुनाफे में मई में एक साल पहले की तुलना में 9.1 प्रतिशत की गिरावट आई, जो इस बात का संकेत है कि बीजिंग के प्रोत्साहन प्रयास उद्यमों की लाभप्रदता बढ़ाने में विफल हो रहे हैं। इसके अलावा, धीमी उपभोक्ता खर्च और रियल एस्टेट बाजार में मंदी ने चीन की अर्थव्यवस्था को धीमा कर दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अप्रत्याशित व्यापार युद्ध भी एशियाई राष्ट्र के लिए सिरदर्द है।

ब्रिक्स में शी की अनुपस्थिति क्यों मायने रखती है?

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शी की अनुपस्थिति महत्वपूर्ण है। इससे समूह का महत्व कम हो जाता है। इसके अलावा, शिखर सम्मेलन में भाग न लेने का शी का निर्णय वैश्विक दक्षिण देशों के बीच चीन के नेतृत्व को मजबूत करने और खुद को पश्चिमी प्रभाव के प्रतिकार के रूप में स्थापित करने का एक खोया हुआ अवसर भी है एक ऐसी छवि जिसे बीजिंग ने लंबे समय से विकसित किया है। इसके अलावा, समूह की स्थिति इस तथ्य से भी प्रभावित हो सकती है कि केवल शी ही नहीं बल्कि रूस के व्लादिमीर पुतिन भी बैठक में भाग नहीं ले रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति यूक्रेन के खिलाफ चल रहे युद्ध के परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की गिरफ्तारी वारंट का सामना कर रहे हैं और हो सकता है।

ट्रंप की धमकी : लेकिन ब्रिक्स के नतीजे चाहे जो भी हों, अमेरिका इस पर कड़ी नज़र रख रहा है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही ब्रिक्स समूह की अमेरिका विरोधी नीतियों से जुड़े देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रंप ने रविवार रात ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों से जुड़ने वाले किसी भी देश पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इस नीति में कोई अपवाद नहीं होगा। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद!

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की हड़ताल 9 को

एंटी-लेबर नीतियों के विरुद्ध 15 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी उतरेंगे सड़क पर

ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने केंद्र सरकार की आर्थिक व मजदूर विरोधी नीतियों के विरूद्ध 9 जुलाई को आम हड़ताल का आह्वान किया गया है। इस हड़ताल में बैंक बीमा क्षेत्र के कर्मचारी भी शामिल होंगे।यह होने पर आगामी बुधवार को बैंकिंग सुविधाएँ ठप्प हो सकती हैं। बैंक कर्मचारियों के यूनियन ने दावा किया है कि इस हड़ताल में 15 करोड़ से ज़्यादा कर्मचारी भाग लेंगे। वे सरकार की "प्रो-कॉर्पोरेट आर्थिक सुधारों और एंटी-लेबर नीतियों" का विरोध करेंगे। इसका मतलब है कि कर्मचारी सरकार की उन नीतियों से नाराज़ हैं जो कंपनियों को फायदा पहुंचाती हैं और श्रमिकों के खिलाफ हैं। कर्मचारी सरकार की नीतियों का विरोध कर रहे हैं।

हसीना सरकार के पूर्व कानून मंत्री की बढ़ी मुश्किलें, दो दिनों की पुलिस रिमांड

ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत ने सोमवार को पूर्व कानून मंत्री अनीसुल हक को अवैध हथियार रखने के आरोप में दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया है। यह मामला आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद मिन्हाजुर रहमान ने पुलिस द्वारा दायर रिमांड याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया।

जिसका पेट खाली हो, उसे दर्शनशास्त्र नहीं पढ़ाया जा सकता : नितिन गडकरी

ब्यूरो

बोले केंद्रीय मंत्री, देश में कुछ अमीर लोगों के हाथों में धन केंद्रित हो रहा है

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक कार्यक्रम में कहा कि देश में गरीबी बढ़ रही है और कुछ अमीर लोगों के पास ही सारा पैसा पहुंच रहा है। नितिन गडकरी ने कहा कि बढ़ती गरीबी के चलते पैसे के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता है जिससे आर्थिक विकास तो हो ही, साथ ही ग्रामीणों का कल्याण भी हो।गडकरी ने संघ की जननी आरएसएस के मुख्यालय वाले नगर नागपुर में कार्यक्रम में खेती, विनिर्माण, कराधान व बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक-निजी भागीदारी जैसे मुद्दों पर बात की। कहा कि अर्थव्यवस्था को इस तरह से विकसित करना होगा, जो कि रोजगार को सृजित करे और ग्रामीण क्षेत्रों को प्रोत्साहन दें। गडकरी ने कहा कि धीरे-धीरे गरीब लोगों की संख्या बढ़ रही है और कुछ अमीर लोगों के हाथों में धन केंद्रित हो रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए। अचरज यह है पीएम मोदी ने अपने कई भाषण में दावा किया है कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला गया है। जबकि केन्द्रीय मंत्री गडकरी कह रहे हैं कि देश में धीरे-धीरे गरीब लोगों की संख्या बढ़ रही है कुछ अमीर लोगों के हाथों में धन केंद्रित हो रहा है।

गडकरी का कहना है कि अर्थव्यवस्था को इस तरह विकसित होना चाहिए, जिससे रोजगार सृजितत हों और ग्रामीण क्षेत्रों का कल्याण हो।उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे आर्थिक मॉडल पर विचार कर रहे है जो रोजगार पैदा करेगा और अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देगा। धन के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता है और इस दिशा में कई बदलाव हुए हैं। नितिन गडकरी ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पी. वी. नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह की उदार आर्थिक नीतियों की सराहना की, लेकिन अनियंत्रित केंद्रीकरण के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि हमें इस बारे में चिंतित होना होगा। भारत की आर्थिक संरचना का जिक्र करते हुए गडकरी ने जीडीपी में विभिन्न क्षेत्रों के योगदान में असंतुलन को रेखांकित किया।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र का योगदान 22-24 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र का 52-54 प्रतिशत है, जबकि 65-70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी पर निर्भर कृषि क्षेत्र का योगदान केवल 12 प्रतिशत के आसपास है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने स्वामी विवेकानंद का हवाला देते हुए कहा कि जिसका पेट खाली हो, उसे दर्शनशास्त्र नहीं पढ़ाया जा सकता। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट का उल्लेख करते हुए कहा कि मैंने सड़क निर्माण के लिए बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) सिस्टम शुरू किया था। उन्होंने बताया कि सड़क विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। 'कभी-कभी मैं कहता हूं कि मेरे पास धन की कमी नहीं है, बल्कि काम की कमी है। गडकरी ने कहा कि अभी हम टोल बूथों से वर्तमान में लगभग 55,000 करोड़ रुपये कमाते हैं और अगले दो सालों में हमारी आय बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी।टोल को लेकर उन्होंने कहा कि यदि हम इसे अगले 15 वर्षों के लिए मुद्रीकृत करते हैं तो हमें 12 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। नए टोल से और अधिक आय होगी।

ट्रंप का सबसे बड़ा दुश्मन, पुतिन से भी खतरनाक, मोदी से मिलाया हाथ!

ब्रासीलिया । एजेंसी

ब्राजील में आयोजित की गई ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत देख डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका बौखला गए हैं। मोदी ने ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान एक खेल कर दिया जो इतना बड़ा है कि अमेरिका सदियों तक भूल नहीं पाएगा। पीएम मोदी की एक मीटिंग की तस्वीर देख अमेरिका भी हैरान रह गया है। आपको याद होगा कि पिछले महीने ही पाकिस्तान के फेल्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच पर बुलाया था। पाक सेना प्रमुख को लंच पर बुलाकर ट्रंप सोच रहे थे कि उन्होंने बहुत बड़ा कूटनीतिक दांव चल दिया है। लेकिन अब पीएम मोदी ने तो अमेरिका के पैरों तले जमीन खिसकाने वाला काम कर दिया है। पीएम मोदी ने जिस शख्स के साथ मीटिंग की वो अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप का सबसे बड़ा दुश्मन माना जाात है। पीएम मोदी ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कैनेल बरमूडेज से मुलाकात की है। आपको बता दें कि क्यूबा वो देश है, जिसे अमेरिका अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानता है। अमेरिका ने तो क्यूबा के खिलाफ सख्त ट्रैवल बैन तक लगा रखा है। सबसे हैरानी की बात ये है कि अगर कोई ठोस या वाजिब वजह नहीं है तो अमेरिका के लोग भी क्यूबा नहीं जा सकते। अमेरिकी कंपनियां भी क्यूबा में न तो कोई व्यापार कर सकती है और न कोई सामान बेच सकती है। अब इसी क्यूबा के साथ बैठकर पीएम मोदी व्यापार बढ़ाने की बातें कर रहे हैं। पीएम मोदी ने क्यूबा के राष्ट्रपति के साथ बैठकर एक बहुत बड़ा ऐलान कर दिया है।

बलूच मानवाधिकार कार्यकर्ता की जबरन गिरफ्तारी, कई संगठनों ने की निंदा

क्वेटा (आईएएनएस)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों के बीच पाकिस्तान की काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने बलूच मानवाधिकार कार्यकर्ता गुलजार दोस्त को जबरन हिरासत में ले लिया। इस घटना की कई मानवाधिकार संगठनों ने कड़ी निंदा की है। मानवाधिकार संगठन बलूच यकजैती कमेटी (बीवाईसी) की कार्यकर्ता सामी दीन बलूच ने गुलजार दोस्त की "जबरन गिरफ्तारी" को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि गुलजार दोस्त को सोमवार तड़के बलूचिस्तान के केच जिले के तुर्बत स्थित उनके घर से सीटीडी ने जबरन उठा लिया। उन्होंने कहा, "यह सोची-समझी साजिश के तहत बलूच आवाजों को दबाने और शांतिपूर्ण असहमति जताने वालों को डराने की कार्रवाई है। गुलजार दोस्त जैसे अहिंसक कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई संकेत देती है कि शांतिपूर्ण विरोध भी उतना ही खतरनाक समझा जा रहा है, जितना आतंकवाद। गुलजार दोस्त की पहचान एक ऐसे कार्यकर्ता के रूप में है जो हमेशा न्याय के लिए अहिंसात्मक मार्ग अपनाते रहे हैं।

आर्मी मेडिकल कोर के मेडिकल ऑफिसर मेजर रोहित ने जच्चे-बच्चे को बचाया

ब्यूरो

- **झांसी रेलवे स्टेशन पर तड़प रही गर्भवती महिला की मदद की**
- **जनरल द्विवेदी ने कहा, यह इंडियन आर्मी के जज्बे का बेहतरीन उदाहरण**

नई दिल्ली। इंडियन आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आर्मी मेडिकल कोर के मेडिकल ऑफिसर मेजर रोहित बचवाला की बहुत तारीफ की। क्योंकि मेजर रोहित ने झांसी रेलवे स्टेशन पर एक गर्भवती महिला की मदद की थी। मेजर रोहित बचवाला आर्मी मेडिकल कोर के मेडिकल ऑफिसर हैं। इस घटना के बारे में मेजर बचवाला ने कहा कि मैंने उस महिला से कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। मैं एक मेडिकल अधिकारी हूं और आपको या बच्चे को कुछ नहीं होगा। मेजर बचवाला का कहना है कि मैंने बच्चे को सुरक्षित रूप से जन्म देने में महिला की मदद की थी। पहले तो बच्चा कोई भी प्रतिक्रिया नहीं कर रहा था, लेकिन मैंने उसे फिर से जिंदा करने की कोशिश की और फिर उसने प्रतिक्रिया भी दी , मुझे वास्तव में इस बात से बहुत खुशी हुई। बच्चे की मां तो बहुत, बहुत खुश थी। बच्चा रोने लगा और यह सब भगवान की कृपा थी कि मुझे लगा कि मां और बच्चा बिल्कुल स्थिर और ठीक हैं। मैं रेलवे कर्मचारियों का विशेष रूप से धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने उस समय मेरी मदद की।

अपने जवान के इस काम पर गर्व करते हुए आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मेजर रोहित की सराहना करते हुए कहा कि यह इंडियन आर्मी व सेना के जज्बे और सेवा भाव का बेहतरीन उदाहरण है। इसी के लिए हमारी आर्मी जानी जाती है। उन्होंने आगे कहा कि मेजर रोहित ने जो किया, वह सिर्फ फर्ज नहीं, बल्कि इंसानियत और सेना की सच्ची परंपरा का परिचायक है। भारतीय सेना के जवान केवल देश की ही सेवा नहीं करते हैं बल्कि वह हर एक परिस्थिति में आम लोगों की मदद भी करते हैं।हुआ यह कि हैदराबाद जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहे मेजर रोहित बचवाला ने महिला को बहुत दर्द में देखा। महिला अपने पति के साथ पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस 15066 में पनवेल से बाराबंकी जा रही थी। उसके पति ने मेडिकल हेल्प के लिए रेलवे को एसओएस किया था और परिवार को झांसी स्टेशन पर उतार दिया गया था। बिना सोचे-समझे रोहित ने अपनी जानकारी व अपने पास मौजूद एक पॉकेट चाकू तथा हेयर क्लिप के साथ महिला की मदद की। प्रसव क्षेत्र को ढकने के लिए एक धोती लाई गई और स्टाफ ने डॉक्टर को दस्ताने भी दिए।

दलाई लामा को भारत रत्न मिलने की चर्चा तेज चीन में दलाई लामा की खबर से बढ़ी बेचैनी

तिब्बत । एजेंसी

दलाई लामा ने अपना 90वां जन्मदिन मनाया

कुमार ने कहा कि हमने परम पावन दलाई लामा को भारत रत्न देने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। कई सांसद आगे आए हैं और उनमें से कुछ ने अभियान का समर्थन करते हुए वीडियो संदेश भेजे हैं। हम लोकसभा और राज्यसभा के अध्यक्ष को एक संयुक्त बैठक बुलाने के लिए लिखेंगे, जिसे परम पावन संबोधित करेंगे। इस बीच, दलाई लामा ने अपना 90वां जन्मदिन मनाया, जिसमें हजारों भक्त दलाई लामा मंदिर, त्सुगलागखांग के मुख्य प्रांगण में एकत्रित हुए, इस अवसर को मनाने और तिब्बत के 14वें आध्यात्मिक नेता को सम्मानित करने के लिए। भारत और विदेश के राजनीतिक नेताओं ने भी दलाई लामा के साथ मंच साझा किया, और बौद्ध नेता के समर्थन में अपना समर्थन दिया, जो भारत में निर्वासन में रह रहे हैं और 1960 के दशक में इस क्षेत्र के चीनी क ज े में आने के बाद से तिब्बती लोगों के अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं।

तिब्बती मुद्दे के प्रति समर्थन जताने के लिए एक सर्वदलीय मंच ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने का आग्रह किया है। मंच ने सरकार से दलाई लामा को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने की अनुमति देने की भी अपील की है, यह कदम चीन के गुस्से का कारण बन सकता है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, यह पत्र तिब्बत के लिए सर्वदलीय भारतीय संसदीय मंच द्वारा भेजा गया था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), बीजू जनता दल (बीजेडी) और जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद शामिल हैं। मंच ने इस महीने अपनी दूसरी बैठक के दौरान प्रस्ताव के समर्थन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करने के बाद सरकार को यह अनुरोध प्रस्तुत किया।

करीब 80 सांसदों के हस्ताक्षर प्राप्त किए : 10 सदस्यीय समिति ने दलाई लामा के भारत रत्न नामांकन का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया है और कथित तौर पर करीब 80 सांसदों के हस्ताक्षर एकत्र किए हैं, जिन्हें आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को सौंपने की योजना है। ईटी से बात करते हुए, राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार ने कहा, "समूह दलाई लामा के लिए भारत रत्न की मांग कर रहा है और उसने एक ज्ञापन पर 80 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर प्राप्त किए हैं, जिसे मंच 100 सांसदों के हस्ताक्षर एकत्र करने में सक्षम होने के बाद प्रस्तुत करेगा। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में विपक्षी दलों के सांसद भी शामिल हैं।

क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2

तुलसी के किरदार में स्मृति ईरानी का नया लुक हुआ लीक?

प्रशंसक बहुप्रतीक्षित प्रतिष्ठित टेलीविजन शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी के रीबूट के साथ स्मृति ईरानी को टेलीविजन स्क्रीन पर वापसी करते देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सोमवार को तुलसी विरानी के रूप में अभिनेत्री का पहला लुक लीक हो गया।

पहले लुक में स्मृति को ज़री के बॉर्डर वाली मैरून साड़ी पहने देखा गया। उन्होंने अपने लुक को सिग्नेचर बड़ी लाल बिंदी, पारंपरिक मंदिर के गहने और काले मोतियों वाले मंगलसूत्र के साथ पूरा किया। शो के रीबूट सीजन में स्मृति 15 साल बाद अभिनय में वापसी करेंगी।

सीरीज के डेब्यू के 25 साल पूरे होने पर स्मृति ने कहा, "क्योंकि सास भी कभी बहू थी सिर्फ़ एक शो नहीं है - यह एक साझा स्मृति है। इसे बनाने वालों और इसे अपनाने वाले लाखों लोगों के लिए, यह परिवारों, आस्था और उस ताने-बाने की कहानी थी जो हमें पीढ़ियों से बांधे रखती है।" उत्साह यहीं खत्म नहीं होता। मिहिर विरानी की प्रतिष्ठित भूमिका निभाने वाले अमर उपाध्याय ने भी शो की शूटिंग शुरू कर दी है। सेट पर स्मार्ट फॉर्मल वियर में नज़र आए अमर दो दशक पहले की तरह ही आकर्षक लग रहे थे। उन्होंने पैपराज़ी से बातचीत में कहा, "ओह, यह शानदार है, पहला दिन, पहला सीन हुआ और मज़ा आ गया... पुरानी यादें।"

इस बीच, रोमांच को बढ़ाने के लिए, अमर उपाध्याय तुलसी के पति मिहिर विरानी की अपनी प्रतिष्ठित भूमिका निभाने जा रहे हैं। उन्होंने शो की शूटिंग शुरू कर दी है। जब अमर से पूछा गया कि लोकप्रिय शो के नए सीजन के बारे में उनकी क्या राय है, तो उन्होंने कहा, "ओह, यह शानदार है।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने ली शपथ, ग्रहण किया पदभार

युवा व मातृशक्ति हमारे दो मजबूत स्तंभ : एससी अग्रवाल

- बोले, मारवाड़ी सम्मेलन को वैचारिक आंदोलन के रूप में स्थापित करना प्राथमिकता
- परंपरा से आगे बढ़ते हुए आधुनिक चुनौतियों का सामना संगठित होकर करना होगा
- रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने नए अध्यक्ष का किया अभिनंदन एवं सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

रांची/धनबाद। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का नवम प्रांतीय अधिवेशन धनबाद जिला के आतिथ्य में राजविलास रिसॉर्ट, गोविंदपुर में अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में रांची जिले से 60 सदस्यों सहित झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से 550 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल को शपथ ग्रहण करवाते हुए पदभार ग्रहण करवाया। अधिवेशन में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रतिनिधियों ने नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल को पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा भी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा किए जा रहे हैं जनसेवा के कार्यों एवं व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाए जाने पर स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर नए प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने संगठन की दिशा और दृष्टिकोण पर बल देते हुए कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन को केवल सामाजिक संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन के रूप में स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, हमें परंपरा से आगे बढ़ते हुए आधुनिक चुनौतियों का सामना संगठित होकर करना होगा। युवा और मातृशक्ति हमारे दो मजबूत स्तंभ हैं, जिनकी भागीदारी को निरंतर बढ़ाना होगा।

अधिवेशन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, उद्घाटनकर्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, ओम प्रकाश अग्रवाल, रवि शंकर शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अधिवेशन में 'नई उमंग' स्मारिका का विमोचन किया गया। स्मारिका के संपादक मंडली में अशोक कुमार नारसरिया, कमल कुमार केडिया एवं निर्मल बुधिया है। स्वागत भाषण में नंद लाल अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन हमारे समाज की शक्ति, संस्कृति और समर्पण का प्रतीक है। अधिवेशन का संचालन पूर्व प्रांतीय महामंत्री पवन शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन धनबाद जिला अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने की। इस अवसर पर रांची के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, संजीव विजयवर्गीय, पवन पोद्दार, मनोज चौधरी, कमल कुमार केडिया, डॉ ओमप्रकाश प्रणव, अशोक कुमार नारसरिया, राजेंद्र केडिया, चंडी प्रसाद डालमिया, प्रमोद सारस्वत, संजय सर्राफ, विशाल पाड़िया, निर्मल बुधिया, अनिल कुमार अग्रवाल, कमलेश संचेती, कमल सिंघानिया, चंद्रशेखर अग्रवाल, सुभाष पटवारी, अनिल अग्रवाल, नरेश बंका, अजय डीडवानिया, सुनील पोद्दार, निर्भय शंकर हरित, हरि परशुरामपुरिया, विमल पोद्दार, संजय परशुरामपुरिया, अजय खेतान, प्रमोद बगड़िया, नंदकिशोर पाटोदिया, विकास अग्रवाल, नेहा पटवारी, सुरेश सोंथालिया, कमल शर्मा, अमित बजाज, विनोद जैन बेगवानी, सुमित महलका, शशांक भारद्वाज, मीना अग्रवालद सहित विभिन्न जिलों के सदस्य उपस्थित थे। ये जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

निर्मला भगत का समर्थन करने वालों का आजसू पार्टी ने जताया आभार

रांची। आजसू पार्टी ने रांची जिला परिषद अध्यक्ष एवं पार्टी महासचिव निर्मला भगत के विरूद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के निरस्त हो जाने पर उन्हें बधाई दी है और उनका समर्थन करने वाले सभी सांसदों, विधायकों, जिला परिषद सदस्यों एवं प्रखंड प्रमुखों का आभार जताया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा है कि निर्मला भगत ने जिला परिषद अध्यक्ष के रूप में अपनी कार्यशैली और नीतियों से एक अलग पहचान बनाई है, जिसपर ज्यादातर सदस्यों ने अपना भरोसा जताया है। निर्मला भगत पार्टी की केंद्रीय महासचिव हैं तथा झारखंड आंदोलनकारी एवं सरना धर्म गुरु रहे स्व वीरेंद्र भगत की पत्नी हैं। अविश्वास प्रस्ताव के मतदान में 65 मतदाताओं में से मात्र 8 लोग ही उपस्थित हुए, जिससे कोरम पूरा नहीं हो पाया और प्रस्ताव निरस्त हो गया। झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भी निर्मला भगत को बधाई दी है और कहा है कि जिला परिषद को भ्रष्टाचार का अखाड़ा बनाने को लालायित लोगो को शिकस्त मिली है।

राष्ट्रीय महिला आयोग राज्य में कैंप लगाकर महिलाओं के लंबित मामलों की सुनवाई करेगी

नवीन मेल संवाददाता

- राष्ट्रीय महिला योग की सदस्य ममता कुमारी तीन दिवसीय दौरे पर रांची में थी

रांची। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी पिछले तीन दिनों से रांची दौरे पर थी। उन्होंने वनवासी सेवा केंद्र, रिम्स और होटवार जेल के महिला वार्ड का निरिक्षण किया। जिसपर सोमवार को प्रेस वार्ता कर ममता कुमारी ने कहा कि राज्य में महिला आयोग नहीं है। जिस से कई मामले लंबित है वहीं महिला आयोग में अध्यक्ष के ना होने के कारण झारखंड में महिलाओं के खिलाफ घरेलु हिंसा सहित अन्य अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार के ऊपर हमला करते हुए कहा कि राज्य कि सरकार महिलाओं के लिए लिए क्या कर रही है। आए दिन महिलाओं के खिलाफ अपराध कि संख्या बढ़ती जा रही है। ऊपर से पिछले 6 वर्षों से महिला आयोग की अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं कि गई। ममता कुमारी ने राज्यपाल से भी मुलकात की और पूरी जानकारी दी जिसपर राज्यपाल ने कहा इसे लिखित रूप से दीजिए इस पर विचार किया जाएगा। वहीं ममता कुमारी ने कहा राज्य महिला आयोग के ना होने के कारण मामले कहीं गुना ज्यादा बढ़ गए हैं। अब राष्ट्रीय महिला योग जुलाई के अंत तक जनसुनवाई कैंप लगाएगी। पुराने लंबित मामलों पर विचार किया जायेगा और समाधान निकला जायेगा। उन्होंने कहा राज्य के हर जिले में जनसुनवाई लगाई जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सुनी 49 फरियादियों की समस्याएं

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में आयोजित जनता दरबार में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को आम जनों की समस्याएं सुनी। कांग्रेस भवन में आयोजित जनता दरबार में आम जनों की समस्याओं को सुनने के क्रम में उपस्थित केशव महतो कमलेश ने कहा कि इस परिपाटी के आरंभ होने से जनता के बीच सकारात्मक संदेश जा रहा है। जनता समझ रही है कि सरकार समस्याओं को धरातल पर समाधान करने के लिए कार्रवाई कर रही है। जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बात करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि कई योजनाओं का पैसा केंद्र सरकार ने रोक रखा है। केंद्र की ओर से नकारात्मक सहयोग है और अंशदान नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते वृद्धा पेंशन जैसी कई योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। भाजपा लोगों के बीच दुष्प्रचार करती है कि झारखंड सरकार लोगों को पैसा नहीं दे रही है। सरकार कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी। जनता का काम समय पर अधिकारियों को करना होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जनता दरबार में कुल 49 मामले आए। इसमें बिजली विभाग, सड़क निर्माण, जमीन संबंधी, तालाब जीरणोद्धार-निर्माण, अबुआ आवास सहित कई शामिल हैं। समस्याओं को सुनने के क्रम में मंत्री ने सीधे अधिकारियों से समस्याओं के संदर्भ में बात की और समस्याओं का समाधान त्वरित एवं समय पर करने को कहा। भू अर्जन से संबंधित एक मामले में शिकायतकर्ता ने कहा कि एनएचएआई ने जमीन का अधिग्रहण किया था। जिस व्यक्ति की जमीन अधिग्रहित की गई थी, उसने दो शादियां की थी, लेकिन दूसरी शादी को कानूनी मान्यता नहीं थी। वित्त मंत्री ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को फोन कर मामले की जानकारी मांगी। इसपर भू-अर्जन पदाधिकारी ने मामले को अपने अधिकार क्षेत्र का न होने की जानकारी दी। किशोर ने कहा कि आपके द्वारा वस्तुस्थिति की जानकारी सीओ से मांगी जा सकती थी, जो आपके अधिकार क्षेत्र में आता है, परंतु आपने ऐसा नहीं किया। यह मामला फरवरी 2024 का है। भू-अर्जन पदाधिकारी ने ऐसे किसी आवेदन के मिलने से इंकार कर दिया। वहीं, शिकायतकर्ता ने भू-अर्जन पदाधिकारी कार्यालय को दिए गए आवेदन की प्रतिलिपि भी दिखाई। वित्त मंत्री ने तत्काल इस मामले की जानकारी भू राजस्व सचिव सचिव को दी।

राज्यपाल ने जमशेदपुर में डूरंड कप ट्रॉफी का किया अनावरण, बोले

राज्य की मिट्टी में खेलों का संस्कार

- कहा, राज्य की खेल संस्कृति को मिलेगी नई दिशा

नवीन मेल संवाददाता

रांची/जमशेदपुर। 134वें डूरंड कप 2025 के उपलक्ष्य में सोमवार को जमशेदपुर के एक्सएलआरआई सभागार में एक भव्य समारोह में डूरंड कप ट्रॉफी का अनावरण किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। वहीं, राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन विशिष्ट अतिथि थे। यह आयोजन भारतीय सशस्त्र सेनाओं की ओर से किया गया, जिसे राज्य सरकार ने सहयोग दिया।

मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि डूरंड कप का आयोजन झारखंड के लिए गर्व का विषय है। इससे राज्य की खेल संस्कृति को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा, डूरंड कप जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का हिस्सा बनना झारखंड की खेल संस्कृति के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डूरंड कप केवल एक फुटबॉल टूर्नामेंट नहीं, बल्कि भारत की ऐतिहासिक खेल विरासत का प्रतीक है। इस वर्ष इसके कुछ मैच झारखंड में खेले जाने हैं, यह हमारे राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। राज्यपाल ने कहा कि फुटबॉल सभी वर्गों के बीच लोकप्रिय खेल है और इससे एकता, अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है। केंद्र और राज्य सरकारें युवाओं को खेल के माध्यम से जोड़कर उनकी प्रतिभा निखारने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी का भी दावा किया है। झारखंड के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंताराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने आयोजन के लिए भारतीय सेना और स्थानीय प्रशासन को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह टूर्नामेंट खेल भावना, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को प्रोत्साहित करता है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि झारखंड की मिट्टी में खेलों का संस्कार है। राज्य के अनेक गांवों में बच्चे बड़े उत्साह से फुटबॉल एवं अन्य खेलों में भाग लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के क्षेत्र में अनेक क्रांतिकारी पहल हुई हैं, जिनमें 'खेलो इंडिया', 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस)' जैसी योजनाएं विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। उन्होंने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा पारित 'राष्ट्रीय खेल नीति 2025' को एक दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा कि यह नीति भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न लोक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति से कलाकारों ने समां बांधा। छऊ और संथाली नृत्य के माध्यम से झारखंड की संस्कृति को प्रदर्शित किया गया, जबकि भारतीय सेना के जवानों ने पंजाब का भांगड़ा प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान सभी अतिथियों को फुटबॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।

डूरंड कप का आयोजन राज्य के लिए गौरव की बात : मंत्री

विशिष्ट अतिथि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार की नई खेल नीति के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। डूरंड कप जैसे ऐतिहासिक टूर्नामेंट का आयोजन राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं।

हेमंत सरकार में चरम पर है टेंडर घोटाला : अजय साह

- पिछले पांच वर्षों से गृह विभाग में बड़े पैमाने पर हो रहे टेंडर घोटाले
- गृह विभाग में तीन कंपनियों का चल रहा है खेल, सीबीआई जांच हो

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए सोमवार को कहा कि जब देशभर में शासन व्यवस्था में सुधार और नवाचार हो रहे हैं, तब हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार के नए-नए तरीके ईजाद किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टेंडर सेटिंग को लेकर बड़े पैमाने पर खेल हो रहा है। जहां एक मंत्री पहले से ही टेंडर कमीशन घोटाले में जेल में है, वहीं अब एक और टेंडर घोटाले का सामने आना चौंकाने वाला और हैरान करने वाला है। अजय साह ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों से गृह विभाग में बड़े पैमाने पर टेंडर घोटाले हो रहे हैं और सरकार ने एक संगठित सिंडिकेट को पनपने का खुला मौका दिया है। उन्होंने बताया कि पहले से मिलीभगत रखने वाली कंपनियों को तकनीकी रूप से योग्य घोषित किया जाता है और फिर एक तयशुदा गिरोह को मनमाने दर पर ठेके दिए जाते हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि टेंडर संख्या जीईएम/2022/बी/2317532 में 23 में से 20 कंपनियों को तकनीकी कारणों से बाहर कर दिया गया। अजय साह ने खुलासा किया कि जांच के दौरान यह सामने आया कि टेंडर जीईएम/2022/बी/2498791 सहित कई मामलों में तीन ही कंपनियों को टेंडर दिए जा रहे हैं — कोलकाता की जेसी माइकल, पटना की अरिहंत कॉरपोरेशन और दिल्ली की लाइफलाइन सिक्योरिटी। इन तीनों कंपनियों के डायरेक्टर या पार्टनर आपस में जुड़े हुए हैं। जेसी माइकल के डायरेक्टर चिराग जैन हैं, जो अरिहंत ट्रेडिंग के भी प्रोप्राइटर हैं। वहीं, जितेंद्र कोचर जेसी माइकल और लाइफलाइन सिक्योरिटी दोनों के डायरेक्टर हैं। इससे स्पष्ट है कि गृह विभाग और ठेकेदारों के बीच एक गहरा गठजोड़ बना हुआ है। और, यह केवल गठजोड़ नहीं, बल्कि आपराधिक आचरण का मामला है। अजय साह ने कहा कि जीईएम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) के नियमों के अनुसार एक ही व्यक्ति दो अलग-अलग फर्म बनाकर टेंडर में हिस्सा नहीं ले सकता। यह स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन और एक अपराध है। हैरानी की बात यह है कि जो विभाग पूरे राज्य की निगरानी करता है, उसी में यह घोटाला हो रहा है और पकड़ में नहीं आ रहा। अजय ने जोर देकर कहा कि चूंकि गृह विभाग सीधे मुख्यमंत्री के अधीन आता है, इसलिए इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तभी संभव है, जब इसकी जांच सीबीआई या अदालत की निगरानी में कराई जाए।

4224 करोड़ से अधिक के योजनाओं की रांची लोकसभा को मिली सौगात, बोले संजय सेठ

रेलवे के क्षेत्र में रांची लोस का अभूतपूर्व विकास हो रहा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के संसदीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता कर कहा कि भारत की आजादी के अमृत काल में चारों तरफ विकास की बयार बह रही है। 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, उसके अनुरूप हर दिशा में काम हो रहे हैं। विगत 11 वर्षों के शासन में रेलवे ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में नया कीर्तिमान बनाया है। आजादी के बाद से 70 सालों तक उन्हीं पुरानी रेल पटरी पर ट्रेन दौड़ती रही। इसकी वजह रही कि हम कुछ नया नहीं सोच सके। आज मोदी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है और पूरे समान भाव से देशभर में रेलवे का विकास हो रहा है। रांची लोकसभा क्षेत्र में भी रेल विकास के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य हुए हैं। खलारी से लेकर ईचागढ़ तक रांची का लोकसभा क्षेत्र है, जिसमें रांची, हटिया के अलावे मुरी, सिल्ली, चांडिल, राय, मैकलुस्कीगंज, झिमड़ी, गंगाघाट, टाटीसिलवे, नामकुम, पिस्का, बालशृंग जैसे दो दर्जन से अधिक रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इन सभी रेलवे स्टेशनों का समुचित विकास का कार्य चल रहा है। रांची लोकसभा क्षेत्र चार रेल मंडल में बंटा हुआ है। रांची रेल मंडल, चक्रधरपुर रेल मंडल, आद्रा रेल मंडल और धनबाद रेल मंडल। इन चारों ही रेल मंडल में व्यापक स्तर पर कार्य हो रहे हैं। वर्तमान समय में रांची लोकसभा क्षेत्र में 4224 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकास योजनाएं चल रही हैं, जिनमें कई योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। सबसे बड़ी बात कि इन सबकी स्वीकृति विगत 3 वर्षों में मिली है। क्षेत्र में बड़ी समस्या रेलवे अंडरपास, ओवरब्रिज, सबवे जैसे महत्वपूर्ण आवश्यक निर्माण पर होती थी। वर्तमान समय में 732 करोड रुपए की लागत से रांची में ओवरब्रिज, अंडरपास और सबवे जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। 16 पूर्ण हो चुके हैं और 16 पर काम चल रहा है। इसके अलावा नामकुम, टाटीसिलवे और चांडिल में गुड्स शेड के अपग्रेडेशन का भी काम चल रहा है। यह लगभग 54 करोड रुपए की लागत का है। इससे यहां माल वाहक ट्रेनों की आवाजाही बढ़ेगी और रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे। कोडरमा रांची रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। यह 234 करोड रुपए की लागत से हुआ है।

64 अधिकारियों को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रदान की गई है प्रोन्नति

डीजीपी ने नवप्रोन्नत डीएसपी को बैज लगाकर किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

- 23 नवप्रोन्नत डीएसपी को मिला बैज

रांची। झारखंड के डीजीपी एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय के सभागार कक्ष में नवप्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) को बैज लगाकर सम्मानित किया। जिन नवप्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षकों को बैज लगाया गया है, उनमें कुमुद सिन्हा, ज्योत्सना, अजय कुमार, इजाजुल हसन सिद्दकी, सुशील कुमार, अजय कुमार साहू, राजकपूर, लीलेश्वर महतो, नरेंद्र कुमार सिन्हा, राम अनूप महतो, सरोज कुमार सिंह, हरेंद्र कुमार राय, बिनोद उरांव, अखिलेश प्रसाद मंडल, शंभु प्रसाद गुप्ता, सतीश कुमार, नवल किशोर प्रसाद, उज्ज्वल साह, अजय प्रसाद, सुरेश प्रसाद, शारदा रंजन प्रसाद सिंह, राजेश कुमार एवं राजीव कुमार वीर शामिल हैं। ज्ञात हो कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड, रांची की अधिसूचना सं0-12/पी5-1004/2024-2632 दिनांक-25.06.2025 के आलोक में कुल-64 पुलिस निरीक्षक / परिचारी प्रवर एवं समकक्ष कोटि के अधिकारियों को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई है। इस अवसर पर प्रिया दूबे, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय), ए विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), डॉ माइकलराज एस, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), नरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार), सुदर्शन प्रसाद मंडल, पुलिस महानिरीक्षक (अप.अनु.वि.), पटेल मयूर कनैयालाल, पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), सुरेंद्र कुमार झा, पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक), चौथे मनोज रतन, पुलिस उप-महानिरीक्षक (एसआईबी), संध्या रानी मेहता पुलिस उप-महानिरीक्षक (बजट), शैलेंद्र प्रसाद बर्णवाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक (वि.शा.), चंदन कुमार झा, पुलिस उप-महानिरीक्षक (अप. अनु.वि.), झारखंड एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

निदेशक की अनुपस्थिति में टेंडर की हुई प्रक्रिया

- इसकी जांच करेंगे कल्याण सचिव

मनोज मिश्रा

रांची। पूर्वी भारत का एकलौता जनजातीय अनुसंधान संस्थान डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान रांची है। इस संस्थान में समय की धूल पड़ गई है पहले जहां इस संस्थान में शोध हुआ करते थे, पुस्तकों की बुलेटिन प्रकाशित हुआ करती थी, अच्छी लाइब्रेरी, उन्नत कोचिंग क्लास चलाई जा रही थी। आज यह सारी चीजें टीआरआई में देखने को नहीं मिल रही है।

टीआरआई के भवन खंडहर बन चुके हैं छतों से प्लास्टर टूट कर गिरते हैं कई बार कई लोगों को चोटें भी लगी है लेकिन फिर भी विभाग खामोश बैठा रहता है। वही जनजातियों के जीवन पर आधारित चलचित्र निर्माण के टेंडर में भारी घपलेबाजी की महक दूर तक फैली हुई है। कई ऐसे आवेदक है जो टीआरआई में टेंडर भरना नहीं चाहते उनका कहना होता है कि एक ही व्यक्ति को और एक ही संस्था को बार-बार सलेक्ट किया रहा है। जब यह निश्चित है कि अमुक संस्था को ही प्रोजेक्ट मिलेगा तो फिर अपना समय क्यों बर्बाद करें। डॉक्युमेंट्री चलचित्र बनाने का टेंडर अभी 2 महीने पहले हुआ था उससे भी पहले टेंडर कैंसिल किया गया था क्योंकि उसमें पिछली बार टेंडर प्राप्त संस्था को छोड़कर अन्य लोगों ने भाग ही नहीं लिया था। इस टेंडर में चार लोगों ने टेंडर के लिए आवेदन किया था, सूत्रों के अनुसार टेंडर की प्रक्रिया उस समय शुरू हुई थी जब टीआरआई के निदेशक सुधीर वाड़ा रांची से बाहर थे और इसी बीच टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो गई और सभी संस्थाओं को अंक भी दे दिए गए। फिलहाल फाइनल लिस्ट बन कर तैयार है बस इसमें नए निदेशक अजय कुमार सिंह के हस्ताक्षर होने बाकी है।

अभी कार्यभार संभाला है मामले को समझेंगे : निदेशक

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने टीआरआई के निदेशक अजय कुमार सिंह से इस संबंध में सवाल पूछे की जब निदेशक अनुपस्थित थे तो टेंडर समिति कैसे बैठ गई और निदेशक की अनुपस्थिति में ही टेंडर प्रक्रिया कैसे शुरू और पूरी हो गई। निदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा कि हाल फिलहाल में मेरी जॉइनिंग हुई है इस विषय पर जानकारी नहीं है। मामले को समझेंगे टेंडर में किसी प्रकार की गड़बड़ी हुई हो तो शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मामला संज्ञान में है : कृपानंद झा

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा से सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में है और टीआरआई के नए अध्यक्ष अजय कुमार सिंह को टेंडर की जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं।

बदहाल टीआरआई के दिन बहुरेंगे

रांची। पूर्वी भारत का एक एकमात्र जनजाति अनुसंधान संस्थान डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान रांची के भवन खंडहर बनते जा रहे हैं, ऊपर से पलस्तर टूट कर गिर रहे हैं जिसे यथाशीघ्र जीर्णोद्धार की आवश्यकता है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि टीआरआई के सचिव ने भारत सरकार के वित्त विभाग को टीआरआई के नए आधुनिक तकनीकों से संपन्न भवन बनाने की मांग हेतु प्रस्ताव भेजा है।

झूठ व साजिश की राजनीति कर रही भाजपा : विनोद कुमार पांडेय

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झामुमो ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए उसके आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने सोमवार को कहा कि भाजपा के पास न तो मुद्दा बचा है, न ही जनसमर्थन, इसलिए वह बौखलाहट में झूठ, फरेब और अफवाहों की राजनीति कर रही है। पांडेय ने भाजपा की प्रेस वार्ता को 'हास्यास्पद' करार देते हुए कहा, भाजपा का आदिवासी-मूलवासी विरोधी चेहरा झारखंड की जनता के सामने दिख चुका है। सत्ता से बेदखल होने के बाद से भाजपा नेता मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। अब वे हर दिन मनगढ़ंत कहानियां गढ़कर जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा के शासनकाल को याद दिलाते हुए कहा कि जब राज्य में उनकी सरकार थी, तब झारखंड के जल, जंगल और जमीन को कॉरपोरेट के हाथों बेचा गया। विनोद पांडेय ने कहा, भाजपा ने गरीब, किसान और आदिवासी के हितों पर डाका डाला। हेमंत सरकार ने उन घावों पर मरहम लगाने का काम किया है, जो भाजपा की नीतियों ने दिए थे। अब जब झामुमो की सरकार गरीबों और वंचितों के साथ खड़ी है, तो भाजपा की नींद हराम हो गई है। सच्चाई ये है कि भाजपा एक आदिवासी मुख्यमंत्री को पचा नहीं पा रही है।

‘थाला’ के जन्मदिन पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारतीय क्रिकेट टीम को अपने नेतृत्व में दो बार विश्व विजेता बना चुके पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को अपना 44वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने ‘थाला’ को बधाई दी है। एमके स्टालिन ने ‘एक्स’ पर लिखा, “महेंद्र सिंह धोनी को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई! वह एक ऐसे असाधारण व्यक्ति हैं जिन्होंने दबाव को भी कला में बदल दिया। आपने यह साबित किया कि महानता जन्म से नहीं मिलती, बल्कि एक-एक करके लिए गए फैसलों, बनाए गए रनों और शांत विजयों से बनाई जाती है। महेंद्र सिंह धोनी ने साल 2007 से 2018 तक भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में बतौर कप्तान 332 मैच खेले हैं,

जिसमें टीम इंडिया ने 178 जीते। धोनी बतौर कप्तान किसी एक देश के लिए सर्वाधिक मैच खेलने वाले क्रिकेटर भी हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने साल 2004 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने टेस्ट करियर में 90 मैच खेले, जिसमें 4,876 रन जड़े। इस दौरान उनके बल्ले से छह शतक और 33 अर्धशतक निकले। माही का इस फॉर्मेट में सर्वश्रेष्ठ 224 रन रहा है। वनडे फॉर्मेट को देखें, तो माही ने इसमें कुल 350 मैच खेले, जिसमें 50.57 की औसत के साथ 10,773 रन जड़े। इस फॉर्मेट में माही ने नाबाद 183 रन की पारी भी खेली। साल 2007 में भारत को टी20 विश्व कप का खिताब जिताने वाले धोनी इस फॉर्मेट में 98 मैच खेले, जिसमें दो अर्धशतक के साथ 1,617 रन जुटाए। 15 अगस्त 2020 को धोनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

2007 टी-20 वर्ल्ड कप

2011 वनडे वर्ल्ड कप

2013 चैंपियंस ट्रॉफी

महेंद्र सिंह धोनी के घर के बाहर पहुंचे फैंस, केक काटकर मनाया जन्मदिन

रांची (आईएएनएस)

महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को अपना 44वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर अपने इस हीरो को बधाई देने फैंस रांची स्थित माही के घर के बाहर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने केक काटकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान का जन्मदिन मनाया। सानिया सिंह एक युवा क्रिकेटर हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, “मैं क्रिकेट एकेडमी में खेलती हूं। मेरे कोच धोनी सर के बड़े फैन हैं। मैं भी उनकी बड़ी फैन हूं। सभी प्रोफेशनल क्रिकेटर्स के लिए धोनी प्रेरणा हैं। मैं चाहती हूं कि उनके जैसी ही खिलाड़ी बनूं। धोनी के एक अन्य फैन ऋषभ राज

ने कहा, “हम धोनी का जन्मदिन मनाने के लिए उनके घर के बाहर खड़े हैं। यहां बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक मौजूद हैं। हम चाहते हैं कि माही ऐसे ही फिट बने रहें और पूरे देश को प्रेरित करते रहें। धोनी के जन्मदिन पर सुबोध नामक एक फैन ने कहा, “हमने यहां केक कटिंग की और लोगों के बीच इसे बांटा। हमने यहां धोनी के कटआउट के साथ तस्वीरें खिंचवाई हैं। धोनी के जन्मदिन को सेलिब्रेट करने यहां हर वर्ग से लोग मौजूद थे।

एक नन्हे फैन ने कहा, “एमएस धोनी के जन्मदिन पर हम एकेडमी से आए हैं। हमने एक रैली भी निकाली है। इस दौरान मीरा सिन्हा भी धोनी के रांची स्थित घर के बाहर मौजूद थीं। उनका बेटा माही का बड़ा फैन है। मीरा खुद भी धोनी को आदर्श मानती हैं। उन्होंने कहा, “मेरा बेटा धोनी का फैन है। वह उनसे बहुत कुछ सीखता है। मैं जन्मदिन पर उन्हें बधाई देना चाहती हूं। उनसे प्रेरणा पाकर हमारे बच्चों को सही दिशा मिली है। हम उनसे एक बार मिलना चाहते हैं।

ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका देना डीडीसीए का उद्देश्य : रोहन जेटली

नई दिल्ली (आईएएनएस)। दिल्ली प्रीमियर लीग-2025 के लिए सोमवार को महिला खिलाड़ियों की नीलामी हुई।

इस मौके पर दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा है कि संघ का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका देना है। रोहन जेटली ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, “डीपीएल को लेकर हमें शानदार रिस्पॉन्स मिला है। हमने पुरुष लीग में दो टीमें जोड़ी हैं। विमेंस टीम में पूल को बढ़ाया गया है, ताकि ज्यादा खिलाड़ियों को ऑक्शन में मौका मिल सके। उन्होंने आगे कहा, “पहले हम सालभर में करीब 1,000 मैच करवाते थे, लेकिन अब इसकी संख्या 1,800 हो चुकी है। हमारे पास अंडर-16, अंडर-19, ओपन लीग, प्रोफेशनल टी20 लीग, डीपीएल जैसे आयोजन हैं। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी क्लब लेवल क्रिकेट की शुरुआत की गई है। हम खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मौके देना चाहते हैं। इस मौके पर डीडीसीए के डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा ने कहा, “जब रोहन जेटली डीडीसीए के अध्यक्ष बने, तो वह एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करना चाहते थे, जहां दिल्ली के बच्चों का टैलेंट लोगों को दिखे।

अब महाराष्ट्र क्रिकेट टीम के लिए खेलेंगे पृथ्वी शॉ, हो गया आधिकारिक ऐलान

पुणे (आईएएनएस)। क्रिकेटर पृथ्वी शॉ लंबे वक्त से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल सके हैं। अब उन्होंने घरेलू स्तर पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को अलविदा कहते हुए आगामी सत्र से महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के लिए खेलने का फैसला किया है। अपने फैसले के बारे में पृथ्वी शॉ ने कहा, “करियर के इस मोड़ पर, मैंने एक क्रिकेटर के रूप में अपनी ग्रोथ और डेवलपमेंट के लिए महाराष्ट्र टीम की ओर से खेलने का फैसला किया है। मैं एक बार फिर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से अब तक मिले अवसरों और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, “महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन पिछले कुछ वर्षों से पूरे राज्य में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की खास कोशिशें कर रहा है। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग, महिला एमपीएल, कॉर्पोरेट शील्ड, डीबी देवधर ट्रॉफी जैसे इवेंट्स इसके प्रमाण हैं। इसलिए, मेरा मानना है कि इस तरह के माहौल में खेलना मेरे करियर को एक नया मोड़ देगा। उन्होंने आगे कहा, “मैं एक क्रिकेटर के रूप में आगे बढ़ पाऊंगा। इस बात की भी खुशी है कि मुझे ऋतुराज गायकवाड, अंकित बावने, राहुल त्रिपाठी, रजनीश गुरबानी और मुकेश चौधरी जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ महाराष्ट्र टीम के लिए खेलने का मौका मिलेगा।

ऐतिहासिक जीत पर कप्तान गिल को गर्व, कहा-

पहला टेस्ट हारकर भी हम नहीं घबराए

नई दिल्ली (आईएएनएस)

शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने एजबेस्टन में पहली बार टेस्ट मैच जीत लिया है, जिसके साथ पांच मुकाबलों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गई है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद गिल ने बताया कि पहला टेस्ट गंवाने के बाद टीम में कोई घबराहट नहीं थी। गिल ने ‘जियो-हॉटस्टार’ पर कहा, “मुझे बहुत खुशी है कि हमने मैच जीता। आप चाहें जितने भी रन बना लें, अगर टीम नहीं जीतती, तो ऐसा नहीं लगता कि आपने कुछ हासिल किया है। टेस्ट कप्तान के तौर पर यह मेरी पहली जीत है। हमने यह कारनामा ऐसे मैदान पर किया, जहां भारत ने पहले कभी टेस्ट नहीं जीता था। यही बात इसे और भी खास बनाती है। चाहे जीत मिले या हार, प्रेरणा हमेशा बनी रहती है। पहला टेस्ट हारने के बाद, हम घबराए नहीं थे। पता था कि अगर हम लगातार 400-450 रन बनाते हैं, तो गेंदबाज हमें मैच में वापस लाएंगे।

गिल ने आगे कहा, “बड़े सवाल यह थे कि क्या हम 20 विकेट ले सकते हैं? क्या हम विशाल स्कोर कर सकते हैं? लेकिन पता था कि हम पिछले मैच को जीतने के बेहद करीब थे। अगर हमने आधे मौके बचाए होते, तो वहां नतीजा अलग हो सकता था। मुझे खासतौर पर अपने तेज गेंदबाजों पर गर्व है। जब आपके तेज गेंदबाज 16-17 विकेट लेते हैं, तो कप्तान के लिए काम बहुत आसान हो जाता है। शुभमन गिल इस बात से खुश थे कि उनकी टीम ने दोनों पारियों में विशाल स्कोर बनाया और जसप्रीत बुमराह की गैर-मौजूदगी के बावजूद गेंदबाजों ने अपना काम बखूबी किया। उन्होंने कहा, “बुमराह ने यह मैच नहीं खेला, लेकिन भारत के पास डेप्थ है। हमारे गेंदबाजों ने दिखाया कि वह देश के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से हैं। वह किसी भी परिस्थिति में 20 विकेट ले सकते हैं। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 336 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इस सीरीज में अब तक गिल का प्रदर्शन शानदार रहा है।

इंग्लैंड की ‘बैजबॉल’ शैली से दुखी माइकल, टीम को दे डाली नसीहत

बर्मिंघम। इंग्लैंड को एजबेस्टन में भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट 336 रन से गंवाना पड़ा, जिससे पूर्व कप्तान माइकल वॉन दुखी हैं। उनका मानना है कि हेडिंग्ले में ‘बैजबॉल विद ब्रेन’ के बाद मेजबान टीम फिर से अपने पुराने ढर्रे पर आ गई है। माइकल वॉन ने सोमवार को ‘द टेलीग्राफ’ में अपने कॉलम में लिखा, “ईमानदारी से कहें, तो इस हफ्ते इंग्लैंड की टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा है। तीसरे दिन चार घंटे के खेल को छोड़कर, जिसमें हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ ने शानदार बल्लेबाजी की, भारत ने इंग्लैंड पर पूरी तरह से दबदबा बनाया। यह ऐसा प्रदर्शन था, जिसने मुझे बहुत चिंतित किया। उन्होंने आगे कहा, “मुझे डर है कि इंग्लैंड ने पहले मैच को टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके के पूर्ण प्रमाण के रूप में इस्तेमाल किया।

- **माइकल वॉन ने ‘द टेलीग्राफ’ में इंग्लैंड की हार को करारी बताया**

शुभमन गिल कप्तान की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं : मदन लाल

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने टेस्ट कप्तान होने के दबाव को संभालने के लिए शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे गिल ने टीम को जीत दिलाई और साथ ही अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन का भी ख्याल रखा। मदन लाल ने आईएएनएस से कहा, “भारत ने दोनों टेस्ट मैचों में दबदबा बनाया। टीम इंडिया पिछले मैच में खासकर खराब फील्डिंग के कारण हारी थी, इसके अलावा उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। गेंदबाजी विभाग ने शानदार प्रदर्शन किया। हमारी गेंदबाजी इंग्लैंड की तुलना में कहीं बेहतर थी। पिछले मैच में हमने थोड़ी शॉर्ट बॉलिंग की, जिससे इंग्लैंड को लक्ष्य हासिल करने का मौका मिला। मदन लाल ने युवा कप्तान की तारीफ करते हुए कहा, “शुभमन गिल की चर्चा हर जगह हो रही है। वह आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। यह लड़का कमाल का है।

- **पिछले मैच में भारत खराब फील्डिंग के कारण हारा**

जमशेदपुर में ‘डूरंड कप ट्रॉफी’ का अनावरण, राज्यपाल ने बताया झारखंड के लिए गर्व का क्षण

जमशेदपुर (आईएएनएस)

134वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत 23 जुलाई से हो रही है, जिसकी ट्रॉफी का अनावरण सोमवार को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में किया गया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने डूरंड कप जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन को झारखंड के लिए गर्व का क्षण बताया है। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में 24 टीम भाग ले रही हैं। जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में छह मुकाबले खेले जाने हैं। सोमवार को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में ट्रॉफी टूर कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल संतोष गंगवार और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में फुटबॉल फैंस उपस्थित थे। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा, “इस मौके पर न सिर्फ जमशेदपुर, बल्कि पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

एशिया के सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल डूरंड कप की चमचमाती ट्रॉफी का अनावरण इस बात का प्रतीक है कि झारखंड की खेल संस्कृति निरंतर नई ऊचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा, “डूरंड कप केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि भारत की खेल विरासत का गौरवशाली प्रतीक है। वर्ष 1888 में इसकी शुरुआत हुई थी। आज भी भारतीय सेना और भारतीय फुटबॉल महासंघ के संयुक्त प्रयासों से उतनी ही गरिमा के साथ इसे आयोजित किया जा रहा है।

संजोग गुप्ता ‘आईसीसी’ के नए सीईओ नियुक्त

दुबई (आईएएनएस)

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने संजोग गुप्ता को अपना सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की है। आईसीसी के सातवें सीईओ बनने जा रहे संजोग सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे। ‘आईसीसी’ ने नए सीईओ का ऐलान करते हुए कहा,

“आईसीसी संजोग गुप्ता का स्वागत करता है। वह क्रिकेट की वैश्विक यात्रा को एक परिवर्तनकारी भविष्य की ओर लेकर जाने की तैयारी कर रहे हैं। आईसीसी ने मार्च में वैश्विक भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। इस पद के लिए 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन आए थे। उम्मीदवारों में स्पोर्ट्स गवर्निंग बॉडी से जुड़े लीडर्स से लेकर विभिन्न क्षेत्रों के सीनियर कॉर्पोरेट एग्जीक्यूटिव शामिल थे। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा, “मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

जेन स्ट्रीट मामले के बाद बोले सेबी चीफ

नए नियमों की नहीं, अधिक प्रवर्तन और निगरानी की आवश्यकता

मुंबई (आईएएनएस)

सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने सोमवार को कहा कि हमें नए नियमों की नहीं, बल्कि अधिक प्रवर्तन और निगरानी की आवश्यकता है। पांडे की ओर से यह बयान ऐसे समय पर दिया गया है, जब जेन स्ट्रीट मामला सामने आने के बाद नए नियमों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। मीडिया से बातचीत करते हुए जेन स्ट्रीट मामले पर बोलते हुए सेबी चीफ ने कहा,”बाजार नियामक के पास सभी प्रकार की धोखाधड़ी और हेराफेरी के खिलाफ कार्रवाई करने की ताकत है और हमारा अंतरिम आदेश इसकी गवाही दे रहा है। “

उन्होंने आगे कहा कि जेन स्ट्रीट के लिए जारी किए गए आदेश में काफी विश्लेषणात्मक कार्य किया गया था, हालांकि धोखाधड़ी वाली गतिविधियां कई तरीकों से की जाती हैं। पांडे ने कहा, “हेरफेर करने वाले व्यवहारों को अलग-अलग खिलाड़ियों द्वारा अलग-अलग तरीकों से समझा जा सकता है। ऐसा कोई एक खास तरीका नहीं है जिससे आपको आकलन करना पड़े... हमारे पीएफयूटीपी विनियमों

पांडे ने कहा, “हेरफेर करने वाले व्यवहारों को अलग-अलग खिलाड़ियों द्वारा अलग-अलग तरीकों से समझा जा सकता है। ऐसा कोई एक खास तरीका नहीं है जिससे आपको आकलन करना पड़े...

में बहुत स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि बाजार में हेरफेर करने वाले और धोखाधड़ी वाले व्यवहारों की अनुमति नहीं है और विनियमों के अंतर्गत सेबी के पास जांच करने और कार्रवाई करने की सभी शक्तियां हैं। सेबी चेयरमैन ने आगे कहा कि नियामक और एक्सचेंज इस मामले को निगरानी मुद्दे के रूप में देख रहे हैं।

सेबी ने जेन स्ट्रीट पर आरोप लगाया गया है कि उसने नियमों के खिलाफ जाकर गलत रणनीतियों के इस्तेमाल से इंडेक्स ऑप्शंस में 43,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का मुनाफा कमाया है। सेबी के अनुसार, जेन स्ट्रीट और इसकी संबंधित संस्थाओं ने बैंक निफ्टी सूचकांक को आर्टिफिशियल तरीके से बढ़ाने और घटाने के लिए एक इंट्रा-डे ट्रेडिंग रणनीति तैयार की। बाजार नियामक ने पाया कि 1 जनवरी, 2023 और 31 मार्च, 2025 के बीच, जेन स्ट्रीट और उसकी संस्थाओं ने 43,289 करोड़ रुपए का चौंका देने वाला मुनाफा कमाया, जो मुख्य रूप से बैंक निफ्टी ऑप्शन से था।

एआई व आईओटी भारत को खाद्य प्रसंस्करण में ग्लोबल लीडर बनाएंगे

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र टेक्नोलॉजी और डिजिटल इनोवेशन द्वारा संचालित एक सस्टेनेबल फ्यूचर के लिए तैयार हो रहा है, यह देश को इस क्षेत्र में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित होने में मदद करेगा।

यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। एसोचैम द्वारा आयोजित फूड टेक कॉन्फ्रेंस में जारी एसोचैम-पीडब्ल्यूसी की संयुक्त रिपोर्ट में बताया गया कि उद्योग 4.0 से जुड़ी टेक्नोलॉजी (एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), ब्लॉकचेन, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन) से खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण और परिवहन के तरीके में परिवर्तन ला रहा हैं। इन इनोवेशनों से परिचालन दक्षता, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता नियंत्रण और आपूर्ति श्रृंखला पारदर्शिता में सुधार हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक खाद्य रोबोटिक्स बाजार के 2032 तक 6.08 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत के पास इन टेक्नोलॉजी का उपयोग करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, खासकर जब यह फसल के काटने के समय होने वाले नुकसान जैसी गंभीर चुनौतियों का समाधान करता है, जिससे देश को सालाना अनुमानित 1.53 ट्रिलियन रुपए का नुकसान होता है। एसोचैम के महासचिव मनीष सिंघल ने कहा, “विकसित और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत की यात्रा, इसके खाद्य प्रसंस्करण पारिस्थितिकी तंत्र के परिवर्तन से काफी हद तक प्रभावित हो रही है।

फिनटेक को एआई का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी पर लगाना चाहिए अंकुश : डीएफएस सचिव

नई दिल्ली (आईएएनएस)

एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने सोमवार को कहा कि फिनटेक कंपनियों को आम लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने के साथ-साथ एआई जैसी उभरती टेक्नोलॉजी का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर धोखाधड़ी, हैकिंग और दूसरे साइबर खतरों के खिलाफ मजबूत समाधान विकसित कर अपनी ताकत और इनोवेशन का लाभ उठाना चाहिए। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव नागराजू मदिराला ने कहा कि देश के डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम के तेजी से परिपक्व होने के साथ, इसका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर ग्लोबल साउथ तक पहुंचने लगा है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित तीसरे

‘वित्तीय समावेशन और फिनटेक सम्मेलन’ के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने वित्तीय समावेशन और उपभोक्ता संरक्षण को आगे बढ़ाने में फिनटेक की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

नागराजू ने वित्तीय समावेशन और ऋण पहुंच के लोकतंत्रीकरण के लिए सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने फिनटेक इनोवेशन के लिए एक सहायक इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में सरकार के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला, जो एक मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और परिवर्तनकारी कल्याण योजनाओं पर आधारित है।

इनमें जन धन योजना और जन सुरक्षा योजनाएं उल्लेखनीय हैं, जिनमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और अटल पेंशन योजना शामिल हैं, जिन्होंने औपचारिक वित्तीय सेवाओं की पहुंच का काफी विस्तार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इन वित्तीय सेवाओं और ऋणों का एक बड़ा हिस्सा महिलाओं द्वारा प्राप्त किया गया है, जिससे महिला सशक्तीकरण और समावेशी आर्थिक विकास में योगदान मिला है।

भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद एफएमसीजी शेयरों में हुई खरीदारी

मुंबई (आईएएनएस)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 9.61 अंक की मामूली बढ़त के साथ 83,442.50 और निफ्टी 0.30 अंक की तेजी के साथ 25,461.30 पर बंद हुआ। दिन के दौरान बाजार में सपाट कारोबार हुआ, लेकिन एफएमसीजी शेयरों में जोरदार तेजी देखने को मिली। इस कारण निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स 1.68 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा, कंजम्पशन, इन्फ्रा और रियल्टी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल और मीडिया दबाव के साथ बंद हुए। लार्जकैप के विपरीत मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 162 अंक या 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,515.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 82.90 अंक या 0.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,950.15 पर था।

यूएई की गोल्डन वीजा प्रोग्राम के जरिए विदेशियों को आकर्षित करने की कोशिश

नई दिल्ली (आईएएनएस)। मध्य पूर्व के देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने नया नामांकन आधारित गोल्डन वीजा प्रोग्राम शुरू किया है। इसमें विदेशी नागरिक (भारतीयों सहित) एक निश्चित फीस चुकाकर जीवन भर यूएई में रह सकते हैं। इस नए गोल्डन वीजा प्रोग्राम के आने से विदेशी नागरिकों के लिए यूएई में बसना पहले के मुकाबले काफी आसान हो जाएगा। इससे पहले 10 साल के रिन्यूएबल रेजीडेंसी वीजा के लिए यूएई में 2 मिलियन एईडी (करीब 4.7 करोड़ रुपए) का स्थानीय रियल एस्टेट में निवेश करना होता है। फिलहाल गोल्डन वीजा प्रोग्राम को लेकर यूएई की सरकार ने कोई आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। रिपोर्ट्स में बताया गया कि इस गोल्डन वीजा की फीस करीब 1,00,000 एईडी (संयुक्त अरब अमीरात दिरहम) या भारतीय रुपयों में 23.3 लाख रुपए निर्धारित की गई है। इसे हासिल करने के लिए पहले की तरह स्थानीय प्रॉपर्टी में भी कोई निवेश नहीं करना होगा।